आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 15°C |

इनसाइड न्यूज

**बिजली निजीकरण:** निजी क्षेत्र को दी जाएंगी छह जल विद्युत...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



मंगलवार 24 फरवरी, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 134 | www.janexpresslive.com/epaper


पीएम ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं... 12

# ब्रह्मोस ने अच्छे-अच्छे को कंपा दिया

## सिंगापुर में योगी बोले: यूपी में लड़कियां अब बिना डरे नाइट शिफ्ट करती हैं, 20 हजार को जॉब मिलेगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सिंगापुर में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, यूपी में डिफेंस कॉरिडोर बना है। ऑपरेशन सिंदूर में जो ब्रह्मोस मिसाइल दागी गई थी, वह लखनऊ की थी। कितना सटीक निशाना था, न। अच्छे-अच्छे को कंपा दिया था। इस पर लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। सीएम ने कहा, अगर आप 5 साल पहले अयोध्या आए होंगे, तो अब पहचान नहीं पाएंगे। लगेगा तेत्रायुग की अयोध्या आ गई है। भगवान राम के समय की। इस पर प्रवासी भारतीयों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। सीएम ने कहा, 75 हजार एकड़ का लैंड बैक यूपी के पास है। हमने कलस्टर तैयार किए हैं। वहां बिजली की निर्बाध सप्लाई है। सुरक्षा का माहौल है। किसी तरह का अब कोई डर नहीं। हां, 9 साल पहले बेटियां डरती थीं। अब तो लड़कियां नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। योगी ने कहा, नया भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत दिखा रहा है। दिल्ली में एआई समिट को देखा होगा। 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शामिल हुए थे। 100 से ज्यादा देशों के लोग इसमें आए थे। विकसित देशों के राष्ट्राध्यक्ष ने पीएम मोदी के नए भारत के द्वारा 140 करोड़ लिए अहम कदम उठाए हैं। सबने इसकी प्रशंसा की है।



### पहले ही दिन बड़ी सफलता मिली

सीएम योगी 4 दिवसीय सिंगापुर-जापान के दौरे पर हैं। आज सोमवार को सीएम ने सिंगापुर में कारोबारियों के साथ बैठक की। यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित किया। यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ 6,650 करोड़ रुपए के निवेश के लिए तीन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे अहम क्षेत्रों में किया जाएगा। इनसे 20 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने निवेशकों को बताया- हम निवेशकों को आसान और तेज मंजूरी दे रहे हैं। यूपी की 25 करोड़ से ज्यादा की बड़ी आबादी एक बड़ा बाजार है। कानून-व्यवस्था बेहतर है, एक्सप्रेसवे और कनेक्टिविटी मजबूत हो रही, जिससे लंबे समय के निवेशकों को फायदा मिलेगा। सीएम के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और उद्योग मंत्री नंद गोपाल नंदी नजर आए। नंदी और वित्त मंत्री कोट-पैंट पहने हुए थे, जबकि सीएम पारंपरिक परिधान यानी भगवा कपड़ों में नजर आए। सीएम 3 दिन में 25 कंपनियों के सीईओ से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 25 फरवरी को जापान पहुंचेंगे।

### यूपी में न कफर्यू न दंगा, सब चंगा है

योगी ने कहा, दुनिया के 11 देशों में 65 ऐसे कैंपस हैं। वहां के एजुकेशन सिस्टम को तो अपनाया ही गया है। सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रम को भी पढ़ाने का काम करता है। यूपी में अब आधुनिक इंफ्रास्टक्चर के साथ ही आधुनिक तकनीक के हब के रूप में स्थापित की है। 55 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे यूपी के पास हैं। रेल ट्रासंपोर्ट सबसे ज्यादा है। एयरपोर्ट भी सबसे ज्यादा हमारे पास हैं। अगले महीने जेवर एयरपोर्ट भी शुरू हो रहा है। यह भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। यह न केवल यात्री बल्कि कार्गो के लिए भी है। भारत के 55 प्रतिशत मोबाइल यूपी में बन रहा है। अब दंगों वाला यूपी नहीं है। यूपी में न कफर्यू न दंगा, सब चंगा है। यूपी में हर शख्स शांतिपूर्ण तरीके से विकास में सहभागी बन रहा है। महाकुंभ की सफलता के बाद आपने देखा होगा कि पिछले साल 156 करोड़ पर्यटक आए हैं। प्रयागराज, काशी, मथुरा, अयोधय। दुनिया में 156 करोड़ की आबादी किसी देश की नहीं है। यूपी में इतने पर्यटक आ गए हैं।

### इंडिया ग्लोबल स्कूल लखनऊ में खुलेगा

योगी ने कहा, कोई हम पर अंगुली न उठाए। हमें शक की निगाहों के साथ न देखें। आज पश्चिमी कल्चर को अपनाने की होड़ लगी है। ऐसे हालात में यहां इतनी दूर भारत से सिंगापुर में भारतीय समुदाय अपने मूल्यों के साथ जीवंत बनाए हुए मजबूती से आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। इंडिया ग्लोबल स्कूल की चेन आगे बढ़ रही है। अब अतुल जी लखनऊ में भी अपना इंवेस्ट करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, स्कूल ही नहीं खोलेंगे, स्किलिंग को भी लेकर आएंगे। याद करिए, दुनिया जब कोविड में तरसती थी, तब मोदी जी भारत को लीड कर रहे थे। उस वक्त एक नई शिक्षा की पॉलिसी लागू की थी। भारत परंपरागत पढ़ाई के साथ ही स्किलिंग करेगा।

### हर तरफ सुरक्षित माहौल

सीएम योगी ने कहा, 75 हजार एकड़ का लैंड बैक यूपी के पास है। हमने कलस्टर तैयार किए हैं। वहां बिजली की निर्बाध सप्लाई है। सुरक्षा का माहौल है। किसी तरह का अब कोई डर नहीं। हां, 9 साल पहले बेटियां डरती थीं। अब तो लड़कियां नाइट शिफ्ट में काम कर रही है। ऑफिस और उद्योग में भी। आज सुबह ही 6 बजे हम पहुंचे हैं। 8.30 बजे हाई कमिश्नर ने मीटिंग लगवा ली। हमारे साथ के लोगों की आंखें खुली नहीं थी। सुबह से दौड़ाए जा रहे हैं। फलां जगह यह करना है। फलां जगह मीटिंग करनी है। मैं आपको यूपी में आंमत्रित करता हूं। यूपी में आपका अभिनंदन है। आपके उत्साह के लिए हृदय अभिनंदन। सीएम योगी ने पार्वती पतये हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ अपना संबोधन समाप्त किया। लोगों ने जय-जय श्री राम के नारे लगाए।

### प्रवासी भारतीयों ने जय श्रीराम के नारे लगाए

सीएम योगी ने कहा, अगर आप 5 साल पहले अयोध्या आए होंगे तो अब आएंगे तो पहचान नहीं पाएंगे। लगेगा तेत्रायुग की अयोध्या आ गई है। भगवान राम के समय की। सीएम योगी की इन बातों पर प्रवासी भारतीयों ने जयश्रीराम के नारे लगाए। योगी ने कहा, काशी में महादेव की अनुभूति का अहसास करा देगा। काशी उस रूप में आपको देखने को मिलेगी। मथुरा-वृंदावन, जैन तीर्थ स्थल, सूफी परपंरा से जुड़े स्थल को ये यूपी की पहचान को आगे बढ़ा रहे हैं। हम फिल्म सिटी भी बना रहे हैं। फार्मा पार्क बना रहे हैं। सेमी कंडक्टकर की यूनिट स्थापित हो रही है। कल आपने देखा होगा भारत की पहली रैपिड रेल मेट्रो, 7वीं सिटी के अंदर चलना शुरू हो गई है। यूपी के अंदर डिफेंस कॉरिडोर भी बना। ऑपरेशन सिंदूर में जो ब्रह्मोस मिसाइल दागी गई थी, वह लखनऊ की थी। कितना सटीक निशाना था। अच्छे-अच्छे को कंपा दिया था।

### महाकुंभ में 60 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई

सीएम योगी ने कहा, भारत की सबसे बड़ी आबादी यूपी में है। यूपी आज से 9 साल पहले क्या था? अव्यवस्था थी। दंगा, असुरक्षा थी, अवस्था, अराजकता थी। यह यूपी की पहचान बन गई थी। 9 साल के अंदर मोदी के विजन के चलते यूपी में आज विरासत और विकास का संगम देखने को मिलता है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण की बात करते हैं तो यह सिर्फ राम मंदिर नहीं, बल्कि भारत की मर्यादा का आभास भी करवाता है। जब काशी विश्वनाथ की बात करते हैं तो यह शाश्वत चेतना का जीवंत उदाहरण पेश करता है। जब हम मथुरा-वृंदावन की बात करते हैं तो सिर्फ कृष्ण की लीला नहीं, भक्ति का प्रतीक बनता है। समरसता कैसे होती है, जो लोग भारत को बंटने का आरोप लगाते हैं उनको प्रयागराज का महाकुंभ देखना चाहिए। 60 करोड़ डुबकी लगाते हैं। वहां न कोई छोटा न बड़ा होता है।

### एआई समिट में 100 से ज्यादा देशों के लोग आए

योगी ने कहा, भारत ने हर क्षेत्र में एक नई ऊंचाईयां प्राप्त की हैं। आज से 11 साल पहले कोई सोच सकता था कि भारत डिजिटल इंडिया की बात करेगा। स्टार्टअप के बारे में बात करेगा। यह आज भारत के अंदर है। बल्कि भारत ने करके दिखाया है। दिल्ली में एआई समिट को देखा होगा। 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शामिल हुए थे। 100 से ज्यादा देशों के लोग इसमें आए थे। विकसित देशों के राष्ट्राध्यक्ष ने पीएम मोदी के नए भारत के द्वारा 140 करोड़ लिए अहम कदम उठाए हैं। सबने इसकी प्रशंसा की है।

### नया भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थवस्था बन रहा

सीएम योगी सिंगापुर में प्रवासी भारतीयों को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पीएम कहते हैं- सबका साथ-सबका विकास। विकास तब होता है, जब सामूहिक होता है। हर एक व्यक्ति का कुछ न कुछ योगदान होता है। हम सबको इस बात पर गौरव की अनुभूति है कि नया भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत दिखा रहा है। नया भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थवस्था के तौर पर स्थापित हो रहा है।

### यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप जो एमओयू हुए

पहला एमओयू: ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर हुआ है। इसके तहत जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 100 एकड़ जमीन पर अंतरराष्ट्रीय थीम वाली टाउनशिप बनाई जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपए का निवेश होगा और 12 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसे 2027 में शुरू करने की योजना है।

- **दूसरा एमओयू:** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर लॉजिस्टिक्स पार्क को लेकर हुआ है। 50 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में 650 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इससे 7,500 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट भी 2027 में शुरू होगा।
- **तीसरा एमओयू:** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क के लिए हुआ। 10 एकड़ में बनने वाले इस प्रोजेक्ट में 2,500 करोड़ रुपए का निवेश होगा और 1,500 लोगों को रोजगार मिलेगा। इस परियोजना को 2028 में शुरू करने की योजना है।

### हम एक छत के नीचे पर्व मानते हैं, कोई भेदभाव नहीं

सीएम ने कहा, आज हम लोगों ने यूपी के अंदर पर कैपिटा इनकम को 3 गुना पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है। यूपी को बीमारू राज्य कहते थे, यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश को भी बिमारू कहा जाता था। एक बड़ी आबादी को मानसिक रूप से बीमार बनाने की चेष्टा की गई। 80 के दशक में यह शब्द निकला था। उदाहरण देकर समझाया- साइंटिस्ट जगदीश बसु ने कहा था- मनुष्य में भेद नहीं होना चाहिए। मनुष्य तो दूर जड़ और चेतन के बीच भी अगर भेद होता है तो यह गलत है। उन्होंने इसका उदाहरण दिया। दो पौधे लगाए। एक को पुचकारते थे। कहते थे कि तेरी पीढ़ियां बढ़ेंगी। पहले वाले की तरह ही दूसरे को कोसते थे, तू निकम्मा है। तू कुछ नहीं कर पाएगा। उसे कोसते थे। एक समय के बाद जिसे पुचकारते थे, वह बढ़ गया। जिसे कोसते थे, वह बड़ा तो हुआ लेकिन बाद में ठूंठ बन गया। जब पेड़ के साथ ऐसा हो सकता है तो मनुष्य के साथ भेदभाव होता है तो उसकी स्थिति भी ऐसी ही होगी। भारत कभी इन बातों को प्रोत्साहित नहीं करता है। हमारे पर्व इस बात के उदाहरण हैं। हम एक छत के नीचे पर्व मानते हैं।

## राष्ट्रपति भवन में लुटियंस की जगह लगाई गई राजाजी की प्रतिमा


# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया अनावरण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन में सोमवार को पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत को दर्शाने वाले 'राजाजी उत्सव' का आरंभ हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस खास मौके पर उन्होंने सी. राजगोपालाचारी की मूर्ति का अनावरण किया। राजगोपालाचारी भारत के पहले और एकमात्र भारतीय गवर्नर-जनरल थे।

### लुटियंस के मूर्ति की जगह लगाई गई प्रतिमा

राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, यह मूर्ति अशोक मंडप के पास बनी बड़ी सीढ़ियों पर लगाई गई है। यह मूर्ति वहां पहले से लगी एडविन लुटियंस की मूर्ति की जगह ली है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह बदलाव गुलामी की सोच को पीछे छोड़ने की एक कोशिश है। यह भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं को गर्व के साथ अपनाने का तरीका है।



### राष्ट्रपति ने क्या कहा?

राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि यह कदम देश के इतिहास को बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय नेताओं को पहचान देने की राष्ट्रीय कोशिश का प्रतीक है। सी. राजगोपालाचारी को लोग 'राजाजी' के नाम से जानते हैं। वे एक मशहूर स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता और विद्वान थे। उन्होंने 1948 से 1950 तक भारत के आखिरी गवर्नर-जनरल के रूप में काम किया था।

### कार्यक्रम में कई नेता मंत्री रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन और राजाजी के परिवार के सदस्य भी वहां उपस्थित थे।

साथ ही, यह उन महान लोगों को सम्मान देने का प्रयास है जिन्होंने अपने असाधारण योगदान से भारत माता की सेवा की। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि वे आज 'राजाजी उत्सव' में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लुटियंस की जगह राजाजी की मूर्ति लगाना गुलामी की निशानियों से दूर जाने की हमारी यात्रा का एक अहम पड़ाव है। यह कार्यक्रम दिखाता है कि सरकार राष्ट्रीय नायकों को सम्मान देने और देश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने पर लगातार जोर दे रही है।

### पीएम मोदी ने बताया गौरव का क्षण

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति द्वारा राजाजी के नाम से प्रसिद्ध चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण भारत की जनता के लिए गौरव का क्षण है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह अवसर और 'राजाजी उत्सव' का आयोजन भारत के महत्वपूर्ण राष्ट्रनिर्माताओं में से एक की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने आगे कहा कि 'राजाजी उत्सव' के अंतर्गत आयोजित होने वाले समारोह, जिनमें पुस्तक और पैनल प्रदर्शनी, फिल्म प्रदर्शन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हैं, एक महान नेता को श्रद्धांजलि हैं।

## 'एआई समिट में भारत की क्षमता की दुनिया में तारीफ हुई', पीएम मोदी ने कहा, पूरी मानवता को फायदा होगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हाल ही में संपन्न एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में भारत की क्षमता की पूरी दुनिया ने दिल खोलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि तकनीक के क्षेत्र में भारत के युवा प्रतिभाओं की सोच मानवता के लिए फायदेमंद साबित होगी। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन 'एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणा' को अपनाने के साथ हुआ। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली में आयोजित ऐतिहासिक एआई समिट में पूरी दुनिया ने भारत की क्षमता की दिल खोलकर सराहना की। यह दर्शाता है कि तकनीक के क्षेत्र में हमारे युवा टैलेंट की सोच पूरी मानवता के लिए बहुत लाभकारी साबित होने वाली है।' एआई समिट के 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' को 89 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है, जो आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई के उपयोग पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। इनके अलावा श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिलाय, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ऑर्पो ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' थीम पर आधारित इस समिट का उद्देश्य भारत को एआई के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करना था। इसका विजन ऐसा भविष्य गढ़ना है जिसमें एआई मानवता की उन्नति, समावेशी विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे।

### दुनिया के शीर्ष नेता एआई सम्मेलन में शामिल हुए

नई दिल्ली में आयोजित एआई सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन सहित दुनिया भर की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शामिल हुए।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा, तेज रफ्तार बस पलटी, पांच लोगों की मौत, आठ ट्रॉमा में भर्ती



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में सोमवार को डबल डेकर बस पलट गई। इसमें 6 की मौत हो गई, जबकि 45 लोग घायल हो गए। हालांकि आधिकारिक रूप से 5 मौतों की ही पुष्टि हुई है। 28 घायलों को एसजी के अपेक्स ट्रामा सेंटर भेजा गया है। इनमें इसमें 7 बच्चे, 12 पुरुष और 9 महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद ड्राइवर और क्लीनर बस छोड़कर भाग गए। मरने वाले 3 यात्रियों की पहचान हो गई है। इनमें प्रभात कुमार, अंशु (5) और अंजली (10) शामिल हैं। बाकी 3 मृतकों की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। घटना के तुरंत बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। यह क्रेन से बस को सीधा करने के समय का है। बस को सीधा करते ही उसकी खिड़कियों से लाशें धड़ाम से सड़क पर गिर गईं। फिर सड़क पर चारों तरफ खून ही खून फैल गया। बस सीधी होने के बाद भी कुछ घायल और मृत यात्री खिड़कियों से लटकते रहे। इस दौरान कोई रो रहा था, तो कोई चीख-चिल्ला रहा था। कई यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर ने हादसे के आधे घंटे पहले ढाबे पर शराब पी थी। वहीं, कुछ यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ।

### एआरटीओ बोले, झपकी आने से हादसा हुआ

एआरटीओ आलोक कुमार यादव ने बताया- डबल डेकर बस पलटी है। ड्राइवर और क्लीनर यहां से चले गए हैं। मौके पर 5 लोगों की मौत हो गई। 8 लोगों को ट्रॉमा सेंटर भी भेजा गया है। प्रथमदृष्टया ड्राइवर की झपकी से हादसा होना लग रहा है। शराब की बोतलें मिलने के सवाल पर कहा कि पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। जांच में सब कुछ साफ होगा।

## एसआईआर सिर्फ वोट काटने के लिए, यूपी की 37 विधानसभा में सिख कम्युनिटी

जन एक्सप्रेस। चंडीगढ़

समाजवादी पार्टी प्रमुख व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को पंजाब के मोहाली पहुंचे थे। अखिलेश यादव ने राजधानी दिल्ली की बुनियादी समस्याओं और देश के राजनीतिक हालात को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक्यूआई, ट्रैफिक, सीवर और धूल जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, लेकिन उनका समाधान नहीं किया गया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उनके धर्म के पूजनीय शंकराचार्य के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि दो उपमुख्यमंत्री उनके समर्थन में सामने आए हैं। अगर दो डिप्टी सीएम उनके साथ हैं तो सरकार कैसे चलेगी? लगता है कि सब मिलीभगत से काम कर रहे हैं। लोगों को उलझाए रखना और 'डिवाइड एंड रूल' की नीति अपनाना इनका उद्देश्य है।

## सीएए के नए कानून का असर, उत्तराखंड में 159 हिंदू शरणार्थियों को मिली भारत की नागरिकता



जन एक्सप्रेस। देहरादून

सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट 2019 (सीएए ) के तहत उत्तराखंड में रहने वाले 159 हिंदू शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिलने जा रही है। भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार ने ऐसे हिंदू लोगों की गहनता से जांच पड़ताल करने के बाद उन्हें हिंदुस्तान की नागरिकता देने का निर्णय लिया है। मोदी सरकार ने संसद में सीएए यानि नागरिक संशोधन अधिनियम 1955 में सुधार करते हुए 2019 में बिल पास किया था जिसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी, उस समय संसद में विपक्ष के भारी शोरगुल के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने उक्त एक्ट में संशोधन की जरूरत को सामने रखा था। इस संशोधन में 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण लेने आए हिंदुओं को भारत की नागरिकता देने का फैसला मोदी सरकार ने लिया था। उस दौरान विपक्ष और वामपंथी संगठनों ने इसका भारी विरोध किया था और सड़कों पर आंदोलन भी किए थे। हिंदुस्तान में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश व किसी भी अन्य देश से आने वाले हिंदू, सिख, जैन, बौद् , पारसी, ईसाई लोगों को भारत की नागरिकता दिए जाने की सूची में रखा गया है। इस नागरिक कानून के बन जाने के बाद भारत में अभी तक करीब 400 लोगों को नागरिकता दी गई है। उत्तराखंड में गृह विभाग की गहन जांच के बाद पाकिस्तान से आए 153 और अफगानिस्तान से आए छह लोगों को कुल 159 लोगों के भारत की नागरिकता का आवेदन भारत सरकार ने स्वीकार किया है।

### सीमा जागरण मंच ने की मदद

जानकारी के मुताबिक सीमा जागरण मंच ने ऐसे नागरिकों की खोज करके उनसे संवाद स्थापित कर उनके आवेदन पत्र भरवाए गए और उन्हें गृह विभाग में दर्ज करवाया गया, जिसकी बाद में गृह विभाग की जांच एजेंसियों ने जांच पड़ताल की ।

### क्या कहते है धामी

मोदी सरकार ने सीएए में संशोधन करके भारत में शरण लेने वाले हिंदू परिवारों की परेशानियों को दूर किया है, इसके लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के हम आभारी है जिन्होंने ऐसे नागरिकों की चिंता की जो कि वर्षों से भारत में नागरिकता के लिए भटक रहे थे। उन्होंने कहा कि शुरू में विपक्ष ने इस संशोधन पर भ्रम फैलाने की कोशिश की उनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए।

## सोनभद्र में बड़ा हादसा: मिट्टी का टीला ढहने से कई दबे, तीन महिलाओं की मौत

जन एक्सप्रेस। सोनभद्र

सोनभद्र जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरवानी गांव के जंगल में सोमवार को बड़ा हादसा हुआ। मिट्टी की खोदाई करते समय ढीहा (मिट्टी का टीला) ढहने से कई लोग उसमें दब गए। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू करते हुए मलबे में दबे लोगों को निकलने का प्रयास शुरू किया। सुबह साढ़े 11 बजे तक तीन महिलाओं के शव बरामद हुए। अन्य की तलाश जारी है।

### क्या है पूरा मामला

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग सफेद मिट्टी का इस्तेमाल करते हैं। यही मिट्टी लाने के लिए कुछ बच्चे-महिलाएं किरवानी गांव के जंगल में गए थे। मिट्टी खोदते हुए वह लोग सुरंग बनाकर टीले के काफी नीचे चले गए। इसी दौरान अचानक टीला (ढीहा) ढह गया। अंदर खोदाई कर रही महिलाएं मलबे में दब गईं। साथ गए लोगों की चीख-पुकार पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। जेसीबी की मदद से काफी प्रयास के बाद मलबे से तीन लोगों को बाहर निकाला गया।

# किसी भी भाषा के साथ नहीं होना चाहिए भेदभाव: शर्मा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग, भारतीय भाषा समिति तथा भारतीय भाषिक एकात्मता की पुनः कल्पना विषय पर चल रही राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में 30 से अधिक शोध पत्रों का वाचन विद्वान और शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. तरुण कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय भाषाओं की एकात्मता इसी तथ्य में निहित है कि हम किसी भी भाषा के साथ कोई भेदभाव न करके सभी भाषाओं को सम्मान की दृष्टि से देखें तथा प्रत्येक भाषा की विशिष्ट शैली को समझकर उसके संस्कृतिक परिपेक्ष्य का विकास करें। उन्होंने भारतीय भाषा परिवार के माध्यम से विकसित भारत 2047 की संकल्पना को सार्थक बनाने हेतु प्रत्येक भाषा के संवर्धन पर विशेष बल दिया।

डॉ. बालमुकुंद ने कहा कि भारतीय भाषाओं की अपनी विशिष्ट शैली है जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाती है। भाषा परिवार के रूप में प्रत्येक भाषा को जन सामान्य तक पहुंचा कर उसके प्रति प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ मनोभाव विकसित करने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए तभी भारतीय भाषा परिवार की प्रासंगिकता सिद्ध हो सकती है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय ने संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं व्यक्त की। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर की पूर्व कुलपति प्रो. शोभा तिवारी ने कहा कि समस्त भारतीय भाषाओं का जीवन दर्शन एक है, जो एक नई सोच और नवाचारों को प्रेरणा देता है। हमें सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए किसी भाषा को कमतर नहीं मानना चाहिए, क्योंकि भाषा हमारे व्यक्तित्व को परिमार्जित करती है साथ ही हमारी सोच को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर विकसित करती है। गाजियाबाद से पधारी गीता सिंह ने भाषा के सामाजिक सरोकारों को स्पष्ट करते हुए भाषा परिवार के रूप में प्रत्येक भाषा के भाव पक्ष व तकनीकी पक्ष को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि भाषा की उन्नति से ही एक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। समापन सत्र में आयोजन सचिव डॉ. अमित अग्निहोत्री ने सभी अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल कुमार मिश्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. निहार रंजन मिश्र, डॉ. रजनीश कुमार सिंह, विनीत पांडेय, सार्थक विश्वकर्मा, डॉ. प्रमिला मिश्रा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. रवि प्रकाश शुक्ल, डॉ. हरिकांत मिश्र सहित विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर जन सहभागिता के जरिए होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 16 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम के 3 दिन शेष हैं, लेकिन जन सहभागिता का भाव गांव-गांव तक दिखाई दे रहा है। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि नानाजी ने गांवों के विकास में जनता की पहल और सहभागिता को ही अपना ध्येय माना, इसलिए पिछले 15 वर्षों से उनकी पुण्यतिथि का कार्यक्रम जन सहभागिता से ही संपन्न होता आ रहा है।

नाना की पुण्यतिथि के अवसर पर ग्रामीण जनों को कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, विवाद मुक्त ग्राम और अन्य क्षेत्रों की विभिन्न योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी देने हेतु कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं। इसलिए 27 फरवरी को होने वाली 16वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम का आयोजन भी जन सहभागिता के माध्यम से ही संपन्न होगा। इसके लिए प्रत्येक घर से कम से कम एक मुट्ठी अनाज और कम से कम एक रूपया अंशदान सहयोग रूप में आह्वान किया गया है।

महाजन ने कहा कि नानाजी स्थूल रूप से गए लेकिन उनके प्रति आस्था आज भी विद्यमान है, यहां लोगों में प्रबल आस्था दिखती है। ऐसी ही कुछ आस्था चित्रकूट क्षेत्र के ग्राम वासियों में भारत रत्न नानाजी देशमुख के लिए दिखी। मझगवां विकासखंड और चित्रकूट जनपद के गांव-गांव में आस्था के प्रति सहभागिता का नजारा देखने लायक है। नानाजी की पुण्यतिथि के लिए ग्रामवासी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।

इसके लिए संस्थान के कार्यकर्ताओं के साथ पूरे गांव के लोग उत्साहपूर्वक पूरे सहयोग में लगे हुए हैं। इसमें मझगवां और चित्रकूट के अधिकांश गांव के लोगों ने अपना सहयोग दर्ज किया है। पुण्यतिथि का यह कार्यक्रम 26 फरवरी को प्रातः 7 बजे से अखंड मानस पाठ के साथ प्रारंभ होकर 27 फरवरी को हवन के पश्चात भंडारा प्रसाद के साथ संपन्न होगा। यह पूरा कार्यक्रम दीनदयाल परिसर उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में संपन्न होगा। श्रद्धांजलि एवं भंडारा प्रसाद के लिए आम जनमानस सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

# पुलिस ने जनपद में चलाया सघन बैंक चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



डीआईजी और एसपी के निर्देश पर जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों,एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट,छिनैती,चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया।चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया।जिसमें सीसीटीवी कैमरे,आपातकालीन अलार्म सिस्टम, अग्निशामक यंत्र,आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया। बैंक/एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया तथा सहयोग बनाए रखने की अपील की गई।साथ ही बैंक के सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं,जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो और वाहन चोरी जैसी घटनाओं को नियंत्रित की जा सके।इस दौरान बैंकों व एटीएम के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों एवं वाहनों की भी जांच की गई तथा संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई।

## जनपद चित्रकूट के गांवों में सजेगी चकबंदी ग्राम चैपाल मौके पर ही निस्तारित होंगे जमीनी विवाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले में चकबंदी से संबंधित समस्याओं एवं जमीनी विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु 23 फरवरी से 28 फरवरी तक विशेष चकबंदी ग्राम चैपाल अभियान संचालित किया जाएगा। उप संचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार निर्धारित ग्रामों में अधिकारियों की टीम मौके पर उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर यथासंभव तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करेंगी।

इस विशेष पहल का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीणों को विभागीय कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाते हुए उनकी समस्याओं का समाधान उनके ग्राम में ही उपलब्ध कराना है। संबंधित अधिकारी ग्राम चैपाल में उपस्थित होकर चकबंदी से संबंधित आपत्तियों, अभिलेखीय त्रुटियों एवं अन्य जमीनी विवादों पर सुनवाई करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) उप संचालक चकबंदी द्वारा किया जाएगा, 24 फरवरी मंगलवार को ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग में किया जाएगा। 25 फरवरी दिन बुधवार को ग्राम भुजौली माफी में अध्यक्षता बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, द्वारा किया जाएगा, 25 फरवरी, बुधवार को ग्राम कुचारम अध्यक्षता बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, चित्रकूट द्वारा किया जाएगा, 24 फरवरी मंगलवार को ग्राम लदेहटा अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी, मानिकपुर द्वारा किया जाएगा, 25 फरवरी बुधवार को ग्राम कलवलिया अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी, मानिकपुर द्वारा किया जाएगा, 25 फरवरी बुधवार को ग्राम कलवारा खुर्द अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी, पहाड़ी द्वारा किया जाएगा, 26 फरवरी बृहस्पतिवार को ग्राम सिधौली अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी, पहाड़ी द्वारा किया जाएगा, 26 फरवरी बृहस्पतिवार को ग्राम खण्डेहा अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी, मऊ द्वारा किया जाएगा एवं 27 फरवरी शुक्रवार को ग्राम मऊ अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी, मऊ द्वारा किया जाएगा।

# आबकारी टीम ने दबिश डाली! पकड़ी 33 लीटर अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये आदेश के क्रम में एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त,आगरा जोन,आगरा एवं उप आबकारी आयुक्त,चित्रकूट धाम प्रभार के निर्देश के अनुपालन में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा दिन सोमवार को क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों के साथ मय स्टॉफ जनपद की देशी शराब एवं कंपोजिट शॉप की फुटकर दुकानों का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया गया एवं क्यूआर कोड का मिलान किया गया तथा विक्रेताओं को पॉश मशीन से पौवों को 100 प्रतिशत स्कैन करके बिक्री करने हेतु निर्देशित किया गया तथा जनपद में विभिन्न जगहों पर दबिश की कार्यवाही की गयी, दबिश के दौरान 33 लीटर अवैध शराब बरामद कर 02अभियोग पंजीकृत किये गये।

## पैदल जा रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मंठा माइनर के पास पैदल जा रहे मजदूर को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर,मौके पर मजदूर की मौत हो गई,पुलिस व परिजनों के द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी बबेरू लेकर पहुंचे जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मरका थाना क्षेत्र के बन बरौली गांव निवासी धनराज पुत्र जगमोहन उम्र करीब 20 वर्ष यह रविवार की रात्रि करीब 11 बजे मजदूरी करने के बाद पैदल अपने गांव जा रहा था।तभी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने मंठा माइनर के पास रौंदते हुवे निकल गया।जिससे पैदल जा रहे मजदूर धनंजय की मौके पर मौत हो गई। जैसे ही आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे।जहां पर डाक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया,उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बीती रात्रि रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक मृतक छः भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था। जिससे इस घटना को देखते हुए मृतक का पिता जगमोहन मां रामकलिया देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस की गिरफ्त में चढ़ा गांजा सप्लायर

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस ने ट्रक चालकों के साथ शौकीनों को पुड़िया बनाकर गांजा की बिक्री करने वाले सप्लायर को पकड़ा है।जिसके कब्जे से डेढ़ किलो से अधिक सूखा गांजा बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान 卐ऑपरेशन ईगल卐 के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।एसओ कोतवाली देहात चन्द्रप्रकाश तिवारी ने बताया कि थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के पचुल्ला नाला पुलिया के पास से एक अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त राकेश पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम चहितारा थाना कोतवाली देहात के कब्जे से एक सफेद झोले में 1617 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है।मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि अभियुक्त बाहर से गांजा लाने के बाद पुड़िया बनाकर बिक्री करता था।

# अलादीन का चिराग साबित हो रही जल जीवन मिशन योजना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलजीवन मिशन कागजों में अपना कोरम जरूर पूरा कर चुकी है। लेकिन जमीनी स्तर पर जिम्मेदारों के सारे दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं।ग्रामीणों को आसानी से स्वच्छ पेयजल योजना को जिम्मेदारों ने ही पलीता लगा दिया है।हाल तो यह है कि कई गांवों में जहां अभी तक पाईन लाईनें ही नहीं डाली गईं तो वहीं कई जगह पाईप लाईन पड़ गयीं कनेक्शन भी हो गये लेकिन पाइप लाईनों ने पानी की जगह हवा निकल रही है।ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस भीषण समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।जलजीवन मिशन योजना की जमीनी हकीकत जानने के लिए हमारी टीम जब अतर्रा तहसील के गांव बिलगांव पहुंची तो वहां पर सरकार के सारे दावे हवा-हवाई साबित हो गये हैं।ग्रामीणों ने बताया कि उनको दशकों से पानी समस्या से जूझना पड़ रहा है।लेकिन जब केन्द्र सरकार की जलजीवन मिशन योजना के बोर के शुरूआत में पता चला तो लगा कि पानी की समस्या से निजात मिल जायेगी।लेकिन योजना के तहत पूरे गांव में पाईप डालन तो डालदी गई इसके बाद कनेक्शन भी कर दिये गये। लेकिन पानी कनेक्शनों से पानी की जगह हवा ही निकल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदारों उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है।वहीं ग्रामीणों ने जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या के समाधान की मांग की है।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शुरु किया क्रमबद्ध आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



टेट अनिवार्यता कानून के विरोध में सोमवार को जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। इस मुद्दे को लेकर आगामी 26 फरवरी को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने का एलान शिक्षकों ने किया।


उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी के निर्देश पर पूरे प्रदेश के शिक्षकों द्वारा टेट अनिवार्यता के काले कानून के खिलाफ 23, 24 व 25 फरवरी को काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने का कार्यक्रम है। इस विरोध प्रदर्शन के पहले दिन सोमवार को जिले के समस्त शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया है। साथ ही सरकार को चेतावनी दी गई है कि आगामी 25 फरवरी तक केन्द्र सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णन न लेने पर पूरे देश के शिक्षक आगामी 26 फरवरी को अपने अपने जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन करेंगें साथ ही जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगें। इस दौरान सभी शिक्षक पुरानी कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगें। इसके बाद मार्च में दिल्ली आंदोलन की तैयारी की जाएगी।

# श्रम विभाग के दलाल से पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

## पीड़ित के जेब से दलाल निकल चुका है 4000 रूपये

- शादी अनुदान के पैसे दिलाने के नाम पर 25000 का कमीशन न देने पर की मारपीट

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




मटौंधं थाना क्षेत्र के ग्राम इंदिरा पुरवा मजरा दुरेडी के निवासी रामनरेश पुत्र जगन्नाथ ने दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है।कि वह अपनी पुत्री की शादी 26 अप्रैल 2021 को किया था जिसकी शादी का अनुदान श्रम विभाग की ओर से पार्टी के खाते में आया हुआ था।शादी अनुदान 55000 रुपए आया था।गांव के ही दबंग गुंडा किस्म के दलाल राघव अवस्थी ने 21 फरवरी को फोन से गली गलौज किया कहा कि शादी अनुदान का जो पैसा आप के खाते में आया है उसका आधा 25000 रुपए दो क्यों की श्रम विभाग के अधिकारियों को कमीशन देना पड़ता है नहीं तो घर आकर तुम्हें गोली मार दूंगा।पीड़ित 22 फरवरी को शाम को शहर आ रहा था तभी उपरोक्त गुंडा एवं दलाल अपने तीन अज्ञात व्यक्तियों को लेकर एकलव्य बाईपास के पास मिला राघव अवस्थी द्वारा अज्ञात व्यक्ति की मदद से पीड़ित के पेंट की जेब में पड़े 4000 जबरदस्ती मारपीट कर छीन लिया तथा पीड़ित को अधमरा कर छोड़ दिया पीड़ित ने गुहार लगाई तो संजय मिश्रा एवं अन्य ग्राम वासी आ गए तभी उपयुक्त व्यक्ति रुपए न देने पर दोबारा हत्या करने की धमकी देते हुए भाग गए तो दबंग श्रम विभाग के अधिकारियों की दलाली के पैसा मांगने की रिकॉर्डिंग भी पीड़ित के पास है पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर दबंग गुंडा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की हैं।वहीं पुलिस अधीक्षक ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है।

## विषाक्त पदार्थ के सेवन से मासूम बालिका की मौत

**चित्रकूट।** नादानी में विषाक्त पदार्थ का सेवन करने के कारण पांच वर्षीय मासूम बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर तहसील क्षेत्र के खोंपा गांव की निवासी पांच वर्षीय परी सिंह अपने परिजनों के साथ ननिहाल गई थी। यहां सोमवार को उसने अनजाने में धोखे से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत खराब हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन उसे लेकर राजापुर अस्पताल गए। यहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कर्वी लाते समय रास्ते में बालिका ने दम तोड़ दिया। अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक बालिका का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# सत्संग के बाद निरंकारी मिशन के सेवादारों ने चलाया सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने मंदाकिनी नदी के पुलघाट और मानिकपुर में प्रोजेक्ट अमृत कार्यक्रम के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना को साकार रूप देने के लिए राम भरोसा तालाब में सफाई अभियान चलाया। पुल घाट में शंकरलाल की अध्यक्षता में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इसके बाद सफाई अभियान चलाया गया। इसी प्रकार मानिकपुर में संत निरंकारी मिशन के सैकड़ों सेवादारों व मुखी आनंद राज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तालाब को साफ किया गया। इसके बाद सफाई स्थल पर ही संत इंद्रपाल की अध्यक्षता में एक विशाल सत्संग का आयोजन भी किया गया एवं सत्संग समाप्ति के बाद प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवनरेखा। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है, तो केवल पर्यावरण ही नहीं, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इसी विचार को साकार रूप देते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों और समुद्री तटों की निस्वार्थ भाव से स्वच्छता एवं संरक्षण का व्यापक अभियान आज जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संदेश है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन से जुडे मुखी शिवभवन ने बताया कि इस अभियान का शुभारम्भ सेवादल के प्रार्थना गीत से हुआ। इस अवसर पर देशभर में प्रसारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुशासन एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई।

# मेगा लीगल कैम्प में लगे विभागों के 28 स्टाल, सरकारी योजनाओं का फायदा पाकर लोगों के चेहरे खिले

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

गवर्नमेंट पीजी कालेज कुछेछा में सम्पन्न हुये मेगा लीगल कैम्प में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय की कोशिश से बडी तादाद मे आये लोगों को जहाँ कानून की बारीकी से बेहतर जानकारी दी गई,वहीं लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के लिये भी जागरूक किया गया। इस मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ शहजाद अली, आमिर नसीम,प्रतीक शुक्ला ने बिजली बिलों के बकायेदारों को विभाग की एक मुश्त योजना के फायदों के बारे में जानकारी देकर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर बकाया पडे भुगतान को आसान किश्तों में जमा करने के मौके का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की अपील की, जबकि यातायात प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने लोगों से अपील करते हुये कहा कि यातायात नियमों का पालन कर अपना सफर शुरू करें, और सफर के दौरान सडक हादसों से बचकर सुरक्षित होकर अपनी मंजिल तय करें। वही साईबर प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार ने बढते साईबर अपराधों की जानकारी देते हुये बताया कि साईबर अपराध का शिकार होने से बचने के लिये अपराध की जानकारी ही इसका बेहतर और सटीक बचाव है। इसलिये खुद चौकन्ना और होशियार रहे, जबकि दूसरों को भी इस अपराध के बारे में होशियार करें,और साईबर ठगी का शिकार होने के बाद, बिना देर किये, साईबर हैल्प लाईन नम्बर 1930 या साईबर वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज कराये, वहीं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में अनिल कुमार ने अपनी टीम के साथ 70 साल या उस्से ज्यादा उम्र के बुजुर्गो को पांच लाख तक का फ्री इलाज कराने के लिये उन्हें आयुष्मान कार्ड सौंपे। जबकि बेसिक शिक्षा विभाग के स्टाल में शिक्षक अखलेश शुक्ला ने अपनी टीम के साथ लोगों को मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन की जानकारी दी,वहीं भारतीय डाक विभाग के मेराजुद्दीन ने अपनी टीम के साथ स्टाल में डाक जीवन बीमा के साथ ही ग्रामीण जीवन बीमा जैसी फायदेमंद योजनाओं की लोगों को जानकारी देकर उनका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की अपील की। जबकि उद्योग विभाग के स्टाल में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बेरोजगार युवकों को रोजगार परख योजनाओं की जानकारी देकर उनका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की अपील की, जबकि सौर्य उर्जा के अधिकृत वेंडर अवधेश गुप्ता, लाला ने अपनी टीम के साथ कैम्प में स्टाल लगाकर लोगों को सोलर से चलने वाली पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी देकर उसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की अपील की। वहीं परिवहन विभाग के स्टाल में एआरटीओ अमिताभ राय, पीटीओ चंदन पाण्डेय ने विभाग की वन टाईम टैक्स स्कीम की जानकारी देते हुये लोगो से इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की अपील की। जबकि कार्यक्रम में कुछेछा स्व सुरेश चन्द्र मिश्रा ला कालेज के करीब 200 छात्र - छात्राओं ने वरिष्ठ लिपिक दीन बंधू,प्रबंध समिति के अतुल सिंह के साथ पहुंचकर कानून की बारीकी से जानकारियां हासिल की। इस मौके पर अपर जिला जज फर्स्ट उदयवीर सिंह, पाक्सो अदालत की स्पेशल जज कीर्ति माला सिंह, सीडीओ सुरेन्द्र सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता,डिप्टी कलैक्टर पैगाम हैदर, एसडीएम सदर के0डी0शर्मा सहित, सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पटेल सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



**दिल्ली-एनसीआर से हटेंगे कोयला...**

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं और अलग-अलग मुद्दों पर जवाब तलब किया है। अदालत ने खास तौर पर कोयला आधारित उद्योगों, निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान उड़ने... पढ़ें पेज 12 पर...

# बिजली निजीकरण : निजी क्षेत्र को दी जाएंगी छह जल विद्युत परियोजनाएं, 42 साल के लिए लीज पर देने का टेंडर हुआ जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार छह लघु जल विद्युत परियोजनाओं को 42 वर्ष के लिए निजी क्षेत्र को लीज पर देने की तैयारी में है। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर के अनुसार 1.5 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट के अग्रिम प्रीमियम पर निजी कंपनियों को परियोजनाएं सौंपी जाएंगी और वे 42 वर्षों तक उनका संचालन करेंगी। प्रदेश में 300 मेगावाट की रिहंद, 99 मेगावाट की ओबरा, 72 मेगावाट की माताटीला (ललितपुर) और 72 मेगावाट की खारा जल विद्युत परियोजनाएं पहले से संचालित हैं। इसके अतिरिक्त छह लघु जल विद्युत परियोजनाएं भी हैं, जिनके पास करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन और अन्य संपत्तियां हैं। लीज पर प्रस्तावित परियोजनाओं में भोला (2.7 मेगावाट), सलावा (3 मेगावाट), निर्गजनी (5 मेगावाट), चित्तौरा (3 मेगावाट), पलरा (0.6 मेगावाट) और सुमेरा (1.5 मेगावाट) शामिल हैं। ये सभी अपर गंगा नहर पर स्थित लगभग 90 से 97 वर्ष पुरानी परियोजनाएं हैं। वहीं, टेंडर जारी होते ही ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि परियोजनाएं राज्य सरकार के अधीन ही रहनी चाहिए, क्योंकि निजी कंपनियों की नजर इनके साथ जुड़ी बेशकीमती जमीन और संपत्तियों पर भी है। संगठनों ने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

### टेंडर निरस्त होने तक आंदोलन जारी रहेगा : एआईपीईएफ

ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडेरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने छह लघु जल विद्युत परियोजनाओं को 42 वर्षों के लिए निजी कंपनियों को लीज पर देने के निर्णय का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अपर गंगा नहर में वर्षभर पानी उपलब्ध रहता है, जिससे इन परियोजनाओं में लगातार बिजली उत्पादन संभव है। सीमित निवेश से इनके पुनरुद्धार और आधुनिकीकरण का खर्च एक वर्ष में निकाला जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टेंडर में स्थापित क्षमता 15.5 मेगावाट के बजाय 6.3 मेगावाट दर्शाई गई और संपत्तियों का मूल्य कम आंका गया है। उन्होंने टेंडर निरस्त होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

### 'आरक्षण खत्म करने की साजिश'

पॉवर ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी केन और कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि लघु जल विद्युत परियोजनाओं को लीज पर देना निजीकरण की नई रणनीति है। उनका कहना है कि इससे कर्मचारियों की छंटनी होगी और आरक्षण व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। निजी कंपनियां अपनी शर्तों पर नियुक्तियां करेंगी तथा सरकारी संपत्तियों के दुरुपयोग की आशंका है। उन्होंने मुख्यमंत्री से टेंडर निरस्त कर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## मत्स्य रोगों के प्रभावी इलाज की दिशा में बड़ी पहल : आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने 'ऊनिल' तकनीक के लाइसेंस हेतु किया त्रिपक्षीय समझौता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज (आईसीएआर-एनबीएफजीआर) ने मीठे पानी की जलकृषि में मत्स्य ऊमाइसिट रोगों के उपचार के लिए विकसित 'ऊनिल' तकनीक के लाइसेंस एवं व्यावसायीकरण हेतु रैलिस इंडिया लिमिटेड (टाटा उद्यम) तथा एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह पहल अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के बीच सहयोग को मजबूत करते हुए मत्स्य पालन क्षेत्र में नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जे. के. जेना, उप महानिदेशक (मत्स्य विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली उपस्थित रहे। समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूत करने और आईसीएआर द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों को क्षेत्र स्तर पर तेजी से अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड के सीईओ डॉ. प्रवीण मलिक, रैलिस इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ. ज्ञानेंद्र शुक्ला, एक्वा बिजनेस प्रमुख किंशुक भंडारी सहित दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने संस्थान की वैज्ञानिक विशेषज्ञता में विश्वास जताने के लिए उद्योग भागीदारों का आभार व्यक्त किया। त्रिपक्षीय सहयोग का उद्देश्य 'ऊनिल' का लाइसेंस और व्यापक व्यावसायीकरण कर वैज्ञानिक नवाचारों को व्यावहारिक समाधान में बदलना है। संस्थान ने इसके आविष्कारकों डॉ. पी. के. प्रधान, डॉ. नीरज सूद, डॉ. गौरव राठौर तथा डॉ. अनुतोष पारिया के योगदान की सराहना की। 'ऊनिल' एक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, गैर-एंटीबायोटिक फॉर्मूलेशन है, जिसे विशेष रूप से संवर्धित जलीय जीवों को प्रभावित करने वाले प्रमुख ऊमाइसिट रोगों के प्रभावी प्रबंधन के लिए विकसित किया गया है। ऊमाइसिट रोग, विशेषकर एपिजूटिक अल्सरेटिव सिंड्रोम और सैप्रोलेग्निओसिस, मीठे पानी की जलकृषि में गंभीर आर्थिक नुकसान का कारण बनते हैं और कई मामलों में मृत्यु दर 100 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। आईसीएआर की अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना के अंतर्गत विकसित इस तकनीक ने विभिन्न राज्यों में 400 से अधिक तालाबों पर चार वर्षों तक किए गए क्षेत्र परीक्षणों में उल्लेखनीय सफलता दिखाई। लगभग 85 प्रतिशत प्रभावित तालाबों में इसके उपयोग के बाद मृत्यु दर की पूर्ण समाप्ति दर्ज की गई, जिससे यह उत्पाद मत्स्य रोग प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार 'ऊनिल' का लाइसेंस एवं व्यावसायीकरण प्रौद्योगिकी के तेज प्रसार, उद्योग भागीदारी को बढ़ावा देने तथा किसानों को प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने में सहायक होगा। यह पहल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नवाचार-आधारित विकास और तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## पतपुर में स्कूल वैन पलटी, नाबालिग चालक के हवाले थे मासूम, आधा दर्जन बच्चे हुए घायल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बख्शी का तालाब क्षेत्र में एक बड़ा हादसा स्कूल प्रशासन की लापरवाहीं से हो गया। बीकेटी के महीपतपुर स्थित आदर्श सरस्वती शिक्षा मंदिर की बच्चों से भरी स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन छोटे बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। वही ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल वैन यूपी32 एचसी1626 को नाबालिग चालक चला रहा था। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि वैन में क्षेत्र के कई गांवों के दर्जन भर से अधिक छोटे-छोटे बच्चे सवार थे,बीकामऊ कला गांव के बाहर अचानक वैन दाहिनी ओर बनी पुलिया से जा टकराई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि पूरी वैन सड़क पर पलट गई और बच्चों में चीख-पुकार मचने लगी और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वही ग्रामीणों ने दौड़कर बच्चों को बाहर निकाला और बीकेटी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

## सर्वाधिक दूध उत्पादन करने वाले 112 दुग्ध उत्पादक पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ ।** पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में गोधन समागम-2026 में वर्ष 2024-25 के प्रदेश के सर्वाधिक दुग्ध आपूर्तिकर्ता 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और गाय के सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले 49 दुग्ध उत्पादकों को नन्दबाबा पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत 112 दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार स्वरूप धनराशि, प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया। निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 जनपदों हरदोई, अलीगढ़, अमरोहा, जालौन तथा रायबरेली के जिलाधिकारियों, सीडीओ एवं सीवीओ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि गोधन समागम-2026 हमारी गव्य, परंपरा, संस्कृति संगम का अद्भुत रूप है।

## लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बीकेटी एसडीएम को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील परिसर में लखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी अपने कार्यकर्ताओं के साथ बक्शी का तालाब उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर रिपोर्ट दर्ज पर गिरफ्तारी करने की मांग की है।

1. यह कि प्रार्थिनी मिताली पुत्री श्री अजय कुमार निवासी-मड़ियांव गाँव जानकीपुरम्, लखनऊ की निवासिनी हूँ और इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के फार्म डी चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत हूँ।

2. यह कि अप्रैल 2025 में मेरा सिस्ट का ऑपरेशन हुआ था जिसके कारण स्वास्थ सम्बन्धित दिक्तों का वजह से मेरे चतुर्थ वर्ष के दो विषयों में बैंक आ गई थी। इसी दिनांक-16.02 2026 को यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मोहम्मद हारिस सिद्दीकी पुत्र स्व0 मोहम्मद कय्यूम सिद्दीकी निवासी कय्यूम विला: ईडेन इन्क्लेव कुर्सी रोड लखनऊ के पास दया याचना और परीक्षा में शिकायत का अनुरोध करने गई थी।

3. यह कि मोहम्मद हारिस सिद्दीकी (रजिस्ट्रार इंटीग्रल यूनिवर्सिटी) ने मुझे 04:30 बजे अपने पास मिलने के लिए बुलाया और वहाँ पर उसने मुझे शाम 7:00 बजे तक बैठाये रखा और फिर अंदर अपने केबिन में बुलाकर मेरी समस्या का निस्तारण करने के लिए मुझे अपने साथ सोने के लिए कहा और मेरा हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया और मेरे यौनांगों को छूने लगा और मेरे विरोध करने पर उसने मुझे अत्यंत अपमानजनक और जाति सूचक भद्दी-भद्दी गालियों दी और कहा साली पासी की औलाद अगर पास होना है तो ये करना पड़ेगा और तेरी फीस भी माफ करवा दूँगा मैं किसी तरह रोते रोते अपने आपको बचाकर वहाँ से भागने लगी तो उसने मुझसे कहा कि तूने कही अपना मुँह खोलने की कोशिश की तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मरवा दूँगा, तेरी कही सुनवाई नहीं होगी खासकर इस सरकार में।

4. यह कि आरोपी एक दबंग रसूखदार और उच्च पद पर असीन व्यक्ति और उसने मुझे यूनिवर्सिटी के दो कर्मचारियों क्रमशः उज्जमा और रज्जन खान (मो0नं0-9076966574, 9455475376) द्वारा मेरे फोन नम्बर पर मुझे फोन करके मुझे कार्यवाही न करने का दबाव डाला और मेरे मना करने पर मुझे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी।

5. यह कि प्रार्थी ने उपरोक्त के सम्बन्ध में थाना-गुड़म्बा के दिनांक-16.02.2026 को लिखित शिकायत की थी जिस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई।

6. यह कि उक्त घटना के घटित होने से प्रार्थिनी अत्यन्त डरी और सहमी है तथा परिवार भी असुरक्षित है। लगातार धमकियाँ भी मिल रही है। आज 04 दिन बीत जाने के बाद भी मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस ने जाँच की जिसमें [illegible] फुटेज में मेरी उपस्थित शाम 6.49 [illegible] पर बताई जा रही है। मेरे पिता जी ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ, सर को भी पूरी बात बताई तो उनके [illegible] सर ने कहा कि मैंने कह दिया, आपका मुकदमा दर्ज हो जाएंगा जब पिता जी दिनांक 18.02.2026 को सुबह एफ0आई0आर0 की कापी लेने पहुंचे तो उन्होंने कहा कि मुकदमा नहीं लिखा जाएगा। जिससे मेरे पिता जी वापस आ गए। मेरा भविष्य अंधकार मय हो गया है, दिनांक 26.02.2026 तक अगर मुकदमा लिखकर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो इंटीग्रल यूनिवर्सिटी एवं थाना-गुड़म्बा का होगा घेराव जिसकी पूर्ण जिम्मेदरी शासन प्रशासन की होगी।

## लखनऊ मड़ियांव में बंद घरों में चोरी करने वाले दो चोर को गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन मड़ियांव थाना क्षेत्र में बंद घरों में रेकी कर चोरी करने वाले दो चोरों को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इनके पास से 18 लाख रुपये के जेवर अन्य सामान बरामद किया हैं। वही गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू वर्मा पुत्र रूप चंद्र और सुंदर लाल गुप्ता पुत्र बाबूलाल के रूप में हुई है।

वही एडीसीपी ऋषभ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपियों के कब्जे से 18 लाख रुपये मूल्य की ज्वैलरी, 100 ग्राम पीली धातु (सोना) और एक किलोग्राम सफेद धातु (चांदी) बरामद की गई है। इसके अतिरिक्त, एक मोटरसाइकिल और अन्य चोरी का सामान भी मिला है। एडीसीपी ने बताया कि आरोपी दिन में सब्जी बेचने का काम करते थे और रात में बंद घरों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। हाल ही में इन्होंने तीन बंद घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा किया। इस गिरफ्तारी और खुलासे में थाना प्रभारी मड़ियाव शिवानंद मिश्रा के निर्देशन में उप निरीक्षक अखिलेश कुमार, उप निरीक्षक अमित साहू, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह और अन्य पुलिस टीमों ने मुख्य भूमिका निभाई, जिससे चोर गिरफ्तार किए गए।

## पीएम-कुसुम सी 2 से ऊर्जा सुधार को नई गति

- कृषि फीडर सोलराइजेशन से किसानों को दिन में बिजली, सुधरेगी डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र के संरचनात्मक सुधार को नई मजबूती मिल रही है। कृषि फीडरों के सोलराइजेशन के लिए लागू प्रधानमंत्री कुसुम योजना कंपोनेंट सी 2 राज्य में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और किसानों की आय वृद्धि की दिशा में प्रभावी पहल बनकर उभर रही है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई और बिजली की विश्वसनीय सुविधा उपलब्ध कराना, डीजल व परंपरागत बिजली पर निर्भरता कम करना और दिन के समय निर्बाध आपूर्ति है। प्रदेश में अब तक 1708.1 मेगावाट क्षमता के लिए 581 पावर परचेज एग्रीमेंट पीपीए निष्पादित किए जा चुके हैं। इससे 3.67 लाख कृषि उपभोक्ताओं को दिन में नियमित बिजली आपूर्ति की संभावना है। योगी सरकार की यह पहल न केवल ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ कर रही है बल्कि किसानों को सशक्त बनाने और प्रदेश को हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर करने का भी प्रभावी कदम है।योजना के वित्तीय ढांचे के तहत केंद्र सरकार 1.05 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट तथा राज्य सरकार 50 लाख रुपये प्रति मेगावाट की पूंजीगत सहायता दे रही है। कुल सहायता 1.55 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट तक पहुंच रही है। इससे परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। कौशांबी और बिजनौर जिलों में स्थापित लगभग 3.3 मेगावाट की पायलट परियोजनाएं राज्य में व्यापक क्रियान्वयन के लिए मॉडल के रूप में देखी जा रहीं हैं। प्रधानमंत्री कुसुम सी2 के तहत कृषि फीडरों के सोलराइजेशन से विद्युत वितरण कंपनियों डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति में मध्यम अवधि में सकारात्मक सुधार की उम्मीद है।

## महात्मा संत गाडगे की 150वीं जयंती भाजपा नेताओं ने रजक समाज के साथ मनाई


- महात्मा संत गाडगे की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करके याद किया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



महात्मा संत गाडगे जी की 150वीं जयन्ती उ0प्र0 रजक समाज के तत्वाधान में माँ मरी माता मन्दिर के समीप उनके मूर्ति स्थल पर मनायी गयी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी,विधायक डा0 नीरज बोरा ने समाज के लोगों के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संत गाडगे महाराज का समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि वह एक महान संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना जीवन गरीब और असहाय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया था। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिले। उनके आदर्श और दिखाएं मार्ग प्रेरणादाई है जो समाज सेवा की प्रेरणा देते हैं विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने कहा कि संत गाडगे ने समाज सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई। समाज से अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में रामऔतार कनौजिया , गनेश कनौजिया,दिनेश कनौजिया.रानी कनौजिया , रितेश कनौजिया,सुखराम कनौजिया, राकेश कनौजिया ,रेखा कनौजिया अमन कनौजिया, शुभम कनौजिया, सुनील कनौजिया, विक्रम चौधरी, जगदीश कनौजिया, अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष विपिन सोनकर, मंडल अध्यक्ष विमल चौधरी, आकाश कनौजिया, मैकू कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ इटौंजा हाईवे रोड पर स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पीटा स्कॉर्पियो में उठाकर भिठौली पर छोड़ा, पुलिस जांच में जुटी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नर के उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार सुबह 11 बजे लखनऊ सीतापुर हाईवे रोड पर इटौंजा ओवरब्रिज के ऊपर बिरसापुर अटरिया से बाइक सवार आ रहे कि स्कार्पियो ने बाइक सवार दो लोगों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर रोड पर ही गिर पड़े, जिसमें दोनों युवक गिरे। वही दूसरे युवक आलोक सिंह को स्कार्पियो सवार उतर कर हॉकी व लोहे की राड से पूरी तरह मारा पीटा और स्कॉर्पियो में बैठाकर लेकर चले गए। वही बाइक चला रहे हर्ष पांडेय ने इसकी सूचना डायल 112 व आलोक के परिजनों अपने परिवार वालों को दी। मौके पर 112 व इटौंजा पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पर इटौंजा पुलिस के दरोगा सिपाही पहुंचकर घटनास्थल से बाइक व घायल युवक को थाने लेकर आयें। वही इटौंजा अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर दरोगा सिपाही पुलिस ने तेजी से तलाश शुरू कर दी। वहीं पुलिस को सूचना मिली कि युवक आलोक भिठौली के पास एक दुकान पर घायल अवस्था में बैठा है, जहां मौके पर इटौंजा पुलिस पहुंची और घायल युवक को भिठौली के पास एक प्राइवेट अस्पताल बालाजी में भर्ती करवाया, जहां से पुलिस के संरक्षण में डॉक्टरों ने चोटिल आलोक सिंह को लखनऊ ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया,जहां उसका इलाज किया जा रहा है। वहीं परिजनों के अनुसार, आलोक के पैर की हड्डी में गंभीर चोट है और सिर में चोट है स्कार्पियो सवार लोगों ने बुरी तरह मारा-पीटा है। वहीं पुलिस टीम स्कॉर्पियो सवार सभी लोगों की तलाश में जुटी हुई है, घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह व एडीसीपी ऋषभ इटौंजा थाना पहुंचकर दूसरे युवक हर्ष पांडेय से पूछताछ की। वहीं पुलिस के मुताबिक इस मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

## केशव मौर्य का विदेश दौरा : जर्मनी में निवेश संवाद को नई गति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने की मंशानुरूप उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने फ्रैंकफर्ट, जर्मनी के प्रवास के दौरान औद्योगिक एवं शासकीय प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण बैठकें कीं। प्रतिनिधिमंडल ने सुश्री सिलके सिचटर ग्लोबल अफेयर्स एंड इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स तथा मार्कस सिबोल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इए इलेक्ट्रो आटोमेटिक जीएमबीएच से भेंट कर सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत-जर्मनी सहयोग को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर यूपी को उभरते वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए सीमेंस एवं एनएक्सपी सेमीकंडक्टरस के विस्तार, बढ़ते निवेशक विश्वास तथा भारत के उपभोक्ता आधार को रेखांकित किया गया।प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण आयोजनों में सहभागिता सहित दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने का आमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट क्षेत्र के प्रतिनिधियों, केल्स्टरबाख एवं राउनहाइम के महापौरों तथा इनोवेशन राइनमाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से भेंट की।

## गर्मियों में कत्तई न होने पाये पेयजल की किल्लत : स्वतंत्र देव

- हर इंजिनियर रोजाना 10 ग्राम प्रधानों से करे बात ,ले जलापूर्ति की जानकारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गर्मियों के दौरान गांवों में पेयजल से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या न आए। राज्य सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल निगम ग्रामीणमुख्यालय में जल जीवन मिशन, राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि गर्मियों के दौरान कहीं भी जलसंकट की समस्या नहीं होनी चाहिए। अधिकारी अभी से जरूरी तैयारी शुरू कर दें। प्रत्येक इंजीनियर रोजाना 10 ग्राम प्रधानों से बात कर पेयजल योजनाओं की जानकारी लें। अगर कोई समस्या आती है, तो उसे तुरंत ठीक कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को कोई दिक्कत न आए। समीक्षा में जलशक्ति मंत्री ने सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों को और तेज करने के निर्देश दिए। जहां भी पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां मार्च अंत तक रिस्टोरेशन कार्यों को पूरा कर लिया जाए। आला अधिकारी मौके पर जाकर सड़क रिस्टोरेशन के कार्यों का निरीक्षण करें। कमी होने पर कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुराग श्रीवास्तव मौजूद रहे। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि इंजीनियर जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

## लखनऊ में विशेष प्रदर्शनी आज से, डाक टिकटों से जानिए जनगणना की कहानी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार की ओर से खास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का विषय 'गिनती में आओ : भारत में जनगणना का डाक इतिहास' है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा छात्र, शोधार्थी और आम लोग इन ऐतिहासिक दस्तावेजों से जुड़ें और देश के इतिहास को बेहतर तरीके से समझें। प्रदर्शनी 24 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे शुरू होगी, जिसका उद्घाटन निदेशक जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण शीतल वर्मा करेंगी। प्रदर्शनी 28 फरवरी तक लखनऊ के महानगर विस्तार स्थित शहीद स्मारक भवन में लगेगी। यह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इसमें डाक टिकटों, पोस्टमार्क, पुराने पत्रों और अन्य डाक रिकॉर्ड के जरिए भारत की जनगणना की कहानी दिखाई जाएगी। आमतौर पर लोग जनगणना को सिर्फ आंकड़ों से जोड़कर देखते हैं, लेकिन यहां बताया जाएगा।

# ग्रामीणों की मदद कर एसआईआर फॉर्म भरवाना भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता : सुधांशु शुक्ला

## सिंहपुर ब्लॉक सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बनी रणनीति

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सिंहपुर ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मंडल सिंहपुर के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्टी प्रभारी शंकर गिरी ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया 22 वर्षों बाद शुरू हुई है,जो लोकतंत्र की शुचिता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है,कि जो लोग फर्जी तरीके से मतदाता पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बनवाकर सूची में शामिल हो गए हैं,उन्हें चिन्हित कर हटाया जाए।इसके लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करना होगा।भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बारे में प्रत्येक ग्रामीण को जानकारी देना जरूरी है।उन्होंने कहा कि गांवों में अभी जागरूकता की कमी है,इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है,कि वे घर-घर जाकर लोगों की मदद करें और उनका एसआईआर फॉर्म भरवाएं।यह संगठन की प्राथमिकता में शामिल है।मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि कई ग्रामीण अभी इस प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं,जबकि यह अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है।जिनके घर एस आई आर फॉर्म नहीं पहुंचा है,वे अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म-6 अवश्य भरें।बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता व पार्टी के पुराने कार्यकर्ता अनिल पाण्डेय ने बताया कि 6 मार्च तक फॉर्म भरे जाएंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि स्थानीय बीएलओ से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति का फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर अनीता साहू,राहुल पांडेय,सुनील पासी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## दुग्ध उत्पादक किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा मांग-पत्र

**रायबरेली।** अधिवक्ता विश्वास द्विवेदी के नेतृत्व में पी.सी.डी.एफ. कोआपरेटिव फेडरेशन दुग्ध संघ रायबरेली (पराग डेरी) के दुग्ध उत्पादक किसानों ने वित्तीय वर्ष वर्ष 2022-23 एवं वर्तमान 2025-26 के नये भुगतान लगभग 1 करोड़ रूपये दिये जाने के बाबत एक मांग-पत्र उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को सौंपा। दिये गये मांग-पत्र में दुग्ध उत्पादक किसानों ने अपनी व्यथा प्रकट करते हुए कहा कि दुग्ध संघ के अन्तर्गत संचालित दुग्ध अवशीतलन केन्द्र (बी.एम.सी.) कीरतपुर चरूहार, हसनापुर व चकबल्लीहार से हजारों किसान जुड़े हुए हैं, जिनकी आजीविका का एकात्र आधार यही दुग्ध व्यवसाय ही है। दुग्ध व्यवसाइयों ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि इन केन्द्रों से सम्बद्ध लाखों का वित्तीय वर्ष 2022-23 का पुराना बकाया एवं वर्तमान वर्ष 2025-26 का नया भुगतान, दोनों मिलाकर कुल लगभग एक करोड़ रूपये विभाग द्वारा लम्बित रखा गया है। भुगतान न होने की दशा में हमारे समक्ष गहरा आर्थिक संकट व्यापत है, लगभग एक करोड़ की भरी राशि होने से हजारों किसान परिवारों के समक्ष बच्चों पढ़ाई, पशुओं के चारे और दैनिक खर्चो का गम्भीर संकट खड़ा हो गया है। भुगतान न होने से उत्पादकों और समिति सचिवों के बीच आए दिन विवाद हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र की शांति भंग होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। जिलाधिकारी ने दुग्ध उत्पादक व्यवसाइयों की समस्या को सुना एवं अविलम्ब कार्यवाही किये जाने एवं सम्बन्धित को ज्ञापन पहुँचाने का भरोसा दिलाया।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी,सात घायल,चालक की हालत नाजुक

## बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला।जामों भादर मार्ग पर बगिया बहेरखा पावर हाउस के पास एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।हादसे में चालक समेत सात लोग घायल हो गए।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चालक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में थी।अचानक वाहन असंतुलित हुआ,और कई बार पलटते हुए सड़क किनारे जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।घायलों में नीरज 22वर्ष पुत्र राम लखन,धीरज 11वर्ष पुत्र राम लखन निवासी झरकट्टा, आराध्या 13वर्ष पुत्री अरुण यादव निवासी पूरे रामदेव दक्षिणवारा आदि शामिल हैं।पुलिस ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया है।चालक मोहम्मद आसिफकी हालत नाजुक बनी हुई है।पहले उसे सुलतानपुर रेफर किया गया,लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए परिजन उसे लखनऊ ले गए।चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है।प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

# चार किमी संपर्क मार्ग बदहाल, एक साल में जर्जर हुई सड़क

## पीडब्ल्यूडी ने जांच कर मरम्मत का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । सिंहपुर,अमेठी**

जिले के इन्हौना क्षेत्र में लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े चार किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग की हालत बेहद खराब हो गई है।नेवड़ा, कोटवा और पूरे बली मिश्र होते हुए सतानपुरा को जोड़ने वाला यह मार्ग महज एक वर्ष में ही जर्जर हो गया है।सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं,जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बताया जा रहा है कि लगभग एक वर्ष पूर्व इस सड़क का नव निर्माण कराया गया था। निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों की अनदेखी किए जाने के आरोप भी सामने आ रहे हैं। सड़क पर बिछाई गई तारकोल मिश्रित सामग्री उखड़कर फैल गई है।और कई स्थानों पर गिट्टियां बाहर आ गई हैं।परिणामस्वरूप मार्ग पर चलना जोखिम भरा हो गया है।ग्रामीणों के अनुसार, यह मार्ग करीब 20 हजार की आबादी को जोड़ता है।स्कूली बच्चे, बाजार आने-जाने वाले लोग और दैनिक यात्रियों की आवाजाही इसी सड़क से होती है।सड़क संकरी होने के साथ जर्जर भी हो चुकी है,जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं बढ़ गई हैं।बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है।पानी भरे गड्ढे दिखाई नहीं देते,जिससे हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने सड़क की दुर्दशा पर नाराजगी जताते हुए कहा कि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया,जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।लोगों ने शीघ्र मरम्मत की मांग की है।इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता दिलीप कुमार गंगवार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।और सड़क की शी घ्रमरम्मत सुनिश्चित की।



## गिरफ्तारी से गाँव में उबाल, परिवारों का भरण-पोषण ठप

**रायबरेली।** जिले के पुरे गोसाई मुजरे नथुनी के युवक मोहित वर्मा की मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई ने पूरे गाँव को सकते में डाल दिया है। मृतक मोहित के साथी और गाँव के पांच अन्य युवकों को बिना ठोस साक्ष्य के हत्या के आरोप में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मोहित वर्मा पुत्र गेंदालाल एक सप्ताह से लापता था। उसकी लाश 17 फरवरी 2026 को थाना जगतपुर क्षेत्र में मिली। दुखी परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी थी कि मोहित की हत्या उनके साथियों फूल राज, शोभित, मिथुन, शिव और गौतम ने की है। हालांकि, ग्रामवासियों और परिवार वालों का कहना है कि यह आरोप पूरी तरह झूठा है। उनका कहना है कि मृतक की हत्या में इन युवकों की कोई भूमिका नहीं है। युवकों की गिरफ्तारी और जेल भेजने से उनके पांच गरीब परिवारों का भरण-पोषण ठप हो गया है। गाँव ममुनी में आज ग्राम प्रधान और ग्रामीण धरने पर बैठे। मौके पर विधायक भी पहुंचे और परिजनों से संवाद किया। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण की संपूर्ण और निष्पक्ष जांच कराकर निर्दोष युवकों को जल्द रिहा किया जाए और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित बनाया जाए।

# समाजसेवी हर्ष गुलाटी बनी आधुनिक युग के महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**


जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय सहित गोण्डा एवं दिल्ली तक कपड़ा व्यवसाय में अपना अमिट छाप छोड़ने वाले जीसीएस ग्रुप की संरक्षिका हर्ष गुलाटी आधुनिक युग की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी है । 1940 में पाकिस्तान में जन्मी हर्ष गुलाटी ने भारत पहुंचकर अपने पति दर्शन लाल गुलाटी के साथ मिलकर देश सेवा तथा समाज सेवा की मिशाल पेश किया। गरीबों की सहायता तथा सेवा करना उनके स्वभाव में रहा । उन्होंने कड़े संघर्ष, मेहनत एवं लगन के बलबूते एक बड़ी इमारत परिवार एवं संपत्ति के रूप में खड़ा किया है, जो इस युग की लड़कियों तथा महिलाओं के लिए मिशाल बनेगा ।

हर्ष गुलाटी के बड़े पुत्र संजीव गुलाटी ने बताया कि उनकी मां 7 वर्ष की आयु में भारत पाकिस्तान विभाजन के दौरान पाकिस्तान से भारत आई थीं । उन्होंने कहा कि हमारी प्यारी मां आधुनिक समय की अनसुनी नायिका कही जा सकती हैं । माँ के लिए कुछ भी लिखना हमारे लिए सूरज को दिया दिखाने जैसा है। एक समर्पित पत्नी, एक पवित्र आत्मा, और अपने घर का हृदय,

जिन्होंने अपने पति दर्शन लाल गुलाटी के साथ 71 अमूल्य वर्ष प्रेम और अटूट समर्पण में बिताए। आज के इस भौतिकवादी युग में, जहां रिश्ते कुछ दिनों से अधिक नहीं टिकते, जहां हर चीज का मूल्य एक टैग से आंका जाता है, जहां सुविधाएं और भौतिक लाभ प्राथमिक हो गए हैं, और समझ व प्रतिबद्धता का अभाव है । ऐसे में उनका 71 वर्षों का वैवाहिक जीवन धैर्य, आस्था और अटूट प्रेम का एक जीवंत उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए

एक दुर्लभ और सुंदर प्रेरणा स्रोत है। सात वर्ष की कोमल आयु में वे 1947 के विभाजन के अशांत समय में भारत आई। बचपन की सारी सुख सुविधाएं इतिहास की उस विभीषिका में पीछे छूट गई। उसके बाद का जीवन साहस, धैर्य और अदम्य शक्ति से गढ़ा गया। उनका बचपन आसान नहीं था। फिर भी उस पीढ़ी की तरह उन्होंने हर कठिनाई का सामना दृढ़ निश्चय और आत्मबल से किया। उन दिनों का दर्द अक्सर इन पंक्तियों में झलकता थाकृ

÷जब-जब लम्हों ने खता की है, सदियों ने सजा पाई है।÷ विवाह के पश्चात हर्ष गुलाटी अपने पति दर्शन लाल गुलाटी के हर निर्णय के पीछे प्रेरक शक्ति और मार्गदर्शक बनी रहीं। दूरदर्शिता, गरिमा और समर्पण के साथ उन्होंने मिलकर सम्मान और उद्देश्य से भरा जीवन निर्मित किया। उन्होंने रोटरी इंटरनेशनल से संबद्ध इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा रहते हुए समाज सेवा में सक्रिय योगदान दिया। एक सफल एवं समर्पित होम्योपैथी चिकित्सक के रूप में उन्होंने असंख्य जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां देकर सेवा और उपचार प्रदान किया। गरीबों की सेवा और उनकी मदद करना श्रीमती गुलाटी ओके स्वभाव में आ चुका था। अपने परिश्रम, ईमानदारी और सेवा भाव से उन्होंने ÷गुलाटी÷ नाम को एक ऐसी विरासत बना दिया, जो बलरामपुर और आसपास के जिलों सहित देश की राजधानी दिल्ली तक विश्वास और सम्मान का पर्याय बन गया।



### पाकिस्तान से भारत तक का सफर

हर्ष गुलाटी की प्रेम कहानी तब शुरू हुई जब वह केवल 14 वर्ष की थीं, तब वह नसीराबाद से बलरामपुर पांच पांच ट्रेन बदल कर अपने सपनो के राजकुमार से मिलने आई, जिनसे वह पहले कभी नहीं मिली थीं, उनसे जन्म जन्मांतर का संबंध हो गया । उन्होंने अपने पीछे प्रेम की एक विरासत छोड़ी, अपने प्रिय पति के साथ बिताए 71 वर्षों की अमूल्य धरोहर के रूप में टीटू-रेणु, नीतू-अर्चना, पूनम -सुरेश, अनू -नवीन, आकाश -आकृति, हर्षित -श्रेया, सलोनी, इलु, अंश आर्या, अवी एवं सबकी लाडली दियारा तीन पीढ़ी के रूप में संजोया और संवारा । उन्होंने यह सिद्ध किया कि सच्चा साथ जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उनका जीवन साहस, सेवा और अटूट प्रेम की एक अमर गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

# निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए एनटीपीसी टांडा द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मेगा नेत्र जांच एवं निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा ने किया। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

शिविर 23 एवं 24 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। इसके उपरांत 25 से 27 फरवरी तक चयनित मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज में कराई जाएगी। शिविर का उद्देश्य आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण, समय पर रोग की पहचान तथा उच्च गुणवत्ता वाली शल्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। पंजीकरण के प्रथम दिन 150 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया, जिससे क्षेत्र में इस स्वास्थ्य पहल के प्रति उत्साह और विश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

कार्यक्रम में डॉ. मुकेश यादव (प्रधानाचार्य), डॉ. संजय सैवाल (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एच.के. सेठी (महाप्रबंधक-प्रचालन), एस.सी. सिंह (महाप्रबंधक-सतर्कता), डॉ. मनीषा पांडे (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एनटीपीसी टांडा), प्रमोद गोयल (अपर महाप्रबंधक-अनुरक्षण) तथा रजनीश कुमार खेतान (अपर महाप्रबंधक-मानव संसाधन) सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

इस पहल के माध्यम से एनटीपीसी टांडा ने रोके जा सकने वाले अंधत्व की रोकथाम एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्था की यह पहल समावेशी विकास एवं सामुदायिक उत्थान के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



## डीएम ने कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व वादों की समीक्षा बैठक कर, दिए निर्देश

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित विभाग, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें। परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये।
जिलाधिकारी ने लम्बित राजस्व वादों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि लम्बित वादों की समीक्षा कर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, सहित समस्त उप जिलाधिकारीगण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया एम.पी.पी. इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा परीक्षा केंद्र एम.पी.पी. इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने सबसे पहले परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की निगरानी व्यवस्था एवं अभिलेखों की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर पुस्तिका संकलन कक्ष का भी अवलोकन किया और उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव एवं समयबद्ध संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित क्योंकि सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप रहें, परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए।




# संत गाडगे महराज सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत थे : कमलेश चौधरी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अखिल भारतीय धोबी महासंघ के तत्वाधान में लोकहितवादी लोक कल्याणकारी निष्काम कर्मयोगी संत गाडगे महराज की 150वीं जयन्ती जिलाधिकारी निवास के पास स्थापित गाडगे महराज की मूर्ति परिसर क्षेत्र में मनायी गयी। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने कहा कि गाडगे महराज सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत थे। चौधरी ने कहा कि महराज अपढ़ होते हुए भी शिक्षा के महत्व को बखूबी जानते थे, उनका मानना था कि निरक्षरता अन्याय की जन्मदात्री है। प्रान्तीय व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करके ही हम उनके मिशन को आगे बढ़ा सकते हैं। संस्थान के महासचिव कैलाश कनौजिया ने कहा कि हम सभी को उनके दिखाये रास्ते पर चलकर समाज का उत्थान करना है। वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र चौधरी ने कहा भिखारी, अपंग, पागल लोगों की बढ़ती संख्या से महराज चिंतित रहते थे, आज हम सभी को इस कुव्यवस्था को दूर करने की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता राजेश यादव ने कहा कि वे स्वच्छता अभियान के जनक थे। कर्मचारी नेता अनूप मिश्रा ने कहा कि हमें अपने महापुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिए। बहुजन चिंतक रोहित चौधरी ने कहा कि हमें मानवता के लिए कार्य करना चाहिए। समाजसेवी राम ने कहा कि शिक्षा में कभी लिंग भेद नहीं करना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम निर्मल ने कहा कि दलित पिछड़े समाज को उत्थान के लिए शिक्षा का मार्ग अपनाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से रूपचन्द्र यादव, मदनलाल, गंगा प्रसाद, गंगा किसन, मंशाराम, रामसरन, रामनरेश चौधरी, सुरेश निर्मल, राजेश कुरील, विश्वदलित सबरा, गुड्डू कनौजिया, अविनीश चौधरी, सत्य नरायन निर्मल, शशिान्ति एडवोकेट, जग प्रसाद, राम औतार, दुर्गेश कुमार, सुखमीलाल, राजाराम, आशाराम, अमरजीत, महराजदीन राजवंशी, अजीत कनौजिया, अशोक कुमार सिंह, कानत कनौलिया, सतीश कुमार, राम किसुन निर्मल, अमर कनौजिया, अशोक कुमार निर्मल, दिलीप निर्मल, मान सिंह, राम प्रसाद आर्य, रत्नेश चौधरी आदि लोगों ने संत गाडगे महराज की मूर्ति पर माला-फूल अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।



## मा0 विधायक सलोन द्वारा मृतक के आश्रितों को उपलब्ध कराई गई आर्थिक सहायता

**रायबरेली।** मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार ने आज मृतक मोहित पटेल के आश्रितों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि और अन्य लाभों के प्रमाण पत्र प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि मोहित पटेल पुत्र गेंदालाल निवासी ग्राम गोसाई का पुरवा मजरे ममुनी परगना व तहसील सलोन जनपद रायबरेली की मृत्यु हो गई थी। मृत्रक अपने परिवार में एक मात्र कमाऊ सदस्य था। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मृतक के परिवार को शासन द्वारा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत 5 लाख रुपये की सहायता धनराशि, आवासीय पट्टा (भूमि 125 वर्ग मीटर), निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत (प्रतिमाह धनराशि रु0-1000), राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत (एकमुश्त आर्थिक सहायता धनराशि रु0-30000), मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ का चेक व प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत (रु0-2500/प्रतिमाह) का लाभ दिलाए जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

# संस्थापक सप्ताह के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में चल रहे संस्थापक सप्ताह समारोह के दूसरे दिन सोमवार को आशु कविता, मेहदी रचे हाथ व क्षणिकाएं प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सृष्टि, छवि, रागिनी, रंजना व रमा ने बाजी मारी।
जानकारी के अनुसार 23 फरवरी को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि आशु कविता का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों की तत्कालिक रचनात्मकता, मौलिक सोच और तीव्र अभिव्यक्ति क्षमता को निखारना है। यह प्रतियोगिता रचनात्मक लेखन, कल्पनाशीलता, आत्मविश्वास और भाषा कौशल के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के साथ-साथ साहित्य के प्रति प्रेम पैदा करने के लिए आयोजित की जाती है। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता, त्वरित सोच, और भाषाई कौशल को निखारने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रतियोगिता बिना पूर्व तैयारी के अचानक दिए गए विषयों पर कविता रचने की क्षमता विकसित करती है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है, कल्पनाशीलता को पंख मिलते हैं और वे भावनाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करना सीखते हैं। मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह ने सभी का स्वागत किया जबकि सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। डॉ राम रहीस के संयोजकत्व में आयोजित आशु कविता प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को ष्मेरे सपनों का नेताष्विषय पर प्रतिभागियों को कविता लिखना था तथा उसमें चयनित प्रतिभागियों को उसका वाचन भी करना था। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रो0 विमल प्रकाश वर्मा, डॉ ए के दीक्षित व डॉ बी एल गुप्त ने बीएड द्वितीय वर्ष की रंजना चौधरी व बीएससी द्वितीय वर्ष की रमा पाठक को संयुक्त रूप से प्रथम, बीएड प्रथम वर्ष के प्रशांत चौबे को द्वितीय व बीएड प्रथम वर्ष की रागिनी को तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया । डॉ वंदना सिंह के संयोजकत्व में आयोजित मेहंदी रचे हाथ प्रतियोगिता में निर्णायक लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान, सीमा पाण्डेय व मणिका मिश्रा ने एम ए द्वितीय वर्ष की सृष्टि पाण्डेय को प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की शाफिया को द्वितीय व बीए तृतीय वर्ष की प्रांजु मोदनवाल को तृतीय पुरस्कार के लिए चुना। वहीं डॉ आशीष लाल के संयोजकत्व में ष्पहचानष्विषय पर क्षणिकाएं प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ अवनीन्द्र दीक्षित व मनीषा तिवारी ने बीएससी तृतीय वर्ष की छवि तिवारी व बीएड प्रथम वर्ष की रागिनी को संयुक्त रूप से प्रथम, बीएड प्रथम वर्ष की हर्षिता गुप्ता को द्वितीय एवं बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशांत चौबे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय, डॉ भानु प्रताप, डॉ रिंकू, कृतिका तिवारी, डॉ साक्षी शर्मा, गौरी पुरी, प्रतीची सिंह व शिवम सहित कई लोग मौजूद रहे।



### डीएम ने मांगा विगत तीन साल के दौरान हुई रोड कटिंग का ब्यौरा

# रोड कटिंग के बाद रोड की मरमत न करने वालों के जिमेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई




**विगत तीन माह के प्रवर्तन संबंधित आंकड़े**

**प्रवर्तन (चालान)**
नवंबर 2025 : 2,267
दिसंबर 2025 : 3,202
जनवरी 2026 : 10,108*
*जनवरी में शासन के निर्देश पर विशेष अभियान
वर्ष 2024 एवं 2025 की मासिक तुलना

**नवंबर तुलना (2024 ? 2025)**
दुर्घटना : 34 ? 26
मृतक : 19 ? 14
घायल : 23 ? 13

**दिसंबर तुलना (2024 ? 2025)**
दुर्घटना : 57 ? 37
मृतक : 33 ? 22
घायल : 41 ? 17

**जनवरी तुलना (2025 ? 2026)**
दुर्घटना : 37 ? 24
मृतक : 26 ? 17
घायल : 23 ? 9

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

### जनवरी माह में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने किए 10,108 चालान, सड़क हादसों में आई कमी

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियम सुझाव नहीं, जीवन रक्षा के नियम हैं। इनका पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। समीक्षा में सामने आया कि प्रवर्तन में बढ़ी सख्ती का सीधा असर दुर्घटनाओं के आंकड़ों में दिखाई दे रहा है।

जनवरी 2026 में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा 10,108 चालान किए गए। इनमें 6,297 ओवर स्पीड, 1,307 नो पार्किंग, 996 हेलमेट न पहनने और 938 विपरीत दिशा में वाहन संचालन के मामले शामिल रहे। इससे पहले नवंबर 2025 में 2,267 और दिसंबर 2025 में 3,202 चालान किए गए थे।

प्रवर्तन के समानांतर दुर्घटनाओं में भी लगातार कमी दर्ज की गई। नवंबर 2024 की तुलना में नवंबर 2025 में दुर्घटनाएं 34 से घटकर 26 रहीं। मृतकों की संख्या 19 से घटकर 14 और घायलों की संख्या 23 से घटकर 13 हो गई। दिसंबर 2024 में 57 दुर्घटनाएं थीं, जो दिसंबर 2025 में घटकर 37 रह गई। जनवरी 2025 में 37 दुर्घटनाओं के मुकाबले जनवरी 2026 में यह संख्या घटकर 24 रह गई। मृतक 26 से घटकर 17 और घायल 23 से घटकर 9 हो गए। ओवर स्पीड और गलत दिशा में वाहन संचालन पर केंद्रित सख्ती से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जनपद के क्रिटिकल कॉरिडोर पर महाराजपुर, चकेरी, नौबस्ता, गोविन्दनगर, गुजैनी, बर्रा, हनुमन्त विहार, पनकी, सचेण्डी, बिठूर, शिवराजपुर, चौबेपुर, बिल्हौर, अरौल, बिधनू, साढ़, घाटमपुर और सजेती सहित 18 थानों को शामिल करते हुए 20 विशेष टीमें गठित की गई हैं। चौबेपुर और घाटमपुर से दो-दो टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में एक प्रभारी उपनिरीक्षक और चार आरक्षी तैनात हैं। टीमों को स्पीड लेजर गन, बॉडी वॉर्न कैमरा, डेसीबल मीटर, ब्रेथ एनालाइजर, रिफ्लेक्टिव जैकेट, सर्च लाइट, लाउड हेलर, फर्स्ट् एड किट और स्ट्रेचर जैसे उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे प्रवर्तन के साथ आपात स्थिति में त्वरित सहायता भी सुनिश्चित हो सके। बैठक में सड़कों की गुणवत्ता और जवाबदेही पर भी कड़ा रुख अपनाया गया। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग से खुदी सड़कों की सूची मांगी गई। रावतपुर क्रॉसिंग से डबल पुलिया तक क्षतिग्रस्त सड़क के मामले में जल निगम/जलकल की रोड कटिंग पर नाराजगी जताते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। डीएम ने विगत तीन वर्षो के दौरान विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा की गई रोड कटिंग का ब्यौरा तलब किया। नगर निगम के चीफ इंजीनियर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि महत्वपूर्ण बैठकों में जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। डीएम ने गोल्डन आवर में उपचार, राहवीर योजना और घायल को कैशलेस उपचार देने की योजना पीएम राहत के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा को दीर्घकालिक व्यवहार परिवर्तन से जोड़ा जाएगा। विद्यालयों के माध्यम से परिवारों तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और प्रत्येक माह विषय आधारित विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। बैठक में डीसीपी यातायात रविंद्र कुमार, एआरटीओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जिम्मेदारों की लचर कार्यशैली, भ्रष्टाचारियों के लिए बनी वरदान

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जहाँ एक तरफ शासन-प्रशासन की मंशा है कि प्रदेश भ्रष्टाचार-मुक्त बने और सरकारी योजनाएँ बिना बाधा आम जनमानस तक पहुँचें, वहीं दूसरी तरफ विकास खण्ड परसेण्डी के जिम्मेदार अधिकारी जिलाधिकारी राजा गणपति आर के सख्त निर्देशों को भी नजरअंदाज कर रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा लगातार किए जा रहे औचक निरीक्षणों और लापरवाह तथा भ्रष्ट अधिकारियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के बावजूद परसेण्डी ब्लॉक में अनियमितताओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।बताया जा रहा है कि ग्राम खदनिया में मनरेगा के तहत सोनारी सीमा से रामनरेश के खेत तक चल रहे ड्रेन खुदाई कार्य में बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा है। ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक की सांठगांठ से करीब 82 श्रमिकों की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है। फर्जीवाड़े का सबसे बड़ा सबूत एनएमएमएस पोर्टल बन रहा है, जहाँ वास्तविकता और दर्ज की गई हाजिरी में बड़ा अंतर साफ दिखाई दे रहा है।रोजगार सेवक द्वारा 82 श्रमिकों की हाजिरी दर्ज किए जाने का दावा किया गया, लेकिन पोर्टल पर मात्र 14द्15 श्रमिक ही कार्य स्थल पर मौजूद दिख रहे हैं। यही नहीं, सभी मास्टररोल पर एक ही श्रमिकों की फोटो बार-बार अपलोड कर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है।इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों की लचर कार्यशैली भ्रष्टाचारियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है, जिससे मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की पारदर्शिता और उद्देश्य पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।जब उक्त प्रकरण के सम्बंध में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राम शंकर से जानकारी की की गई तो उन्होंने बताया कि सबको नोटिस देकर जवाब मांगते है अब ऐसे में सवाल यह है की आखिर जिम्मेदार कब तक नोटिस की आड़ में भ्रष्टाचारियो को संरक्षण देते रहेंगे या फिर कभी कोई कार्यवाही भी होगी।

# ना दहेज ना बैंड बाजा, ना बाराती सादगी से मंदिर में बने दो जोड़े जीवन साथी





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। विनीत मिश्रा जो पैसे से व्यवसायी एवं अधिवक्ता है ने अंकिता के साथ एवं आकाश तिवारी जो प्रशिक्षित योगाचार्य है ने सुचिता त्रिपाठी से दहेज रहित सादगी से सनातन वैदिक सिद्धांतों के अनुरूप बिठूर के प्रसिद्ध प्राचीन शिव विष्णु मंदिर तथा मनु शतरूपा मंदिर के परिसर में अपने परिजनों एवं इष्ट मित्रों के मध्य अग्नि को साक्षी मानकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह किया।

विनीत बताते हैं कि यह प्रेरणा उन्हें सनातन मंदिर चेतना समिति के अजय कुमार मिश्रा से मिली और उन्हें इस प्रकार से विवाह से बड़ी संतुष्टि मिली आज जब सनातन वैदिक सिद्धांतों का तेजी से लोप हो रहा है और विवाह दिखावटी और प्रदर्शन का आयोजन बनता जा रहा है जिसके कारण विवाह के बाद आपसी कलह और अलगाव के काफी मामले आ रहें हैं ऐसे में ऐसा विवाह जो शुद्ध वैदिक सिद्धांतों के ऊपर आधारित है से समाज को काफी प्रेरणा मिलेगी और हमारा दांपत्य जीवन सुख मय बनेगा। उन्होंने मंदिर की सादगी पूर्ण व्यवस्था के लिए आभार जताया और कहा कि वह आजीवन सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन मंदिर चेतना समिति से जुड़े रहेंगे।

आकाश तिवारी जो मुंगेर के प्रसिद्ध योग केंद्र के प्रशिक्षित योग आचार्य हैं तथा विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में योग और तनाव मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देते हैं ने बताया कि उन्हें शुरू से ही शादियों में हो रही बर्बादी और दहेज आदि से सख्त नफरत थी और वह चाहते थे कि विवाह सादगी से हो जिससे समाज को प्रेरणा मिल सके । दैव योग से उनके जीवन साथी बनी शुचिता की भी यही राय थी ।फिर उन्होंने कई स्थानों और मंदिरों को देखने के बाद बिठूर में स्थित इस मंदिर को चुना। यह मंदिर सनातन धर्म की रक्षा करने और विश्व में उसकी पताका फहराने के लिए काम कर रहा है यहां विवाह होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

पंडित ओंकारनाथ शास्त्री जी और पं विमल शास्त्री जी ने पूरे विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में विवाह संपन्न कराया और आशीर्वाद देते हुए कहा कि हे सौभाग्यशाली दंपति! आप दोनों जीवन पर्यंत एक समान विचार वाले हो। जीवन यज्ञ है इसके रक्षक ईश्वर को, परिवार को, समाज को, राष्ट्र का सदा ध्यान रखें और उसकी मंगल कामना करते रहना।

सनातन मंदिर चेतना समिति के सचिव और सनातन वैदिक रामराज परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र कहा कि युवाओं की यह पहल निश्चित रूप से समाज को नई दिशा प्रदान करेगी और हम दहेज संबंधी कुरीतियों को समाप्त कर सकते हैं । बिठूर का यह मंदिर सनातन वैदिक पद्धति से दहेज रहित सजातीय विवाह बिना किसी शुल्क के करने के लिए सनातनी हिंदुओं को प्रेरित और आमंत्रित करता है।

# बिठूर में श्रीमद् भागवत कथा में भगवान के 24 अवतारों का हुआ दिव्य वर्णन





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। सोमवार को मातृछाया गुरुकुलम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पावन प्रसंग में भगवान के 24 अवतारों की महिमा का भावपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन किया गया। कथा व्यास पंडित रवि शंकर (किंकर जी) महाराज ने अपने ओजस्वी वचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान के विभिन्न अवतारों के माध्यम से धर्म की स्थापना, अधर्म के विनाश तथा मानव जीवन में सदाचार, करुणा और भक्ति के महत्व को सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में समझाया। उपस्थित श्रद्धालु कथा श्रवण कर भाव-विभोर हो उठे।

इस अवसर पर रोहित मिश्रा, चेयरमैन, रॉयल ग्रुप एवं कथा आयोजक, अपने समस्त परिवार सहित श्रद्धापूर्वक उपस्थित रहे। उन्होंने कथा के सफल आयोजन हेतु सभी भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने इस आध्यात्मिक आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायी बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए।

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खेरसा का वार्षिकोत्सव संपन्न, पुरस्कृत की गई प्रतिभाएं

**इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गोमती देवी, आर. पी. रीना चन्देल, एस.एम.सी. सदस्य अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष बन्दना साहू व विद्यालय में बढ़ने वाले बच्चों के अभिभावव उपस्थित रहे।**



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खेरसा विधनू में विद्यालय स्तरीय वार्षिकोत्सव पूरी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विकास चंद्र तिवारी व ग्राम प्रधान गोमती देवी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने इस अवसर पर सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की जूनियर कक्षाओं की बालिकाओ द्वारा सत्यम शिवम सुन्दरम, गीत पर बहुत ही मोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। डांडिया नृत्य की प्रस्तुति कर बाद बेटी बचाओ , बेटी पढ़ाओ की थीम पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। वार्षिकोत्सव में अन्य रंगारंग कार्यक्रम भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम सहायक अध्यापिका सारिका सिंह द्वारा तैयार किये गये। इसी क्रम में प्रधानाचार्य विकास चन्द्र तिवारी जी ने शिक्षा क्यों जरूरी है और बच्चों को खेलकूद में क्यों प्रतिभाग करना चाहिये' विषय पर अभिभावकों के सामने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सहायक अध्यापिका सारिका सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय में पढाई के साथ बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें प्रतिभाग के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि उनका आत्म विश्वास बढ़े। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है बस उन्हें उनकी प्रतिभा के अनुसार तराशने का काम हम अध्यापक को करना चाहिये। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही ग्राम प्रधान गोमती देवी ने बच्चों में अनुशासन और संस्कार की आवश्यकता पर जोर देते हुए विद्यालय में बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के आखिर में प्रधानाचार्य विकास चन्द्र तिवारी जी ने मुख्य अतिथि को शाल डालकर सम्मानित किया।

विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों व उनके अभिभावको को भी सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने योगेन्द्र, विनय मिश्र महामंत्री

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



इस वर्ष कानपुर बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए श्री योगेंद्र कुमार अवस्थी तथा महामंत्री विनय कुमार मिश्रा विजेता रहे। विजेताओं का उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मतों से स्वागत किया।

विनय कुमार मिश्र ने अपनी विजय से पूर्व एवं पश्चात् पनकी मंदिर जाकर हनुमानजी की आराधना की। उनके बड़े भाई तथा पूर्व सांसद प्रत्याशी अजय कुमार मिश्र ने बताया कि हमारे अनुज विनय बचपन से ही हनुमानजी के उपासक हैं उन्हें हनुमान चालीसा दो बर्ष की उम्र में ही कंठस्थ हो गई थी। नेतृत्वकर्ता के गुण भी उनमें जन्मजात हैं।

विजय के पश्चात महामंत्री विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान की रक्षा, न्यायालय परिषद में मूलभूत सुविधाएं, जूनियर अधिवक्ताओं के लिए स्टाईपेंट और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए पेंशन सुविधा दिलाने के लिए कार्य करेंगे।

विनय कुमार मिश्र सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के संस्थापक सदस्यों में से हैं और उन्हें सनातन वैदिक शास्त्रों में बेहद रुचि तथा ज्ञान है। उन्होंने कहा कि मंदिरों की भूमि हड़पना घोर अपराध है वह प्रयास करेंगे कि इसके खिलाफ जन चेतना का अभ्युदय हो।

वह सनातन वैदिक धर्म की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

गरीबों और वंचितों को भी न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी।

विनय कुमार मिश्र की जीत से उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है।

पनकी मंदिर के महंत श्री कृष्ण दास जी, एडवोकेट मनोज द्विवेदी, शशिकांत पांडेय, कुलदीप, शैलेन्द्र, विनीत मिश्र सहित भारी संख्या में लोगों ने जीत की बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मकान बिक्री के नाम पर 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

मकान बिक्री के नाम पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक महिला और उसके बेटे और बेटी ने सौदे के नाम पर रकम लेकर रजिस्ट्री नहीं की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्शनपुरवा निवासी आशीष कुमार जैन ने पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन को दी गई शिकायत में बताया कि वह श्री बालाजी डेवलपर्स एंड बिल्डर्स, 119/370 दर्शनपुरवा के पार्टनर हैं। उनके अनुसार कल्याणपुर स्थित ईडब्ल्यूएस आवास संख्या-4863 की स्वामिनी आशा शर्मा पत्नी स्वर्गीय रविदत्त शर्मा ने उक्त मकान का सौदा 35 लाख रुपये में किया था। सौदे के तहत उनकी संस्था की ओर से विभिन्न तिथियों में भुगतान किया गया।

इसमें 29 जनवरी 2024 को 2 लाख रुपये, 5 जुलाई 2024 को 2 लाख रुपये, 30 दिसंबर 2024 को 6 लाख रुपये, 20 मार्च 2025 को 1 लाख रुपये तथा 9 अप्रैल 2025 को 5 लाख रुपये आरटीजीएस एवं चेक के माध्यम से केनरा बैंक शाखा दर्शनपुरवा से अदा किए गए। इसके अतिरिक्त 17 मार्च 2025 को यूनियन बैंक मालरोड शाखा से 1.50 लाख रुपये का चेक दिया गया। एक फरवरी 2025 को 6 लाख रुपये नकद भुगतान तथा 15 जुलाई 2025 को 1.50 लाख रुपये स्टाम्प विक्रयपत्र तैयार कराने के लिए दिए गए।

आरोप है कि कुल 25 लाख रुपये प्राप्त करने के बाद जब शेष 10.50 लाख रुपये लेकर रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो वह सभी कोई भी सीधा जवाब न देकर टालमटोल करने लगे। काफी समय बीत जाने के बाद जब दिए गए रुपए मांगे तो आशा शर्मा ने एचडीएफसी बैंक, आवास विकास पनकी रोड शाखा का 25 लाख रुपये का चेक (दिनांक 24 सितंबर 2025) दिया। यह चेक 25 सितंबर 2025 को केनरा बैंक में लगाई तो वह बाउंस हो गई।जब फोन पर संपर्क न होने पर जब वह आरोपी के पते पर पहुंचे तो पता चला कि वह कई दिनों से घर छोड़कर चली गई हैं। पड़ोसियों ने बताया कि मकान पर बैंक की ओर से नीलामी का नोटिस भी चस्पा किया जा चुका है। आरोप है कि आशा शर्मा ने पूर्व से बंधक मकान की जानकारी छिपाकर 25 लाख रुपये हड़प लिए और फरार हो गई। इस कथित साजिश में उनके बेटे बउवा और बेटी काकू भी शामिल है। वही कल्याणपुर पुलिस ने पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वही थाना प्रभारी कल्याणपुर संतोष सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## बैंड वालों का बैंड बजाया कानपुर पुलिस ने

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रावतपुर थाना क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा के दौरान देर रात तेज ध्वनि में डीजे बजाने के मामले में पुलिस ने तीन बैंड ट्रॉली संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघन पर की गई है। थाना रावतपुर में तैनात उप निरीक्षक रोहित कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 21 फरवरी 2026 की रात वह पुलिस टीम के साथ जोनल चेकिंग, गश्त, पिकेट ड्यूटी और नाइट चेकिंग पर थे। इसी दौरान डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि केडीएमए रोड स्थित रिचा गेस्ट हाउस के बाहर कई डीजे संचालक तेज आवाज में गाने बजा रहे हैं,

जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों की पढ़ाई और बुजुर्गो के आराम में बाधा उत्पन्न हो रही है। सूचना पर पुलिस टीम रात लगभग 23:40 बजे मौके पर पहुंची।

पुलिस के अनुसार केडीएमए रोड पर के बाहर सड़क पर मिलन बैंड ट्रॉली, सम्राट बैंड ट्रॉली (विपिन बारात बैंड ट्रॉली) तथा करन बैंड सागर लाइट के डीजे संचालक तेज ध्वनि में गाने बजाते मिले। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर दी है। थाना प्रभारी रावतपुर कमलेश राय ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एपीओ के विरोध में रोजगार सेवको का प्रदर्शन तेज

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** एपीओ अर्चना सिंह के खिलाफ ग्रामीण रोजगार सेवकों का विरोध प्रदर्शन तेज हुआ कुल 66 ग्रामीण रोजगार सेवक धरने पर बैठे और एपीओ पर कमीशनखोरी जैसे गंभीर आरोप लगाये। धरना दे रहे रोजगार सेवकों का कहना है कि कार्यों के भुगतान और फाइलों के निस्तारण के नाम पर अवैध धन की मांग की जाती है। बिना कमीशन के प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ाए जाते, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रोजगार सेवकों ने बताया कि पिछले आठ महीनों से उन्हें मानदेय नहीं मिला है। आगामी त्यौहार होली सिर पर है, ऐसे में आर्थिक तंगी के कारण उनके परिवारों के सामने संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने एपीओ की मछरेहटा क्षेत्र में तैनाती के दौरान भी तमाम पत्र दिखाए। इसके बाद सभी रोजगार सेवक उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन डॉ अंजलि सिंह, एसडीएम न्यायिक को दिया गया। इस दौरान रोजगार सेवक कौशलेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, धर्मेंद्र सिंह, मनोज यादव, शांति देवी के साथ तमाम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** श्री गांधी महाविद्यालय सिधौली की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा नगर पंचायत सिधौली के मोहल्ला लोधपुरवा स्थित पंचायत भवन में सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय विशेष शिविर के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' एवं डॉ. गोपाल सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया और 'नॉट मी, बट यू' की सेवा भावना पर प्रेरक विचार रखे। विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने युवाओं को सेवा, नेतृत्व व सामाजिक उत्तरदायित्व अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय वर्मा ने सभी अतिथियों, स्वयंसेवकों व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। प्रथम दिवस पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषयक जागरूकता रैली निकालकर बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण व सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया गया।

### टीम से उलझे प्रदर्शनकारी पुलिस ने की सख्ती

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** शव रखकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस टीम से उलझ गये पुलिस मामले को शांत करने का प्रयास कर रही थी। प्रदर्शनकारी लगातार पुलिस टीम से उलझते जा रहे थे तो पुलिस ने हल्के से बल का प्रयोग कर दिया जिससे मामला शांत हो गया। गौरतलब हो कि मिश्रिख इलाके में उत्तरधौना गांव के बाहर रविवार शाम सड़क पार करते समय पिकअप की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई।

# श्री पशुपति नाथ शिव मंदिर में रुद्राभिषेक व विशाल भंडारा उमड़ा आस्था का सैलाब

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कल्याणपुर आवास विकास, कल्याणपुर स्थित आकार श्री पशुपति नाथ शिव मंदिर (नेपाली मंदिर) परिसर में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से भव्य रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। जिसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के वातावरण में हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत शिव लाल पाण्डेय ने श्री पशुपति नाथ धाम की महत्ता और आध्यात्मिक परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां होने वाला रुद्राभिषेक भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करता है। भंडारे के आयोजक रवि वाजपेयी (सदस्य, जेड.आर.यू.सी.सी., उत्तर मध्य रेलवे) ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन भक्तों की आस्था और सामूहिक सहयोग का प्रतीक है। इस अवसर पर कई सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से-राहुल बच्चा सोनकर (विधायक) अनिल दीक्षित (भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष) उपेंद्र पासवान (कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष) अनुराधा अवस्थी (ब्लॉक प्रमुख, कल्याणपुर) राजेश शुक्ला (ब्लॉक प्रमुख, चौबेपुर) साथ ही आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्री राम, जिला प्रचारक बिल्हौर धीरेन्द्र, अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक शिवाकांत महाराज, जिला पंचायत सदस्य शिवम गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता, भाजपा नेता संजीव पाठक, अभिनव तिवारी, अपना दल (एस) जिला अध्यक्ष डब्बन कटियार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार, शानू राठौर, नरेंद्र प्रताप सिंह, गुड्डू सिंह, शोभित दीक्षित, शिवम तिवारी, अनुज मिश्रा, नागेंद्र सिंह, देवेंद्र त्रिपाठी, नील कमल सिंह चौहान, उत्कर्ष अग्निहोत्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।आस्था और सामाजिक समरसता का संगम

पूरे आयोजन के दौरान 'हर-हर महादेव' के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।

श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में व्यवस्था अनुकरणीय रही और भक्तों ने शांतिपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता और सेवा भावना का भी संदेश दे गया।

### फसल जुतवाने को लेकर जनप्रतिनिधि व किसान संगठनो ने दिया किसानों को समर्थन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हिंडौरा गांव में तहसील प्रशासन द्वारा खड़ी गेहूं व सरसों की फसल को ट्रैक्टर से जुतवाए जाने की घटना पर जनप्रतिनिधियों व किसान संगठनों ने किसानों के समर्थन में एकजुटता दिखाई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल भार्गव (एडवोकेट) ने इसे किसान विरोधी कदम बताते हुए सरकार से संवेदनशीलता बरतने की मांग की। इस दौरान अंकित यादव (बादल) जिला सचिव समाजवादी छात्र सभा, रामकरन यादव विधानसभा सचिव, कौशल यादव सेक्टर अध्यक्ष, सुरेश राजपूत, आबिद अली तथा मो. सिराज नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी भी मौजूद रहे। वहीं भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चैहान (विवेक), सीतापुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी सिधौली को ज्ञापन सौंपकर धारा 67 राजस्व संहिता के विधिसम्मत पालन, दरिया बरार भूमि की पैमाइश, फसल सुपुर्दगीध्नीलामी प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा किसानों के नुकसान का निष्पक्ष आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# किशनगंज सैन्य छावनी को लेकर दोहरी राजनीति कब तक?

**क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है। यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। आज किशनगंज में जो हो रहा है, वह केवल एक जिले का प्रश्न नहीं है।**

*किशनगंज में प्रस्तावित सैन्य छावनी को लेकर खड़ा किया गया विवाद केवल भूमि अधिग्रहण का प्रश्न नहीं है, यह नेतृत्व की विश्वसनीयता की अग्निपरीक्षा है। किसान चिंतित हैं और चिंता स्वाभाविक है लेकिन असली सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि इन चिंताओं का समाधान खोज रहे हैं या उन्हें राजनीतिक ढाल बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं? जब वही नेता संसद में खड़े होकर किशनगंज से जुड़े सिलीगुड़ी गलियारे को देश की जीवनरेखा बताते हैं, उसे सामरिक दृष्टि से अनिवार्य मानते हैं, उत्तर-पूर्व को जोड़ने वाली परियोजनाओं को राष्ट्रीय आवश्यकता घोषित करते हैं, तब उनकी आवाज़ में राष्ट्रहित गूंजता है। किंतु जब उसी भूभाग में सेना की स्थायी उपस्थिति की बात आती है, तो वही स्वर विरोध में बदल जाता है। यह विरोध केवल नीति का नहीं, नीयत का भी परीक्षण है। क्या सुरक्षा केवल रेल लाइन तक सीमित है? क्या परिवहन ढांचा सामरिक है, पर उसकी रक्षा के लिए सैनिक उपस्थिति असामरिक? यदि गलियारे की मजबूती आवश्यक है, तो उसकी सुरक्षा की रीढ़ क्यों विवादास्पद बना दी जाती है? यह विरोधाभास संयोग नहीं हो सकता। यह राजनीतिक सुविधा का गणित है। भूमि अधिग्रहण निःस्संदेह संवेदनशील विषय है। किसानों की आजीविका सर्वोपरि है। परंतु नेतृत्व का दायित्व केवल भावनाओं को हवा देना नहीं बल्कि तथ्यों को स्पष्ट करना भी है। क्या किसानों को बताया गया कि सीमांत क्षेत्र में सैन्य छावनी केवल जमीन का उपयोग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दीर्घकालिक सुरक्षा और स्थिरता की गारंटी है? क्या संवाद हुआ, या केवल आशंका को उछाला गया? राष्ट्र की सुरक्षा खंडों में नहीं चलती। रेल, सड़क, संचार और सैन्य उपस्थिति, ये सब मिलकर समग्र सुरक्षा तंत्र बनाते हैं। यदि एक का समर्थन और दूसरे का विरोध किया जाए, तो यह रणनीतिक दृष्टि नहीं, राजनीतिक अवसरवाद कहलाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरक्षा जैसे विषय को भी पहचान और ध्रुवीकरण के चश्मे से देखा जाने लगा है। सेना की छावनी कोई सांप्रदायिक या राजनीतिक प्रतीक नहीं होती; वह राष्ट्रीय एकता का संरक्षक स्तंभ होती है। उसे विवाद का विषय बनाना दूरगामी खतरों को आमंत्रण देना है। किशनगंज के नागरिक यह जानने के अधिकारी हैं कि उनके नाम पर कौन-सी राजनीति की जा रही है। क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है। यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। आज किशनगंज में जो हो रहा है, वह केवल एक जिले का प्रश्न नहीं है। यह उस राजनीतिक संस्कृति का दर्पण है, जहां राष्ट्रहित और जनभावना के बीच कृत्रिम टकराव पैदा कर लाभ उठाने की कोशिश की जाती है। समय आ गया है कि नेता तय करें कि वे इतिहास में दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता के रूप में दर्ज होना चाहते हैं, या क्षणिक राजनीति के शोर में खो जाना चाहते हैं। किशनगंज की यह कसौटी केवल स्थानीय नहीं, राष्ट्रीय स्मृति में अंकित होगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत ने एआई स्टैक की पांच परतों के निर्माण की नीति अपनाई है, जिसमें डेटा, प्लेटफॉर्म, मॉडल, एप्लिकेशन और गवर्नेंस शामिल हैं। 'सॉवरेन बुके' मॉडल की अवधारणा का उद्देश्य देश के लिए स्वदेशी एआई क्षमताओं का विकास करना है, जिससे रणनीतिक निर्भरता कम हो सके। एआई सुरक्षा के लिए 12 संस्थानों का नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मानकों, शोध और परीक्षण पर कार्य कर रहा है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए 'पैक्स सिलिका' समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल चिप निर्माण और संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।**

# एआई का नया युग और भारत की मानव केंद्रित दृष्टि



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**


**भारत की मानव-केंद्रित नीति, संतुलित विदेश नीति और विशाल प्रतिभा भंडार ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जिसमें तकनीकी नवाचार सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ सके। एआई का अगला अध्याय केवल एल्गोरिद्म और डेटा तक सीमित नहीं रहेगा; यह विश्वास, सहयोग और समावेशी विकास की कहानी भी लिखेगा। भारत इस कहानी का केंद्रीय पात्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।**

नई तकनीकी क्रांति के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक शक्ति संतुलन, आर्थिक निवेश और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाला परिवर्तनकारी उपकरण बन चुका है। देश की राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया कि भारत इस परिवर्तन के केंद्र में स्वयं को स्थापित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार यह आयोजन 'भव्य रूप से सफल' रहा और देश को एआई क्षेत्र में 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह आंकड़ा आज सिर्फ आर्थिक भरोसे का संकेत नहीं है, यह तो वैश्विक मंच पर भारत की नीति-दृष्टि की स्वीकृति को रेखांकित करता है।

**मानव-केंद्रित एआई : भारत की विशिष्ट पहचानः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'मानव एआई' की परिकल्पना इंसानों का, इंसानों द्वारा और इंसानों के लिए एआई को व्यापक वैश्विक समर्थन मिला। इस दृष्टि का सार यह है कि एआई का विकास केवल व्यावसायिक लाभ या तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक कल्याण, नैतिक मानकों और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे। समिट में 70 से अधिक देशों ने अंतिम घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जोकि पिछले सम्मेलन से अधिक संख्या है। वस्?तुतः यह तथ्य दर्शाता है कि जिम्मेदार और नैतिक एआई पर भारत की पहल को बहुपक्षीय समर्थन प्राप्त हुआ है।

**निवेश का अभूतपूर्व प्रवाहः विश्वास का आर्थिक रूपः** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अवसंरचना से जुड़े निवेश प्रस्ताव 250 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुके हैं, जबकि डीप-टेक और वेंचर कैपिटल निवेश प्रतिबद्धताएं लगभग 20 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। इन प्रतिबद्धताओं का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि एआई अवसंरचना में उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे घटक शामिल होते हैं। यह निवेश संकेत देता है कि भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि एआई समाधान विकसित करने वाला वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय इंजीनियरों और शोधकर्ताओं द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल उद्योग जगत के लिए आश्चर्य का विषय बने हैं।

**रिकॉर्ड भागीदारी और वैश्विक उपस्थितिः** समिट में 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। विश्व के लगभग सभी प्रमुख एआई प्रतिष्ठानों, उद्योग दिग्गजों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इसे वैश्विक मंच का रूप दिया। प्रदर्शनी में नई तकनीकों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन हुआ। मंत्रिस्तरीय संवाद, लीडर्स प्लेनरी और उद्घाटन सत्रों में चर्चाओं की गुणवत्ता को असाधारण बताया गया। ढाई लाख विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना, जो यह दर्शाता है कि भारत एआई को युवा शक्ति से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह भागीदारी भविष्य की कौशल संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है।



**अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है।**

**एआई स्टैक और सॉवरेन मॉडलः रणनीतिक आत्मनिर्भरताः** भारत ने एआई स्टैक की पांच परतों के निर्माण की नीति अपनाई है, जिसमें डेटा, प्लेटफॉर्म, मॉडल, एप्लिकेशन और गवर्नेंस शामिल हैं। 'सॉवरेन बुके' मॉडल की अवधारणा का उद्देश्य देश के लिए स्वदेशी एआई क्षमताओं का विकास करना है, जिससे रणनीतिक निर्भरता कम हो सके। एआई सुरक्षा के लिए 12 संस्थानों का नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मानकों, शोध और परीक्षण पर कार्य कर रहा है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए 'पैक्स सिलिका' समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल चिप निर्माण और संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**एआई का व्यावहारिक उपयोगः भारत की बढ़तः** अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है। भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग से जुड़े प्रश्न वैश्विक औसत की तुलना में तीन गुना अधिक पूछते हैं और शिक्षा से संबंधित प्रश्न लगभग दोगुने हैं। साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कार्य से संबंधित उपयोग 35 प्रतिशत तक है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि एआई को कार्यालयों में ड्राफ्टिंग, एडिटिंग, तकनीकी सहायता और डिबगिंग के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है।

**युवा शक्ति और जनसांख्यिकीय लाभः** 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग कुल संदेशों का लगभग आधा हिस्सा भेजता है, जबकि 18 से 34 वर्ष वर्ग 80 प्रतिशत उपभोक्ता संदेशों के लिए जिम्मेदार है। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति बताती है कि भारत की युवा आबादी तकनीकी परिवर्तन को तेजी से अपना रही है। भौगोलिक दृष्टि से तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे तकनीकी केंद्र कोडिंग क्षमताओं के उपयोग में अग्रणी हैं। यह क्षेत्रीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

**वैश्विक सहयोगः ग्लोबल साउथ की आवाजः** कनाडा, स्विट्जरलैंड, ब्राजील और अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भारत की पहल की सराहना की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में आए बड़े प्रतिनिधिमंडल ने एआई, रक्षा, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी को ऐतिहासिक बताया। कनाडा के मंत्री इवान सोलोमन ने इसे सभी देशों के लिए खुला मंच बताया। यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तकनीकी क्रांति में विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करना वैश्विक असमानताओं को कम करने का माध्यम बन सकता है।

**स्वास्थ्य और नियमनः जिम्मेदार विस्तार की आवश्यकताः** डब्ल्यूएचओ की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल सौम्या स्वामीनाथन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इमेज रिकग्निशन और पैटर्न एनालिसिस के माध्यम से एक्स-रे और पैथोलॉजी स्लाइड पढ़ने जैसे कार्य विशेषज्ञों की कमी वाले क्षेत्रों में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने एआई उत्पादों के लिए क्लिनिकल ट्रायल, नियामक ढांचा और सुरक्षा मूल्यांकन की आवश्यकता पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण दर्शाता है कि तकनीकी विस्तार के साथ गवर्नेंस फ्रेमवर्क का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। एआई का लोकतंत्रीकरण तभी सार्थक होगा जब मानक, बेंचमार्क और पारदर्शी नियम लागू किए जाएं।

**विश्वास, निवेश और दृष्टि का संगमः** अतः यहां निष्कर्ष रूप में यही कहना होगा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत एआई युग में निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी कर चुका है। 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव, रिकॉर्ड भागीदारी, वैश्विक समर्थन और युवा शक्ति की सक्रिय उपस्थिति इस परिवर्तन की आधारशिला हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 07:02 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 15:07 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | इन्द्र, 07:23 |
| सूर्योदयः | 06:56 |
| सूर्यास्तः | 18:23 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 15:31-16:57 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:17-13:02 |

## जन एक्सप्रेस

### कोर्ट ने जगाया !

*पटक दिया सुप्रीम ने ।*
*बौखलाए ट्रंप ।।*
*कर रहे जुगाड़ फिर ।*
*लाने को भूकंप ।।*
*दादागिरी चरम थी ।*
*नहीं था उनको भान ?*
*कुछ दिन उनका टैरिफ तो ।*
*खूब चढ़ा परवान ।।*
*एक ना सुनी भारत ने ।*
*फिर मौका है आया ।।*
*निद्रा कुंभकरण की थी ।*
*कोर्ट ने जगाया ।।*
*खा गया बड़बोलापन ।*
*खतरे में व्यवहार ।।*
*आए बनकर व्यवसायी पर ।*
*चला नहीं व्यापार ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पाचन से लेकर इम्यूनिटी तक, गंधराज नींबू है हर मर्ज की दवा



**नींबू** का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। मार्केट में नींबू की कई तरह की वैरायटी मिलती है, जिन्हें देखकर लोगों के मन में उन्हें लेकर उत्सुकता बढ़ने के साथ उनके खाने के क्या फायदे हैं या उन्हें कैसे खाना चाहिए इस तरह के सवाल भी बढ़ जाते हैं। ऐसे में मार्केट में गंधराज नींबू को देखने के बाद इस तरह के सवाल आना आम बात है। गंधराज नींबू एक खास किस्म का नींबू है, जो भारत के पूर्वी हिस्सों में पाया जाता है। इसका साइज नॉर्मल नींबू से बड़ा होता है और इसकी खुशबू बहुत तेज होती है। स्वाद में भी ये नॉर्मल नींबू से ज्यादा खट्टा और फ्रेश होता है।

**पाचन बेहतर होता हैः** धराज नींबू में विटामिन सी और नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसका रस पेट में गैस, अपच और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद कर सकता है। खाने के साथ या बाद में इसका सेवन करने से खाना जल्दी पच जाता है।

**इम्यूनिटी बूस्ट होती हैः** गंधराज नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है, जो आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करता है। इस नींबू का सेवन पर्याप्त मात्रा में करने से सर्दी-खांसी, वायरल इंफेक्शन और मौसम बदलने के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

**वजन कम करने में लाभकारीः** वजन कम करने वाले लोगों के लिए भी गंधराज नींबू काफी फायदेमंद होता है। गुनगुने पानी में इसका रस मिलाकर सुबह पानी से मेटाबॉलिज्म तेज होता है और शरीर की ज्यादा चर्बी को कम करने में मदद मिल सकती है।

**दिल की सेहत के लिए फायदेमंदः** गंधराज नींबू में पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके नियमित सेव से कोलेस्ट्रॉल का लेवल संतुलित होता है, जिससे दिल की सेहत हेल्दी होती है।

**शरीर डिटॉक्स होता हैः** गंधराज नींबू का सेवन शरीर में मौजूद टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इसके साथ ही यह लिवर के काम करने की क्षमता को भी बेहतर बनाता है और खून को साफ करने में मदद करता है।

**स्किन के लिए फायदेमंदः** गंधराज नींबू में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो स्किन को साफ और चमकदार बनाने में मदद मिल सकती है। यह शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे स्किन हेल्दी रहती है। आप सुबह खाली पेट इस नींबू का पानी पी सकते हैं, जो स्किन पर निखार लाने का काम करता है।

**नींबू पानीः** गंधराज नींबू का सेवन आप नींबू पानी के रूप में कर सकते हैं। इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में आधा गंधराज नींबू निचोड़कर पी सकते हैं। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं।

**सलाद के साथः** गंधराज नींबू का सेवन आप सलाद, अंकुरित अनाज या दाल और सब्जी में निचोड़कर खा सकते हैं। इसे मिलाने से आपके खाने का स्वाद बढ़ता है और शरीर को भी पोषण मिलता है।

**निष्कर्षः** गंधराज नींबू न सिर्फ आपके स्वाद को बेहतर बनाने में मदद करती है, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# कुत्तों को संसार से शून्य करने की मंशा ठीक नहीं



**हृदयनारायण दीक्षित**

**बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। घिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते।**

**मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है। गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा-सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं। उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं।**

**प्रकृति** में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी-सी जगह चाहते हैं। दौड़ने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं। वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है कि, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियां में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, 'अग्नि पशु जैसे चंचल हैं।' कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, 'पूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।' अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, 'अग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।' पशुओं से अपने कुल या वंश का सम्बंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है। कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा-पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इन्द्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता हैं। गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता हैं। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूंछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत रोजगार मेले में दिखी संवेदनशीलता, दिव्यांग युवती को मिली प्राथमिकता

## राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मौके पर दिए निर्देश, इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर उपलब्ध कराने को कहा

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



**पीलीभीत।** पीलीभीत में आयोजित वृहद रोजगार मेला 2026 के दौरान एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। उपाधि महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले में जब एक दिव्यांग युवती ने गन्ना विकास एवं चीनी मीले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार से रोजगार दिलाने का अनुरोध किया, तो उन्होंने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रोजगार मेले में जिले भर से बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। विभिन्न निजी व सरकारी संस्थानों द्वारा साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच दिव्यांग युवती ने मंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखी और रोजगार के अवसर की मांग की। मंत्री ने बिना विलंब किए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि युवती की पात्रता के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर उसकी नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इतना ही नहीं, मंत्री ने युवती की शारीरिक स्थिति को देखते हुए उसे इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए, ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सके।

### 'सेवा ही सर्वोपरि' किसी भी जरूरतमंद को नहीं करना पड़ेगा उपेक्षा का समना: संजय सिंह गंगवार

राज्य मंत्री ने कहा कि उनके लिए जनसेवा सर्वोपरि है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी जरूरतमंद बहन या युवा को उपेक्षा का सामना नहीं करना पड़ेगा। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही उनकी प्राथमिकता है।
मौके पर मौजूद अधिकारियों और प्रतिभागियों ने मंत्री की तत्परता की सराहना की। युवाओं ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि इस प्रकार की संवेदनशीलता से रोजगार मेलों का उद्देश्य और भी सार्थक हो जाता है। रोजगार मेले अक्सर औपचारिक आयोजनों तक सीमित रह जाते हैं, लेकिन जब जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत स्तर पर संवेदनशीलता दिखाते हैं, तो ऐसे कार्यक्रमों की वास्तविक सार्थकता सामने आती है। दिव्यांगजनों के लिए अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराना केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। पीलीभीत का यह प्रसंग दर्शाता है कि यदि शासन-प्रशासन इच्छाशक्ति के साथ कार्य करे तो जरूरतमंदों तक न केवल रोजगार बल्कि सम्मान भी पहुंचाया जा सकता है। यही लोकतंत्र की सच्ची भावना है।

## महिला सफाई कर्मी से चेन छिनैती का खुलासा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में महिला सफाई कर्मी से हुई चेन छिनैती की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि थाना सुनगढ़ी पुलिस टीम ने त्वरित जांच और सटीक कार्रवाई करते हुए घटना का सफल अनावरण किया है। आरोपी के कब्जे से छीनी गई पीली धातु की चेन का हिस्सा भी बरामद कर लिया गया है तथा उसके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी 2026 को शाम लगभग 4:20 बजे वार्ड संख्या 9 में कार्यरत सफाई कर्मी मंजू पत्नी स्वर्गीय छोटे लाल अपनी ड्यूटी पर थीं। वह शिव मंदिर बल्लभनगर रोड के पास स्थित गली में झाड़ू लगाते हुए मेन मार्केट की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात युवक ने अचानक उनके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गया। छीना-झपटी के दौरान चेन का आधा हिस्सा पीड़िता के हाथ में रह गया, जबकि शेष भाग आरोपी लेकर भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

# होली पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सभी अस्पतालों में विशेष तैयारियां

## डॉक्टरों की छुट्टियां निरस्त, इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त बेड और दवाओं का इंतजाम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

रंगों के पर्व होली को लेकर जनपद का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। त्योहार के दौरान संभावित आपसी विवाद, सड़क दुर्घटनाएं, आंखों में रंग जाने और एलर्जी जैसी घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक व्यापक तैयारियां की गई हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान किसी भी मरीज को उपचार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिला अस्पताल पीलीभीत में इमरजेंसी सेवाओं को विशेष रूप से मजबूत किया जा रहा है। इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है, वहीं सर्जिकल और ट्रामा टीम को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल प्रशासन ने फार्मेसी विभाग को आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने को कहा है, ताकि किसी भी प्रकार की कमी न हो। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि होली के मद्देनज़र डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की सभी छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। सभी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर भी पर्याप्त दवाओं और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। सभी सीएचसी प्रभारियों को मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल अधिकारियों को शाम के समय भी अस्पतालों में उपलब्ध रहने को कहा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल प्राथमिक उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस सेवाओं को भी संवेदनशील स्थानों पर तैनात रखने की योजना बनाई गई है, जिससे दुर्घटना या विवाद की स्थिति में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके।
होली के दौरान प्रायः मारपीट, झगड़े और सड़क हादसों के मामले सामने आते हैं। इसके अलावा आंखों में रंग जाने से संक्रमण और एलर्जी की शिकायतें भी बढ़ जाती हैं।
इसे ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी वार्ड में एंटी-एलर्जिक दवाएं, आई ड्रॉप्स, बैंडेज, मरहम और अन्य आवश्यक दवाओं का अतिरिक्त स्टॉक रखा जा रहा है।
स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या एंबुलेंस सेवा से तुरंत संपर्क करें। विभाग का कहना है कि होली के दौरान जनस्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# '28 दिन, 28 लोकार्पण' अभियान में यशवंतरी मंदिर मार्ग जनता को समर्पित

## नवरात्रि से पहले बेनहर चौराहे से आवास विकास चौराहे तक सड़क निर्माण पूर्ण, श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और लंबित विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे '28 दिन, 28 लोकार्पण' अभियान के अंतर्गत सोमवार को वार्ड संख्या 08 स्थित यशवंतरी मंदिर मार्ग का भव्य लोकार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शिलापट का अनावरण कर नवनिर्मित सड़क को आमजन के लिए समर्पित किया। पालिका द्वारा कराए गए इस निर्माण कार्य के तहत बेनहर चौराहे से आवास विकास चौराहे तक सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कराया गया है। पूर्व में यह मार्ग गड्ढों और जलभराव की समस्या से ग्रस्त था, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बाद इस मार्ग को प्राथमिकता में लेते हुए निर्माण कार्य स्वीकृत कराया गया। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद अब आवागमन सुगम हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि आसपास के बाजारों और आवासीय क्षेत्रों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

### नवरात्रि मेले को ध्यान में रखकर कराया गया निर्माण: डॉ.आस्था अग्रवाल

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व निकट है और उसके पश्चात चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है। यशवंतरी देवी मंदिर पर नवरात्रि के दौरान विशाल मेला आयोजित होता है, जिसमें जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात की सुचारु व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग का निर्माण कार्य समय से पूर्व पूर्ण कराया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद का लक्ष्य है कि धार्मिक, सामाजिक एवं सार्वजनिक महत्व के स्थलों तक जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों को दुरुस्त किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। '28 दिन, 28 लोकार्पण' अभियान के माध्यम से शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और निर्धारित समय में उन्हें जनता को समर्पित किया जा रहा है।

### क्षेत्रवासियों ने फूल बरसाकर किया स्वागत, कई लोग रहे मौजूद

लोकार्पण के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। कई स्थानों पर लोगों ने छतों से फूल बरसाकर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया और सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। उपस्थित नागरिकों ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में सभासद विपिन गंगवार (राजू फौजी), साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, शिवम श्रीवास्तव, परविंदर सिंह सैहमी, गौरव अवस्थी, नरेन्द्र तिवारी, विपिन मिश्रा, पंकज तिवारी, विपिन त्यागी, सुखदीप सिंह, पंकज राजपूत, अरविंद राठौर, सुनील सैनी, विकास चंद्र गुप्ता, गगनदीप, कमलेश वर्मा, सनी मौर्य, अंकित मौर्य, विपुल पांडेय, राहुल पांडेय, राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। पालिका प्रशासन ने बताया कि अभियान के तहत आगामी दिनों में अन्य वार्डों में भी विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा, जिससे शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

## जिलाधिकारी ने सरस मेले में समूहों की महिलाओं का बढ़ाया उत्साह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में आयोजित सरस मेले के दूसरे दिन जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मेले में पहुंचकर विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण किया।
उन्होंने समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की जानकारी ली तथा उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं भी उत्पादों की खरीददारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।
सरस मेले में जनपद के 51 स्वयं सहायता समूहों द्वारा 40 स्टाल लगाए गए हैं, जिनमें विभिन्न घरेलू, हस्तशिल्प एवं खाद्य उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं।
जिलाधिकारी ने विशेष रूप से व्यंजनों के स्टालों का अवलोकन किया, जहां भेलपुरी, पानीपुरी, दहीपुरी, भुजिया पुरी सहित अन्य पारंपरिक व्यंजन उपलब्ध थे। उन्होंने व्यंजनों का स्वाद चखते हुए गुणवत्ता और स्वाद की सराहना की। मेले में जरी-जरदोजी, जूट उत्पाद, जलकुंभी से निर्मित सामग्री, होली से संबंधित हर्बल गुलाल, मिट्टी के बर्तन, शहद, अचार, मोरिंगा पाउडर सहित अनेक उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उत्पादों की अच्छी बिक्री से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में सरस मेले में पहुंचकर स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीददारी करें, जिससे महिलाओं की आजीविका सशक्त हो सके और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर परियोजना निदेशक, डीसी एनआरएलएम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पीलीभीत में बंद मकानों को निशाना बनाने वाला अंतर जनपदीय गिरोह बेनकाब






## दो महिलाओं समेत छह आरोपी गिरफ्तार, 23 तोला सोना, ढाई किलो चांदी व 2.27 लाख रुपये नकद बरामद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में फरवरी माह के दौरान बंद पड़े मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। उत्तराखंड और बरेली से जुड़े इस गिरोह के दो महिलाओं समेत छह सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया गया है। पुलिस ने दो बड़ी घटनाओं का खुलासा करते हुए गिरोह की कार्यशैली का भी खुलासा किया है। सोमवार शाम पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि 14 फरवरी को सदर कोतवाली क्षेत्र की तिरुपति कॉलोनी निवासी धीरज अग्रवाल के घर को निशाना बनाकर चोरों ने नकदी पार कर दी थी। उस समय परिवार घर से बाहर गया हुआ था। इस संबंध में धीरज अग्रवाल की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके तीन दिन बाद 17 फरवरी को थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की वल्लभनगर कॉलोनी में इंजीनियर हरीश कुमार के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली गई थी। लगातार दो बड़ी घटनाओं से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था।
संयुक्त टीम गठित कर शुरू की गई गहन जांच
दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस, सुनगढ़ी थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्धों की गतिविधियों का विश्लेषण किया। तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को अहम सुराग मिले। जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जनपद के खटीमा क्षेत्र तथा बरेली जिले से जुड़े हैं।

### सोमवार सुबह दबोचे गए आरोपी,चोरी के बाद आपस में बांट लेते थे माल

पुलिस ने रणनीति बनाकर सोमवार सुबह छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तराखंड के थाना खटीमा क्षेत्र के नई बस्ती इस्लामनगर निवासी अकील, उसकी पत्नी सिम्मी बी और रिजवान; सुनगढ़ी क्षेत्र के इस्लामनगर नौगवां पकड़िया निवासी फैजान; तथा बरेली जिले के थाना शेरगढ़ क्षेत्र निवासी दीपक गुप्ता उर्फ जगद और उसकी पत्नी किरण गुप्ता शामिल हैं। सभी आरोपियों को थाना सुनगढ़ी लाकर पूछताछ की गई, जहां उन्होंने दोनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस अधीक्षक के अनुसार गिरोह पहले ऐसे मकानों की रेकी करता था, जहां परिवार कई दिनों के लिए बाहर गया हो। इसके बाद रात के समय ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए जाते थे। चोरी के बाद गिरोह के सदस्य माल को आपस में बांट लेते थे और अलग-अलग स्थानों पर छिपा देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23 तोला सोना, करीब ढाई किलो चांदी और 2.27 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। बरामद आभूषणों में हार, चेन, अंगूठी, कंगन और अन्य कीमती सामान शामिल हैं।

### महिलाओं की थी अहम भूमिका,मुख्य आरोपी शातिर, कई मुकदमे दर्ज

जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह में शामिल महिलाएं चोरी के जेवरात को ठिकाने लगाने और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती थीं। महिलाओं पर सामान्यतः कम संदेह होने का लाभ उठाकर चोरी का माल इधर-उधर किया जाता था। पुलिस के अनुसार इसी रणनीति के तहत गिरोह में महिलाओं को शामिल किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरोह के मुख्य आरोपी अकील मंसूरी और दीपक गुप्ता शातिर किस्म के अपराधी हैं। इनके खिलाफ पीलीभीत, बरेली सहित अन्य जनपदों में चोरी व अन्य आपराधिक मामलों के मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

### अन्य घटनाओं में संलिप्तता की भी जांच

पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कहीं यह गिरोह पूर्व में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में भी तो शामिल नहीं रहा। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में अपराध पर नियंत्रण प्राथमिकता है और संगठित अपराध करने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि घर खाली छोड़ते समय पड़ोसियों और पुलिस को सूचित करें तथा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करें।

# ऑनलाइन लोन ऐप से ठगी और उत्पीड़न का आरोप, युवक ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

### ऑनलाइन लोन ऐप से बचाव के लिए बरतें ये सावधानियां

- किसी भी अनजान ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसकी वैधता और रिव्यू जांचें।
- एटीएम पिन, ओटीपी या बैंक डिटेल किसी से साझा न करें।
- संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर तुरंत बैंक और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।
- मोबाइल में अनावश्यक ऐप्स को एक्सेस परमिशन न दें।
- ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

**यह मामला एक बार फिर ऑनलाइन लोन ऐप्स की विश्वसनीयता और निगरानी तंत्र पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। पुलिस प्रशासन की जांच के बाद ही पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सकेगी।**

### 41 हजार के लोन का झांसा, 70 हजार दिखाकर वसूली का दबाव

### मोबाइल हैक कर निजी डेटा के दुरुपयोग और परिजनों को धमकाने का आरोप

शहर कोतवाली क्षेत्र में ऑनलाइन लोन ऐप के जरिए ठगी और मानसिक उत्पीड़न का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। डिजिटल फाइनेंस प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए युवक यश श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। युवक का आरोप है कि 'कोश' नामक ऐप के माध्यम से लोन दिलाने का झांसा देकर उससे हजारों रुपये ठग लिए गए और अब उसे व उसके परिजनों को लगातार धमकाया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार उसने ऑनलाइन लोन ऐप के जरिए 41 हजार रुपये के लोन के लिए आवेदन किया था। कुछ समय बाद विनीत मौर्य नामक व्यक्ति ने उससे संपर्क कर भरोसा दिलाया कि लोन स्वीकृत करा दिया जाएगा। युवक का कहना है कि बाद में उसे जानकारी दी गई कि उसके खाते में 70 हजार रुपये का लोन जारी कर दिया गया है। जब उसने अधिक राशि को लेकर आपत्ति जताई तो कथित तौर पर तकनीकी कारण बताकर उसे आश्वस्त किया गया। युवक का आरोप है कि पहली किस्त जमा कराने के नाम पर उससे 8 हजार रुपये लिए गए और कहा गया कि यह राशि कंपनी में जमा कर दी जाएगी। लेकिन कुछ ही समय बाद उसके खाते से पूरी रकम निकाल ली गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी के पास उसके एटीएम का पिन है और उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया गया है, जिससे उसके निजी डेटा का दुरुपयोग किया जा रहा है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि संबंधित लोग लगातार फोन कॉल कर न सिर्फ युवक बल्कि उसके माता-पिता और रिश्तेदारों से भी अभद्र भाषा में बात कर रहे हैं। पूरे लोन की वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है और धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम से वह गंभीर मानसिक तनाव में है। युवक ने पुलिस अधीक्षक से मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपित व्यक्तियों व संबंधित कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में अन्य लोग इस तरह की ऑनलाइन ठगी का शिकार न हों।

# प्रेम विवाह बना विवाद की जड़

## अवैध राइफल से बहू पर जानलेवा फायरिंग का आरोप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर करोड़ में पारिवारिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब प्रेम विवाह से नाराज़ बताए जा रहे रिश्तेदार ने कथित रूप से अपनी पुत्रवधू पर अवैध राइफल से जानलेवा फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि महिला बाल-बाल बच गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार पवन सिंह की पत्नी नेहा ने बताया कि उसका प्रेम विवाह हुआ था, जिसे लेकर ससुराल पक्ष के कुछ सदस्य शुरू से ही असंतुष्ट थे। उसका पति दिल्ली में निजी नौकरी करता है। नेहा हाल ही में पति के साथ दिल्ली से गांव आई थी। आरोप है कि गांव पहुंचने के बाद से ही कुछ रिश्तेदार उसे ताने दे रहे थे और घर का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था। पीड़िता के अनुसार घटना वाले दिन उसका चचिया ससुर राजीव सिंह अचानक गाली-गलौज करने लगा। बात बढ़ते-बढ़ते तीखे विवाद में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान राजीव सिंह ने 315 बोर की अवैध राइफल निकाल ली और जान से मारने की नीयत से उस पर फायर कर दिया। गोली चलने से आसपास अफरा-तफरी मच गई और परिजन व ग्रामीण दहशत में आ गए। महिला ने आरोप लगाया कि उसने साहस दिखाते हुए आरोपी से राइफल छीन ली, जिससे उसकी जान बच सकी। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने अपनी शिकायत में राजीव सिंह के अलावा उसकी पत्नी रेखा देवी, राकेश तथा बरेली जनपद के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़े निवासी गनेश को भी घटना में संलिप्त बताया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला गंभीर प्रकृति का है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों का परीक्षण कराया जा रहा है। अवैध राइफल के स्रोत का भी पता लगाया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों में चिंता, शांति बनाए रखने की अपील घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पारिवारिक विवाद का इस प्रकार हिंसक रूप लेना चिंताजनक है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र व कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी विवाद को कानून हाथ में लेने के बजाय वैधानिक प्रक्रिया से सुलझाएं और क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखें।

# हिंदू समाज की गरिमा और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा हमारी प्राथमिकता: प्रवीण मोहन अग्रवाल

**विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से की शिष्टाचार भेंट, संदिग्ध गतिविधियों पर जताई चिंता**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जनपद पीलीभीत में पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट कर नगर की कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक परिवेश से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अमरीश मिश्रा एवं जिला मंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल ने किया। बैठक के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक का स्वागत पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता एवं राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर किया। इस अवसर पर जिला मंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिंदू समाज की सांस्कृतिक अस्मिता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक मर्यादाओं की रक्षा करना संगठन की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि संगठन किसी भी प्रकार के टकराव का पक्षधर नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक वातावरण, अनुशासन और पारिवारिक संस्कारों की स्थापना चाहता है।

### नगर में संदिग्ध गतिविधियों पर जताई चिंता

प्रवीण मोहन अग्रवाल ने नगर क्षेत्र में संचालित कुछ कैफे एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बने बंद केबिनों तथा संभावित अनौपचारिक गतिविधियों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यदि सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी व्यवस्थाएं हों, जिनसे सामाजिक वातावरण प्रभावित होता हो, तो समय-समय पर उनकी जांच और निगरानी आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि कानून के दायरे में रहकर ऐसे स्थानों की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पनपने न पाए। उनका कहना था कि हिंदू समाज सदैव अनुशासन, संस्कृति और नैतिक मर्यादाओं को सर्वोपरि मानता आया है, और इन्हीं मूल्यों की रक्षा के लिए संगठन कार्यरत है। 'समाज हित सर्वोपरि' इस दौरान प्रवीण मोहन अग्रवाल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी वर्ग विशेष के विरुद्ध कार्रवाई कराना नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही दिशा देना, सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना और परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन समाजहित में सकारात्मक कदम उठाएगा और जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कहीं शिकायत मिलती है तो विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में संगठन की ओर से प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि समाज हित, सुरक्षा एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठन और प्रशासन मिलकर सकारात्मक भूमिका।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने हरदोई को दी ऐतिहासिक सौगात

## प्रभु श्री राम द्वार, पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वार के अलावा बाबा साहेब, संत रविदास, संत गाडगे की मूर्तियों का अनावरण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त करने और राष्ट्र निर्माण मे अपना अमूल्य योगदान प्रदान करने वाले महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से आज जिला पंचायत हरदोई के परिसर में प्रभु श्रीराम द्वार, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय द्वार का लोकार्पण व भारत रत्न डॉ0 भीमराव रामजी अम्बेडकर, संत रविदास व संत गाड्गे बाबा की पुण्य स्मृति मे नवनिर्मित प्रतिमाओं का ''अनावरण'' तथा जननायक मदारी पासी द्वार व रानी अवन्तीबाई लोधी द्वार के शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल के कर-कमलों एवं अति विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री (उच्च शिक्षा) रजनी तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन तथा विशिष्ट अतिथि विधायक गोपामऊ श्याम प्रकाश, विधायक सवायजपुर माधवेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्य विधान परिषद् अवनीश सिंह सहित प्रमुखगण क्षेत्र पंचायत व् सदस्यगण जिला पंचायत की उपस्थिति व् अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण व् दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल एवं अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती द्वारा डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर, संत गाडगे बाबा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं के अनावरण तथा नवनिर्मित प्रभु श्रीराम द्वार, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय द्वार के लोकार्पण सहित जननायक मदारी पासी द्वार व रानी अवन्तीबाई लोधी द्वार का शिलान्यास एवं जिला पंचायत परिसर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष निरंजन सिंह देव के प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार/सौंदर्यीकरण कार्य का अनावरण कर, क्षेत्रवासियों को




समर्पित किया गया। इस अवसर पर जगरानी इंटरनेशनल स्कूल, हरदोई की होनहार छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व् रानी अवन्ती बाई लोधी के जीवन संघर्ष से सम्बंधित नाट्य प्रस्तुति के पश्चात, अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र व् प्रतीक चिन्ह भेंट कर, स्वागत अभिनन्दन किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमें उनके आदर्शों, त्याग और सेवा की प्रेरणा देती हैं। स्वागत द्वार केवल सौंदर्यीकरण का प्रतीक नहीं, बल्कि क्षेत्र के गौरव और विकास की पहचान भी हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। विशिष्ट अतिथि रजनी तिवारी ने इस भव्य आयोजन हेतु जिला पंचायत को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि आज हम यहाँ केवल इन महापुरुषों की पुण्य स्मृति मे भव्य प्रतिमाओं व् स्वागत द्वारों का लोकार्पण व् शिलान्यास ही नहीं कर रहे, बल्कि हम अपनी संस्कृति, इतिहास और निरंतर विकास यात्रा का एक नया अध्याय प्रारम्भ भी कर रहे हैं। अपने स्वागत उद्बोधन मे अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी के लिए यह सौभाग्य की बात है कि आज जब पूरा देश महान समाज सुधारक व् कर्मयोगी संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती मना रहा है, इस ऐतिहासिक दिवस पर हम सभी जिला पंचायत परिसर मे गाडगे जी की भव्य प्रतिमा के अनावरण के साक्षी बन रहे हैं। आज जब हमारा देश स्वच्छता, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब संत गाडगे बाबा के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। यह दिन केवल हमारे महापुरुषों को स्मरण का नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प धारण करने का दिन है। जिला पंचायत हरदोई मे स्थापित ये भव्य प्रतिमाएं हमें उन महान विभूतियों की याद दिलाती हैं, जिन्होंने समाज और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मैं इस आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों, जिला पंचायत परिवार और हर उस व्यक्ति का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम व् समर्पण से इस सपने को सच किया है। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम इन धरोहरों का संरक्षण करेंगे और अपने क्षेत्र को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान गणमान्य अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों ने अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती की इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक गौरव से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। समारोह का संचालन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ तथा सदस्य राष्ट्रीय परिषद् भाजपा पीके वर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त कर, कार्यक्रम समापन की घोषणा की। शिलान्यास व् लोकार्पण समारोह मे प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा उत्तर प्रदेश रामचंद्र कनौजिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती सागर, अपर मुख्य अधिकारी प्रदीप कुमार गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, प्रबुद्ध चिकित्सक, अधिवक्तागण एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित भारी संख्या मे जनपद वासी उपस्थित रहे।

# गोद लिये गांव का नोडल अधिकारी करे भ्रमण: डीएम




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के गोद लिए विद्यालयों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी।डीएम ने सिडकों, एईएमआई, आबकारी, सिचाई, जल निगम आदि विभागों का प्रजेन्टेशन के माध्यम से पूर्व एवं अबतक के किये गये कार्यो की स्थिति का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि विद्यालयों मे खिड़की दरवाजे, फारसीलिगं, टाईल्स एवं वाल पेंटिगं का कार्य को सुचारू रूप से कराया जाये, जिससे कि बच्चों की रूचि बढेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा मे किये जाये। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोद लिये गांव का नियमित निरीक्षण करें व सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सभी उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर चोर गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल, चोरी का माल बरामद

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने मुठभेड़ के बाद खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक उपनिरीक्षक भी कार्रवाई के दौरान घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार 18 फरवरी 2026 को सिंचाई विभाग में प्रशासनिक अधिकारी सुनील जौहरी, निवासी आजाद नगर, ने तहरीर देकर बताया था कि 17 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी कर



ली। इस संबंध में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने घटना के शीघ्र अनावरण के लिए टीम गठित की थी, और लापरवाही बरतने वाले जेल चौकी प्रभारी विनोद गोस्वामी और हेड कांस्टेबल मो. रहीश को निलंबित कर दिया था।सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि 22/23 फरवरी की रात्रि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बावन रोड पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरते देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। मुठभेड़ में धीरेन्द्र सिंह उर्फ धीरज (हमीरपुर) और मो. कमरुद्दीन उर्फ कमरूल (मोतिहारी, बिहार) घायल हो गए।पुलिस ने उनके कब्जे से 2000 रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, लैपटॉप, दो तमंचे (315 बोर), दो जिंदा कारतूस और चार खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में दोनों ने दिन में रेकी कर रात में चोरी करना स्वीकार किया है। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### विवि के सरकारी आवास में की महिला डॉक्टर ने आत्महत्या

**झांसी।** नवाबाद थाना क्षेत्र के विश्विद्यालय कैम्पस में चिकित्सक ने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक विश्विद्यालय में सहायक आचार्य डॉक्टर राधिका कुरील का विश्विद्यालय कैम्पस में ही आवास है। इसके पति डॉक्टर नीरज कुरील मेडिकल कॉलेज के पास शालू के नाम से क्लीनिक खोले हुए हैं। प्रतिदिन की तरह राधिका विश्विद्यालय गई थी उनकी बेटी स्कूल पढ़ने गई थी। घर पर डॉक्टर नीरज कुरील अकेले थे। दोपहर को जब बेटी घर पहुंची तो अंदर से दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से झांक कर देखा तो डॉक्टर नीरज कुरील का शव फंदे पर लटका हुआ था उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो: डीएम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।विवेकानन्द सभागार में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 88 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक महिला जिसके पति की मृत्यु होने पर अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र नही बना था,डीएम ने मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारी को शाम तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने तथा उसके बच्चें को बाल सेवा योजना से जोड़ने व शासन की अन्य पात्र योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। जन सुनवाई मे




आज एक व्यक्ति को दिव्यांग पेशंन योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, पूनम भास्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई। अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं, आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। 0उन्होंने गंगा देवी मार्ग से शुगर मिल कालोनी तक स्ट्रीट लाइट व सड़क चौड़ीकरण के सम्बन्ध मे जानकारी ली। हथौड़ा से बेरूआ थानगांव की खराब सड़क की समस्या के सम्बन्ध मे डीएम ने सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब विद्युत पोलों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने प्लेज पार्क योजना के सम्बन्ध मे चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत या आवेदन का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण किया जाए। व्यापारियों द्वारा बडा चौराहा पर महिला शौचालय बनाने की मांग की जिस पर डीएम ने भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये।डीएम ने कहा कि जनपद मे उद्योग लगाने वाले निवेशकों को किसी प्रकार की एनओसी अनुमति अथवा विभागीय प्रक्रिया मे कठिनायी नही होनी चाहिए।डीएम ने व्यापारियों को पर्यटन विभाग की योजनाओं के बारे मे जानकारी दी, तथा जनपद मे अच्छा होटल और बैंक्वेट हाल बनवाये। बैठक में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

### द टीचर ऐप में 45 से अधिक एआई-सक्षम साधनो का एकीकृत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भारत की शिक्षा व्यवस्था में एआई को तेज गति से अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था, सीके-12 फाउंडेशन, के साथ साझेदारी की है, ताकि के-12 के सभी शिक्षकों के लिए 45 से अधिक एआई-सक्षम शिक्षण साधनों को द टीचर ऐप में एकीकृत किया जा सके। द टीचर ऐप एक आजीवन नि:शुल्क डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उपयोग वर्तमान में देशभर में 2 लाख से अधिक शिक्षक कर रहे हैं।

वास्तविक कक्षा की जरूरतों को ध्यान में रखते हेतु तैयार किया गया एआई-सक्षम द टीचर ऐप रोजमर्रा के शिक्षण कार्य में शिक्षकों की सहायता करेगा। यह शिक्षकों को समय बचाने, पढ़ाने की गुणवत्ता बेहतर करने और अलग-अलग शिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएगा। ये साधन सुरक्षित, परिस्थितिजन्य संदर्भ के लिए तैयार किए गए हैं और भारत की विकसित होती शिक्षा परिदृश्य के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में निहित, यह साझेदारी डिजिटल पहुंच से आगे बढ़कर शिक्षकों के लिए अधिक सार्थक डिजिटल सहभागिता की दिशा में एक बदलाव को दर्शाती है।

# झांसी में अवैध खनन व परिवहन पर सख्ती के निर्देश

## लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के आदेश

**जन एक्सप्रेस । झांसी**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने खनिज एवं परिवहन विभाग की संयुक्त बैठक में चेक गेट तथा एम-चेक से संबंधित लंबित प्रकरणों के शत-प्रतिशत निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अथवा नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाना है। जिन क्षेत्रों में ओवरलोडिंग की समस्या अधिक है, वहां नाका लगाकर एमएम-11 की जांच सुनिश्चित की जाए। तहसील स्तरीय टास्क फोर्स को जनपद के सभी बालू पट्टों का निरीक्षण कर सीमांकन सत्यापन करने तथा अनियमितता मिलने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि बालू, गिट्टी, मोरम आदि के परिवहन में डबल नंबर प्लेट, त्रुटिपूर्ण या गंदी नंबर प्लेट पाए जाने पर वाहन स्वामियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। बिना नंबर प्लेट अथवा वैध एमएम-11 के परिवहन को अवैध मानते हुए चालान और वाहन सीज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, वैध प्रपत्रों के बिना परिवहन करने पर वाहन स्वामी, क्रेशर मालिक और पट्टाधारक के विरुद्ध आईपीसी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में चेक गेट के माध्यम से जारी 1064 ई-चालानों (राशि ?4,63,94,701) तथा एम-चेक से जारी 146 नोटिसों (राशि ?61,70,080) की लंबित वसूली पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने पुलिस विभाग के सहयोग से शीघ्र वसूली सुनिश्चित करने और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर लंबित प्रकरणों में सुधार लाने के निर्देश दिए।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध परिवहन पर अंकुश के लिए जनपद के चार प्रमुख मार्गों—पूंछ चेक गेट, गुरसराय-कोटरा मार्ग, बड़ा गांव (सेमरी टोल के निकट) तथा खैलार (बबीना टोल के निकट)—पर मानव रहित तकनीक आधारित चेक गेट स्थापित हैं, जहां सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्याय) अरुण कुमार गौड़, वरिष्ठ खनन अधिकारी शैलेंद्र सिंह, एआरटीओ हेमचंद गौतम, एआरटीओ प्रशासन एस.के. अग्रवाल तथा अपर नगर मजिस्ट्रेट अजय कुमार यादव उपस्थित रहे।

### होली पूर्व संध्या पर हास्य रस में सराबोर करेंगी फागुन की फुहारें

**झांसी।** संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के नेतृत्व में अध्यक्ष रामबाबू शर्मा की अध्यक्षता में 'प्रयास- सभी के लिए' अति महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि होली की पूर्व संध्या पर एक भव्य एवं शानदार हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि जब समर्पण के रंग मिलते हैं तो उपलब्धियों की होली स्वयं सज जाती हैं, इन पलो में कुछ मुस्कुरा लिया जाए, कुछ ठहाके लगा लिए जाएं। रंगों के इस पावन पर्व पर हंसी के गुलाल से वातावरण को सराबोर करने का। राष्ट्रीय कवियों की चुटीली रचनाएं, व्यंग्य के मधुर तीर, के साथ आपसी आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता के रंगों को सजाने का आयोजन रखा गया है।

कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई पार्क, झांसी में तीन मार्च को सायं चार बजे से होगा। बैठक में मुख्य रूप से रामकुमार लोहिया, राजेन्द्र अग्रवाल 'रज्जू भैया', बैदेही शरण सरावगी, सुनील खरे, दिनेश वर्मा मौजूद रहे। संचालन महामंत्री के. डी. गुप्ता ने किया।

# लुटेरों को सात वर्ष की सजा दस हजार अर्थदंड का आदेश

**जन एक्सप्रेस । झांसी**

पंद्रह साल पहले दंपति को तमंचा अड़ा कर लूटपात करने वाले तीन लुटेरों को न्यायालय विशेष न्यायाधीश द. प्र. झांसी नेत्रपाल सिंह की अदालत ने सात साल की सजा ओर दस हजार रुपए अर्थदंड अदा करने का आदेश सुनाया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता विपिन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बसाड़ी निवासी विजय सिंह ने आठ मई 2010 को थाना टहरौली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपनी के साथ बाइक से बच्चे को लेकर गुरसराय ब्लॉक टीकाकरण कराने गया था। वहां से लौटते समय आड़ी सड़क के पास बाइक सवार तीन युवकों ने उसे ओवर टेक कर रोक लिया ओर तमंचा अड़ा कर मोबाइल फोन और पर्स छीन लिया। विजय ने बताया लुटेरे उसकी पत्नी का मंगलसूत्र छीनने का प्रयास कर रहे थे लेकिन चीखने चिल्लाने पर आस पास के लोग दौड़ लगाकर आ गए तो तीनों बदमाश अपनी बाइक क्रमांक यूपी 93 आर 1203 से भागने लगे। राहगीर और उसने बदमाशों का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया तभी मौके पर पुलिस पहुंच गई। पूछताछ में पकड़े गए तीनों लुटेरों ने अपने नाम चिरगांव के करगांव निवासी सुल्तान सिंह, ओम प्रकाश, मानवेंद्र सिंह बताए। पुलिस ने तीनों को जेल भेजकर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान तीनों पर लूट का आरोप सिद्ध होने पर तीनों को सात सात वर्ष की सजा ओर दस हजार रुपये अर्थदंड अदा करने का आदेश सुनाया है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम हुंकार आयोजित

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन (मेरी संस्कृति मेरी पहचान) के बैनर तले चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्रि से आरंभ होने वाले सनातनी हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत्सर 2083 की अग्रिम हुंकार के रूप में निःशुल्क नृत्य, गायन, मॉडलिंग, एक्टिंग, योग, ताइक्कांडो, श्लोक व कविता पाठ प्रतियोगिता संग हरिनाम संकीर्तन के एक संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम हुंकार सीजन-1 का आयोजन एस. आर. के. इन्टरनेशनल स्कूल निकट त्यागी हॉस्पिटल, सासनी गेट चौराहा अलीगढ़ में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसआरके इन्टरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती ललिता वार्ष्णेय द्वारा भगवान श्री गणेश एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं युवाओं के हृदय में भारत राष्ट्र एवं सनातन धर्म के प्रति समर्पण एवं प्रेम की अलख जगा रहे कार्यक्रम के आयोजक डबल ए ब्रदर्स के द्वारा अलीगढ़ में किए जा रहे कार्यक्रमों की खूब सराहना की।

कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से आए 70 प्रतिभागियों ने भाग लेकर देशभक्ति एवं भजनों पर आधारित अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को रोमांचित कर डाला। कार्यक्रम के आयोजक डबल ए ब्रदर्स अभिषेक सक्सैना सनातनी एवं आशु सिंघल ने बताया कि हमारी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन पिछले साढ़े 3 वर्षों से निरंतर बच्चों एवं युवाओं को भारतीय सभ्यता और वैदिक सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। संचालन अरुण तिवारी ने किया।

कार्यक्रम में यशस्वी वर्मा ने काहे छेड़ छेड़ मुझे गरवा लगाए गीत पर नृत्य की अपनी विशेष प्रस्तुति के द्वारा सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में एस. आर. के. इन्टरनेशनल स्कूल, सांगवान सिटी, द ब्लैक रोज रेस्टोरेंट, लक्मे सैलून एंड एकेडमी, खुशी योग सेंटर, ललित एम्बुलेंस सेवा, डेविल फोटोग्राफी, मोनू एंटरप्राइजेज एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना सनातनी, उपाध्यक्ष साक्षी सक्सेना, उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, महासचिव आशु सिंघल, उपसचिव अंकित वार्ष्णेय, मोहित यादव, मंजू शर्मा, ज्योति गोयल, जीत गोविंद सरकार, आयुष कृष्ण, खुशी श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, अर्चना फौजदार, सोनिका सिंह, राजा राना, सारिका रायजादा, राज सक्सैना, प्रवीर सक्सैना, किरन सक्सेना, ललित कुमार, सपना वर्मा, जौली वार्ष्णेय, रश्मि आनंद, मिंटू डागौर, नंदिनी वार्ष्णेय, मनीषा, वेदिका, कुँवर आरिफ अली खान, रजनी रावत, गुलाब नबी, कामिनी, पवन गांधी, राजेश सोनकर, संजय सोनी, मुकेश सैनी, अनिल वर्मा, पवन शर्मा, गौरव रावत, प्रवीण कुमार, रविन्द्र वर्मा आदि सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे।

# वायरल ऑडियो प्रकरण में सिपाही पर बर्खास्तगी की तलवार लटकी

**जन एक्सप्रेस । झांसी**

सोशल मीडिया पर वायरल हुए बिल्डर्स ओर सिपाही को ओडियो प्रकरण के बाद सिपाही पर बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है। अनुशासनहीनता के चलते सिपाही के खिलाफ 14/1 की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

खबर सूत्रों के मुताबिक सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से एक बिल्डर्स ओर सिपाही के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस ओडियो में कई आईएएस ओर आईपीएस अधिकारियों के नाम लिए गए साथ ही ट्रांसफर पोस्टिंग जैसी बात चीत की रिकॉर्डिंग की गई। इस ओडियो के वायरल होने के बाद शासन प्रशासन भी गंभीर हो गया था।

इसमें तीन सिरे से जांच शुरू कर दी गई थी।

पहली जांच गोपनीय शासन स्तर से की जा रही है कि आखिर ओडियो में आईपीएस ओर आईएएस के ट्रांसफर पोस्टिंग ओर कई जांच समाप्त कराने जैसी बातचीत में कितनी सत्यता है। दूसरी जांच झांसी जिले से गोपनीय स्तर पर शुरू कर दी गई।

वहीं इस वायरल ऑडियो में जो सिपाही बात चीत कर रहा वह जिला ललितपुर में तैनात है, वहीं सूत्र बताते है कि जिला ललितपुर से सिपाही के खिलाफ अनुशासनहीनता के तहत जांच शुरू करते हुए 14/1 की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस कार्यवाही में सिपाही की बर्खास्तगी तय है।

# न्याय और योजनाओं का संगम, लोगों को मिला सीधा लाभ

## फॉर्मर आईडी और मतदाता अभियान पर जोर, शिविर में जागरूकता की नई पहल

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायाधीश अरविंद मालिक की अध्यक्षता में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला न्यायाधीश द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री मालिक ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को विधिक सेवाएं और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि न्यायपालिका और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है, जो प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकाधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में न्यायपालिका और कार्यपालिका के दायित्व स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं। दोनों अंगों के परस्पर समन्वय से आमजन को न्याय और अधिकार अधिक प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से लोगों को विधिक सहायता एवं शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही मंच से मिल रहा है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से एसआईआर अभियान तथा फॉर्मर रजिस्ट्री विशेष अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी नागरिक फॉर्म-06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फॉर्मर आईडी अवश्य बनवाएं, क्योंकि भविष्य में कृषि योजनाओं का लाभ फॉर्मर आईडी के माध्यम से ही प्राप्त होगा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाया।

## अपहरण का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की मान्धाता थाने की पुलिस ने सोमवार को अपहरण के मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी मांधाता अरविंद कुमार के नेतृत्व में एसआई हेमन्त वर्मा ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर अपहरण के आरोपी सन्दीप यादव उर्फ लल्लू को थाना इलाके के अकोढिया गेट के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त सन्दीप थाना क्षेत्र के खानीपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया।

## शिक्षक आत्महत्या प्रकरण: दिव्या मित्तल ने लगाई बीएसए को फटकार, बोली, निर्णय लेने में 1 वर्ष का समय लगा दिया



जन एक्सप्रेस | देवरिया

बीएसएनएल में मृत शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह के मामले में बीएसए से निर्णय लेने में विलंब के बारे में पूछा। बीएसएनएल पटल परिवर्तन के चलते विलंब की बात कही। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बीएसए को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पटल परिवर्तन के चलते अपने हाईकोर्ट के आदेश में निर्णय लेने में 1 साल लगा दिया।

इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बीएसए को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पटल परिवर्तन के चलते अपने हाईकोर्ट के आदेश में निर्णय लेने में 1 साल लगा दिया। आप यह क्या कह रही हैं। इस पर भी ऐसी कोई जवाब देते नहीं सोच रहा था। बैठक में सीडीओ राजेश कुमार सिंह सदर एसडीएम श्रुति शर्मा एडी बेसिक संगीता सिंह संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा डॉक्टर पवन सचान, उप शिक्षा निदेशक प्राथमिक शिक्षा संजय उपाध्याय और सह जिला विद्यालय निरीक्षक निलेश पांडेय उपस्थित रहे।

# पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की जेठवारा थाने की पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के एक आरोपी को थाना इलाके के दाउद नगर नहर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जेठवारा पुलिस ने रविवार को प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जिसमें पता चला कि मध्यप्रदेश के सागर जिले के पथरिया निवासी एक व्यक्ति को थाना इलाके के कुटिलिया गांव निवासी बदरुल जमा पुत्र रफीउजमा द्वारा अपने पास रखा गया था। आरोप है कि उसका धर्म परिवर्तन भी कराया गया। पीड़ित द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह बचपन से ही अपने परिजनों से अलग रह रहा है तथा लगभग बारह वर्ष से बदरुल जमा के यहां रहता है। लगभग चार वर्ष पूर्व बदरूल जमा पुत्र रफीउजमा, कल्लू पुत्र मुनीर, नईम पुत्र मुनीर निवासी कुटिलिया सेंडदेई, निजाम पुत्र जैनुद्दीन एवं पांच-छः अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका धर्म परिवर्तन कर उसका नाम शेर खान पुत्र उमर रख दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद एवं पांच-छः अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में जेठवारा पुलिस ने उत्तर प्रदेश धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे के आरोपी बदरुल पुत्र रफीउजमा उर्फ ननकऊ को थाना इलाके के दाउद नगर नहर तिराहे के पास से सोमवार को गिरफ्तार किया।

## विवाहिता को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की नगर कोतवाली थाना इलाके के एक व्यक्ति ने प्रयागराज के रहने वाले एक युवक पर अपनी पत्नी को बहलाफुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी प्रयागराज जिले के सोरांव थाना इलाके के रहने वाले एक युवक से अक्सर फोन पर बात चीत किया करती थी मुझे देखकर फोन काट देती थी। पीड़ित का आरोप है कि बीते शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे मेरी पत्नी को आरोपी युवक शादी की नीयत से अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। मेरी पत्नी घर में रखे जेवरात और पैसे भी अपने साथ ले गयी है। पीड़ित के दो छोटे छोटे बेटे हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश: अवैध सम्बन्धों के शक में की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की देल्हूपुर थाने की पुलिस ने स्वाट टीम व सर्विलांस सेल की सहायता से बीते दिनों एक महिला की उसके घर में ही गला दबाकर की गई हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एक महिला व उसके भतीजे समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि थाना इलाके के सहेरुआ गांव में एक महिला मुंबई में पति की मौत के बाद अलग घर बनवाकर आठ साल के बेटे के साथ रहती थी। महिला की शनिवार शाम गला दबाकर हत्या कर दी गई। बेटे ने दो महिला और दो पुरुष को घर से निकलते देखा तो अपनी दादी को जानकारी दी। पुलिस ने मृतका की सास की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। जिसके बाद एसपी दीपक भूकर द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल से प्राप्त भौतिक साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी हेतु सतत एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे थे। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं सीओ विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी देल्हूपुर राधेबाबू व उनकी पुलिस टीम ने स्वाट टीम व सर्विलांस सेल की सहायता से घटना का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्ता मंजू गुप्ता व उसके भतीजे सोनू गुप्ता को लीलापुर थाना इलाके के चमरुपुर शुक्लान गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्ता मंजू गुप्ता ने पूछताछ में बताया कि मृतका उसके पति से बात करती थी जिस कारण उसका पति उसे छोड़ना चाहता था और मारपीट करता था। अभियुक्ता ने अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि अपना परिवार बचाने के लिए उसने अपने भतीजे सोनू गुप्ता के साथ शनिवार को मृतका को समझाने उसके घर गयी थी, जहाँ पर हाथापाई के दौरान आवेश में आकर दोनों ने मिलकर मृतका की पहनी हुई साड़ी से उसका गला घोट दिया तथा वहाँ से भाग निकले थे।

एएसपी शैलेन्द्र लाल ने बताया देल्हूपुर थाना इलाके के सहेरुआ गांव में एक महिला का शव उसके घर के अंदर मिला था। बेटे के द्वारा दी गयी जानकारी व सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों के माध्यम से पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर एक महिला मंजू गुप्ता व उसके भतीजे सोनू गुप्ता को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता मंजू का पति मृतका से फोन पर बात करता था जिसके कारण महिला ने अपने भतीजे के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विधवा महिला को मिली आर्थिक सहायता व अन्त्योदय कार्ड

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में शनिवार को जनसुनवाई के दौरान सण्डवा चन्द्रिका ( अदमापुर ) निवासी मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय पूर्णवासी ने डीएम के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। डीएम ने मीरा देवी की समस्या को गम्भीरतापूर्वक सुनने के बाद सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए थे। उसी क्रम में पूर्ति विभाग की ओर से मीरा देवी का अन्त्योदय राशन कार्ड बनाकर उन्हें दिया गया जिससे अब उनके परिवार को नियमित रूप से सस्ता खाद्यान्न मिल सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जल्द ही उसका भी लाभ मीरा देवी को प्राप्त होगा। इसके साथ ही डीएम शिवसहाय अवस्थी ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जिला राइफल क्लब के खाते से त्वरित आर्थिक मदद हेतु बीस हजार रुपये का चेक उन्हें सौंपा। गौरतलब हो कि बीते शनिवार को जनसुनवाई के दौरान मीरा देवी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए डीएम से बताया था कि वह भूमिहीन और अत्यंत गरीब विधवा हैं। उनके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं और परिवार के भरण-पोषण का कोई स्थायी साधन नहीं है। पक्का मकान न होने के कारण वह एक जर्जर छप्पर में बच्चों के साथ किसी तरह जीवन यापन कर रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास और अन्त्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को अन्त्योदय कार्ड बनवाने के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें शीघ्र लाभ मिल सका।

## अधूरा नाला बना छात्रों के लिए मुसीबत, बढ़ी परेशानी

**देवरिया।** नगर पंचायत बढ़नी के गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज को जाने वाली सड़क पर रेलवे क्रॉसिंग के पास नाला निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे छात्रों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार ने लगभग 10 मीटर नाले का निर्माण नहीं कराया है, जिससे वहां खुले नाले से दुर्गंध उठती रहती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि नाले पर ढक्कन भी नहीं लगाया गया है, जिससे रोजाना हजारों छात्रों के लिए स्कूल आते-जाते समय हादसे का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी मुकेश, रामप्रकाश, अशोक कुमार का कहना है कि यह नगर पंचायत की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं हैं। आरोप है कि ठेकेदार अक्सर आधा-अधूरा काम कर पूरा भुगतान ले लेते हैं और काम अधूरा छोड़ दिया जाता है।स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द नाला निर्माण पूरा कर ढक्कन लगाने की मांग की है ताकि छात्रों को दुर्गंध और हादसे के खतरे से राहत मिल सके।

## कूटरचित दस्तावेजों के जरिये खतौनी में दर्ज कराया नाम निरस्त करने का आदेश

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के पूरे मुसई गांव निवासी इन्द्रदेव तिवारी की मां गिरिजा देवी ने वर्ष 2001 में नगर कोतवाली थाना इलाके के सगरा गांव निवासी शिवप्रकाश सुत रामलाल से आठ विस्वा जमीन बैनामा लिया था। मां की मृत्यु के बाद हुई वरासत के जरिये उनके चारों बेटे रामललन, राजेन्द्र प्रसाद, इन्द्रदेव व सज्जन का नाम दर्ज हुआ। परन्तु वर्ष 2024 में खतौनी से चारों भाइयों का नाम गायब करते हुए उनके हिस्से की जमीन विपक्षी के नाम दर्ज हो गई। जिसके बाद जानकारी होने पर इन्द्रदेव तिवारी ने सीएम पोर्टल पर शिकायत करते हुए कहा है कि नगर कोतवाली थाना इलाके के सगरा गांव में लगभग आठ विस्वा जमीन उनकी माँ के नाम पर बैनामा था। मां के निधन के बाद जमीन मेरे व तीन भाइयों के नाम वरासत के जरिये दर्ज हुई थी। फिर अचानक कुछ ही वर्ष बाद मेरा व मेरे तीन भाइयों का नाम खतौनी से गायब कर दिया गया। आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ कर विपक्षियों ने अपना नाम दर्ज कराया और जबरन जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं। पूरे मामले की शिकायत इन्द्रदेव ने सीएम पोर्टल पर करने के साथ ही उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से की थी। उक्त मामले में शनिवार को उपजिलाधिकारी ने आदेशित किया है कि ग्राम सगरा परगना व तहसील सदर जनपद प्रतापगढ़ की वर्तमान खतौनी 1425-1430 फ. के खाता खतौनी संख्या 51 की गाटा संख्या 456/ 0.295 हे0 पर चन्द्रनाथ सुत स्व. श्याम सुन्दर निवासी पूरे गरीबदास परगना व तहसील सदर जनपद-प्रतापगढ़ का नाम निरस्त किया जाता है तथा न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर प्रतापगढ़ जनपद-प्रतापगढ़ में विचाराधीन वाद संख्या टी-202402570304326 चन्द्रनाथ बनाम सरकार अन्तर्गत धारा 38 (2) उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 का 21 सितम्बर 2024 के आदेश को शून्य घोषित किया जाता है। राजस्व पेशकार न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर प्रतापगढ़ को आदेशित किया जाता है कि कूटरचित प्रविष्टि हेतु दोषी प्रतिवादी तथा सम्बंधित राजस्व कर्मचारियों/अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक वाद पंजीकृत कराते हुए सम्बंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु आख्या जिलाधिकारी को भेजने का आदेश दिया है।

# साइबर सेल व कोहड़ौर पुलिस की सक्रियता से पीड़ित के पैसे मिले वापस

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़




कोहड़ौर थाना इलाके के अतरसण्ड गांव निवासी देवेंद्र सिंह के मोबाइल पर रविवार रात आठ बजे एक फोन आया और उसने क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए कहा और उन्हें झांसे में लेते हुए खाते से सम्बंधित सारे डिटेल ले लिए। क्रेडिट कार्ड लेने के चक्कर मे देवेंद्र ने अपने आईसीआईसीआई बैंक से अपने पीएनबी बैंक खाते में पचास हजार रुपये ट्रांसफर किया। ट्रांसफर करने के कुछ ही मिनट बाद देवेंद्र सिंह के पीएनबी बैंक के खाते से तिरपन हजार एक सौ रुपये कट गए। जिसके बाद देवेंद्र ने साइबर हेल्प लाइन पर सम्पर्क करने के साथ ही थाना प्रभारी धनन्जय राय को अपने साथ हुए फ्राड की सूचना दी। थाना प्रभारी ने देवेन्द्र को फोन करके ठगी करने वाले को फोन करके उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की हिदायत देते हुए पैसे वापस करने की बात कही। जिसके बाद पीड़ित देवेंद्र के पूरे पैसे घटना के महज 24 घण्टे के भीतर ही सुरक्षित वापस आ गए। पीड़ित ने साइबर सेल व कोहड़ौर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, क्रेडिट कार्ड ऑफर, ओटीपी साझा करने या अपरिचित यूपीआई अनुरोधों से सावधान रहें। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर या निकटतम साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को सुरक्षित किया जा सके। साइबर सेल व कोहड़ौर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़ित को न्याय मिला है बल्कि यह भी प्रदर्शित होता है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस पूरी तरह सक्रिय और सजग है।

## समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बटुकों का किया सम्मान

**कुशीनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के गड़ावर गांव में रविवार को वेद पाठी बटुक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सपा नेता रज्जन पांडेय की ओर से किया गया। इसमें क्षेत्र के अनेक लोग, ग्रामीण एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वेद पाठ करने वाले 101 बटुक ब्राह्मणों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को सहेजने में वेद पाठी बटुकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। समारोह में वक्ताओं ने वेदों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की दिशा देने वाले ज्ञान का स्रोत हैं। ग्रामीणों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने वाला कदम बताया।

# 239 जोड़ों ने लिए सात फेरे... 27 का पढ़ाया गया निकाह

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



नगर के रतनसेन डिग्री कॉलेज परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें 331 जोड़ों का धार्मिक रीति रिवाज से विवाह हुए। इसमें 239 जोड़ों का हिंदू, 65 का बौद्ध और 27 जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज अनुसार प्रशासन ने विवाह संपन्न कराया। सांसद जगदंबिका पाल, विधायक जय प्रताप सिंह, एसपी शिवशरणप्पा जीएन, एसपी डॉ. अभिषेक महाजन सहित तमाम प्रशासनिक अमला व हजारों की भीड़ इसकी गवाह बनी और वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

सामूहिक विवाह योजना में तहसील के बांसी, मिठवल और खेसरहा ब्लॉक के कुल 364 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। इसमें विवाह के लिए कुल 331 ही उपस्थित हो सके। दोपहर 12 बजे से विवाह समारोह की शुरुआत हुई। दो बजे कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके उपरांत सभी जोड़ों को सांसद, विधायक, डीएम और एसपी ने सरकार द्वारा प्रदत्त धनराशि के रूप में 60 हजार का चेक, 25 हजार रुपये के गृहस्थी के सामान दिए गए।

इस मौके पर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सरकार हर गरीब कन्याओं के विवाह को लेकर हर वर्ष वृहद आयोजन कर रही। आप सभी भाग्यशाली है कि एक साथ इतने लोगों का आशीर्वाद आपको मिल रहा है और हम लोग भी भाग्यशाली हैं कि इतनी कन्याओं का कन्यादान करने का सौभाग्य मिल रहा। विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा सरकार बिना भेदभाव सबके साथ सामान व्यवहार कर रही है। सामूहिक विवाह योजना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। इसमें हिंदू, मुस्लिम और बौद्ध धर्म के गरीब जोड़े भी शामिल हैं। विधायक अपनी पत्नी वसुंधरा कुमारी और पुत्र अभय प्रताप सिंह के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

इस दौरान सीडीओ बलराम सिंह, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, रतनसेन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह, जोगिंदर मिश्र उर्फ जोगी बाबा, कुबेर बारी, उद्धव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# समाजवादियों ने जयन्ती पर संत गाडगे को किया नमन : योगदान पर चर्चा

## स्वच्छता अभियान के सबसे बड़े नायक हैं संत गाडगे- महेन्द्रनाथ यादव

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



समाज सुधारक महान संत गाडगे को उनके जयन्ती अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर याद किया गया। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष और बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने संत गाडगे को नमन् करते हुये कहा कि उन्होने अनेक धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय तथा छात्रावासों का निर्माण कराया। यह सब उन्होंने भीख मांग-मांगकर बनावाया किंतु अपने सारे जीवन में इस महापुरुष ने अपने लिए एक कुटिया तक नहीं बनवाई। उन्होंने धर्मशालाओं के बरामदे या आसपास के किसी वृक्ष के नीचे ही अपनी सारी जिंदगी बिता दी। वे स्वच्छता अभियान के सबसे बड़े नायक हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल', दयाशंकर मिश्र, जावेद पिण्डारी, मो. स्वालेह, मो0 सलीम, जमील अहमद, गीता भारती, आर.डी. निषाद, हरीश गौतम, पंकज निषाद आदि ने कहा कि संत गाडगे बाबा के जीवन का एकमात्र ध्येय था- लोक सेवा। दीन-दुखियों तथा उपेक्षितों की सेवा को ही वे ईश्वर भक्ति मानते थे। धार्मिक आडंबरों का उन्होंने प्रखर विरोध किया। उनका विश्वास था कि ईश्वर न तो तीर्थस्थानों में है और न मंदिरों में व न मूर्तियों में। दरिद्र नारायण के रूप में ईश्वर मानव समाज में विद्यमान है। उनके जीवन से हम सबको सेवा और समर्पण के क्षेत्र में प्रेरणा लेनी चाहिये। कहा कि संत गाडगे नशाखोरी, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों तथा मजदूरों व किसानों के शोषण के भी वे प्रबल विरोधी थे।

कार्यक्रम के बाद सपा नेताओं ने पानी टंकी के निकट स्थित संतगाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संत गाडगे को नमन् करने वालों में मुख्य रूप से अरविन्द सोनकर, गुलाब सोनकर, राम सिंह यादव, मो. हाशिम, सोनू शर्मा, रमेश गौतम, नितराम चौधरी, चन्दन कन्नौजिया, मन्नू सिंह, राम सुरेश यादव, मोनू यदुवंश, राजेन्द्र यादव, नसीबुल्लाह, रणजीत यादव, मुरलीधर पाण्डेय, 'रिन्टू', सुशील यादव, दीनानाथ चौरसिया, युनूस आलम, डब्बू यादव, घनश्याम यादव, मंशाराम कन्नौजिया, राम प्रकाश सुमन, रन ,बहादुर यादव, मान सिंह यादव, राहुल सिंह, विजय लक्ष्मी, सावित्री देवी, सुशीला गौतम, रोहित सिंह, डा.वीरेन्द्र यादव आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सपा नेता राम बहाल चौधरी और राम आशीष वर्मा के माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## चकबंदी गांवों में चौपाल का बिगुल: 25 से 28 फरवरी तक किसानों की समस्याओं का होगा मौके पर समाधान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** चकबंदी आयुक्त के निर्देश पर जनपद के चकबंदी प्रक्रियाधीन गांवों में 25 से 28 फरवरी तक ग्राम चौपाल आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना और चकबंदी प्रक्रिया को सुचारु रूप से आगे बढ़ाना है। बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी ने बताया कि 26 फरवरी को तहसील सदर के नेवादा व खपरहा में प्रातः 11 बजे, जबकि 27 फरवरी को बांकी और 28 फरवरी को राजेपुर में चौपाल लगेगी। बदलापुर तहसील के ब्राह्मणपुर नवावाद में 25 फरवरी, थनवा में 27 फरवरी तथा उदपुर गेल्हवा, धनियामऊ, कटहरी चक व मसनपुर में 28 फरवरी को चौपाल आयोजित होगी। मड़ियाहूं तहसील के कुद्दुपुर में 25 फरवरी तथा पचुरखी देवी प्रसाद में 27 फरवरी को कार्यक्रम तय है। मछलीशहर के तरहटी में 28 फरवरी को, शाहगंज के सुरिस में 25 फरवरी और रसूलपुर में 27 फरवरी को चौपाल होगी। केराकत तहसील के गोपीपुर में 26 फरवरी और मथुरापुर में 27 फरवरी को आयोजन किया जाएगा।

# डायट मे जनपद स्तरीय बैठक में निपुण भारत लक्ष्य पर विस्तृत समीक्षा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के विवेकानंद सभागार में सोमवार को निपुण भारत लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर जनपद स्तरीय एकेडमिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार की उपस्थिति में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, राज्य संदर्भदाता समूह (एसआरजी) सदस्य, डायट मेंटर तथा एकेडमिक रिसोर्स पर्सन शामिल हुए। मुख्य फोकस कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों को भाषा और गणित में ग्रेड लेवल दक्ष बनाने पर रहा। बैठक में आकलन आधारित समूह निर्माण, दक्षता आधारित चेकलिस्ट, वन पेजर के प्रभावी प्रयोग, टीएलएम गतिविधियों तथा ब्लूम टैक्सोनॉमी आधारित शिक्षण रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रस्तुत रिमेडियल योजना की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

डायट प्राचार्य ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय भ्रमण के दौरान निर्धारित बिंदुओं को पर्यवेक्षक पंजिका में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगली बैठक में विकासखंडवार आंकड़ों के आधार पर प्रेजेंटेशन कराया जाएगा और प्रगति के अनुसार जवाबदेही तय की जाएगी। बीएसए ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी नियमित रूप से पर्यवेक्षक पंजिका की समीक्षा कर उसकी समेकित रिपोर्ट जनपद स्तर पर प्रस्तुत करें, ताकि निपुण लक्ष्य की प्राप्ति का सतत अनुश्रवण संभव हो सके। उन्होंने आकलन आधारित लक्षित शिक्षण को प्रत्येक विद्यालय में प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। डायट प्रवक्ता अलीउद्दीन ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से जुड़े सांख्यिकीय आंकड़े प्रस्तुत कर प्रगति की समीक्षा की तथा सुधार हेतु कार्ययोजना साझा की। बैठक की शुरुआत एसआरजी आशीष श्रीवास्तव द्वारा प्री-टेस्ट लिंक साझा कर कराई गई, जिसके माध्यम से शैक्षिक कमियों पर समूह चर्चा हुई। अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विद्यालयों में रिमेडियल योजना को प्रभावी रूप से लागू कर प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने का संकल्प लिया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ममता सिंह, अशोक कुमार, प्रभात श्रीवास्तव, बड़ऊ वर्मा सहित जनपद के समस्त एआरपी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# फर्जी रसूख दिखाकर ग्रामीणों को डराने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार







**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जनपद के केराकत थाना क्षेत्र के टूसौरी गांव के एक निवासी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति खुद को उच्चाधिकारियों का करीबी बताकर लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं।

### मामले का विवरण

टूसौरी गांव निवासी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि वह एक शांतिप्रिय व्यक्ति हैं और उनका आज तक कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है। उन्होंने गांव के ही जितेन्द्र सिंह और उनके बेटों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे लोग फर्जी तरीके से खुद को डीआईजी (छ्द्धत्र) साहब का भाई बताते हैं। सतीश सिंह का दावा है कि डीआईजी साहब के केवल दो भाई हैं और आरोपी उनका रसूख इस्तेमाल कर गांव में दहशत फैला रहे हैं।

### मुख्य आरोप:

धमकी और गाली-गलौजः पीड़ित का आरोप है कि आरोपी आए दिन गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं।

फर्जी मुकदमे सतीश सिंह ने बताया कि आरोपी पक्ष द्वारा लोगों पर फर्जी एससी/एसटी (स्ष्ट/स्ञ्ज) एक्ट और अन्य झूठे मुकदमे दर्ज कराने का डर दिखाकर दबाव बनाया जाता है।

रास्ता विवादः कथित तौर पर 692 नंबर के रास्ते को लेकर भी विवाद खड़ा किया गया है, जबकि पीड़ित के अनुसार वह रास्ता पूरी तरह से साफ और स्पष्ट है।

### पीड़ित की मांग

सतीश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि फर्जी रिश्तों का हवाला देकर प्रशासन को गुमराह करने वालों पर नकेल कसी जानी चाहिए ताकि आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर सकें।

# दिव्यांगों के लिये खुलेगा महर्षि वशिष्ठ विद्यालय : रामभद्राचार्य

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा है कि बस्ती में दिव्यांगों के लिये महर्षि वशिष्ठ' के नाम से विद्यालय खोला जायेगा। सोमवार' को 'सर्किट हाउस के सभागार में 'नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, इंडिया' के तत्वावधान में जनपद के दृष्टि दिव्यांगजनों, विशेष रूप से उन दृष्टि दिव्यांग छात्रों के लिए एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिन्होंने 'जगतगुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय' से उच्च शिक्षा पूर्ण की है। कार्यक्रम का संचालन 'नैब इंडिया के मानद सचिव सचिव गोपाल कृष्ण अग्रवाल' द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में 'परम पूज्य जगतगुरु रामभद्राचार्य (पद्म विभूषण)' की कृतियों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा स्थापित देश के प्रथम दिव्यांग विश्वविद्यालय के माध्यम से जनपद ही नहीं, बल्कि देशभर के हजारों दिव्यांग बच्चों को मिल रही निःशुल्क उच्च शिक्षा का स्मरण किया। इस अवसर पर दृष्टि दिव्यांग शिक्षक 'अमर सिंह' ने जनपद में दृष्टि दिव्यांगों के लिए एक विद्यालय की स्थापना हेतु जगतगुरु से अनुरोध किया। अपने ओजस्वी उद्बोधन में 'परम पूज्य जगतगुरु रामभद्राचार्य' ने सभी उपस्थित जनों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए जनपद के सभी दिव्यांग युवाओं, विशेष रूप से दृष्टि दिव्यांग युवाओं को उच्च शिक्षा हेतु 'चित्रकूट स्थित निःशुल्क शिक्षा एवं आवासीय सुविधा' के साथ विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने का आवाहन किया। साथ ही उन्होंने जनपद में 'महर्षि वशिष्ठ' के नाम से विद्यालय खोलने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि बस्ती जनपद के सैकड़ों दृष्टि दिव्यांग बच्चे 'जगतगुरु रामभद्राचार्य द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय' में शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं अथवा वर्तमान में अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बस्ती में आयोजित राम कथा कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रमुख समाजसेवी राणा दिनेश प्रताप सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ एवं उपस्थित रहे। इस अवसर पर 'नैब इंडिया की एग्जीक्यूटिव कमिटी मेंबर श्रीमती प्रियंका सिंह सहित विशेष शिक्षिका एवं कार्यक्रम की समन्वयिका श्रीमती पूनम सिंह', 'चंदेश्वर प्रसाद मिश्र', 'राम सुरेश', 'राम जी शुक्ला', 'राजकुमार शुक्ला', 'अनसूया मिश्रा', 'राकेश कुमार सोनी', 'सुरेश धर द्विवेदी', 'राम दिनेश', 'रामदीन', 'फरीदा खातून', 'साहिबा', 'रविंद्र कुमार', 'श्रवण कुमार', 'चंद्रेश', 'जहांगीर' सहित अनेक दृष्टि दिव्यांग युवा उपस्थित रहे।

# सामाजिक न्याय के प्रहरी एवं निष्काम कर्मयोगी रहे संत गाडगे महाराज :-राकेश मौर्य

## जौनपुर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**





जौनपुर के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में महान समाज सुधारक कर्मयोगी राष्ट्रसंत गाडगे महाराज जी की जयंती समारोह पूर्वक समाजवादी पार्टी के ज़िला कार्यालय सदर चुंगी अलफस्टीनगंज में दिन में 11 बजे मनाई गई। सर्वप्रथम ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने उनके जीवन दर्शन को बताया तत्पश्चात उपस्थित सपाजनों से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया तथा उनके विचारों पर चलने का पुनः संकल्प लिया। गोष्ठी आयोजित कर उनके जीवन दर्शन पर चर्चा कराई गई। उक्त अवसर पर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि राष्ट्र संत गाडगे बाबा निष्काम कर्मयोगी एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत रहे। उन्होंने छुआछूत, रूढ़िवाद, पाखंडवाद, आडंबर, सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास का सदैव विरोध किया। उन्होंने महाराष्ट्र के कोने-कोने में अनेक धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय तथा छात्रावासों का निर्माण कराया। यह सब उन्होंने भीख मांग-मांगकर बनावाया किंतु अपने सारे जीवन में इस महापुरुष ने अपने लिए एक कुटिया तक नहीं बनवाई। उन्होंने धर्मशालाओं के बरामदे या आसपास के किसी वृक्ष के नीचे ही अपनी सारी जिंदगी बिता दी ऐसे महामानव की आज जयंती है पूरी समाजवादी पार्टी उनको याद करते हुए नमन करती है, उनके बताए रास्ते पर चलने का पुनः संकल्प लेती है। गोष्ठी को प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, ज़िला उपाध्यक्ष गण हीरालाल विश्वकर्मा, महेंद्र यादव नैपाल, वरिष्ठ नेता श्रवण जायसवाल, लाल मोहम्मद राईनी, ऊषा जायसवाल, वीरेंद्र यादव, राम अकबाल यादव, सूर्यभान यादव ने संबोधित किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, डॉ रामसूरत पटेल, रामकेश बिंद, पूनम यादव, शिवांगी यादव, सोनी सेठ, पिंकी साहू, जितेंद्र शर्मा, दीपक विश्वकर्मा, धीरज बिंद, दिलीप प्रजापति, प्रदीप पाल एडवोकेट, अरविंद यादव, गुड्डु सोनकर, आनंद गुप्ता, अशोक यादव नायक, धर्मेंद्र सोनकर, आसिफ शाह, प्रीतम पटेल, विशाल कन्नौजिया, धरम कन्नौजिया सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# मड़ियाहूं तहसील का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## निरस्त वरासत प्रकरणों की दोबारा समीक्षा के निर्देश



- अभिलेखों की जांच, न्यायिक कार्यों की प्रगति परखी; पारदर्शिता व समयबद्ध निस्तारण पर जोर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र ने तहसील मड़ियाहूं का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड रूम, उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, रजिस्ट्रार कानूनगो कक्ष तथा कंप्यूटर कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति पर संतोष जताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि निर्विवाद वरासत से जुड़े कुछ प्रकरण मामूली त्रुटियों के कारण निरस्त कर दिए गए थे। इस पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आवेदनों को निरस्त करने से पूर्व तहसीलदार पूर्ण परीक्षण कर लें और राजस्व परिषद के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र आवेदक किसी भी दशा में अनावश्यक रूप से वंचित न रहें।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को सभी निरस्त प्रकरणों की सूची तैयार कर पुनः परीक्षण करने तथा त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान तहसील में लागू ऑनलाइन ई-परवाना, अमलदरामद समेत अन्य व्यवस्थाओं की सराहना भी की गई। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जनसुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नवीन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित।

# राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत की जौनपुर इकाई ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय संत गाडगे जी का जन्म जयंती





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर नगर के चौकियां माता मंदिर के बगल के मैदान में महान समाज सुधारक संत बाबा गाडगे की जन्म जयंती कार्यक्रम को राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत की जनपद जौनपुर की इकाई तथा उनके अनुयाईयों ने बड़े धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष डॉ0 अजय कुमार सिंह व अजीत प्रजापति तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने किया।

कार्यक्रम का संयोजन केराकत के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चौधरी ने किया था।

राज्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको अपने महापुरुषों के ऊपर आधारित कार्यक्रम करते रहना चाहिए। हम ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूर्व विधायक दिनेश चौधरी का धन्यवाद करता हु।

दिलीप पटेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हजारों की संख्या में उपस्थित लोग आज यह संदेश दे रहे है कि सबकी कितनी श्रद्धा अपने समाज के महापुरुष गाडगे जी के प्रति है। सब लोग उनका अनुसरण करे। अपने जीवन में बदलाव लाए।

पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि संत गाडगे हम सबके लिए प्रेरणा के साथ गौरव और आस्था के केंद्र है। उनके नाम से जौनपुर शहर में एक संग्रहालय/पुस्तकालय का निर्माण होना आवश्यक है। उनके जयंती के दिन राजकीय अवकाश घोषित किया जाए।

उक्त अवसर पर अनिल कन्नौजिया, सोनू कन्नौजिया, लवकुश कन्नौजिया, श्रावण कन्नौजिया, सुजीत चौधरी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# एसपी की कार्यशैली पर उठे सवाल

## पत्रकारों ने सामूहिक रूप से छोड़ा पुलिस का व्हाट्सएप ग्रुप





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली को लेकर स्थानीय पत्रकारों में असंतोष खुलकर सामने आ गया है। सूचना तंत्र में कथित शिथिलता से नाराज पत्रकारों ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप को सामूहिक रूप से छोड़ दिया। इस कदम से प्रशासनिक महकमे में भी हलचल मच गई है। पत्रकारों का आरोप है कि हाल के दिनों में किसी भी बड़ी घटना, आपराधिक मामले या प्रशासनिक कार्रवाई पर समय से अधिकृत बाइट और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इससे न केवल समाचार संकलन प्रभावित हो रहा है, बल्कि अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार का भी खतरा बढ़ रहा है। उनका कहना है कि पूर्व में पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय रहता था, लेकिन वर्तमान में संवाद की कमी स्पष्ट दिखाई दे रही है। सूत्रों के अनुसार, इस मुद्दे को लेकर कई पत्रकारों ने सोशल मीडिया मंच ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से संवाद व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित अधिकृत जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। फिलहाल पुलिस विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, जानकारों का मानना है कि मीडिया और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल जनहित में आवश्यक है।

## ईंट भट्ठे से गायब मजदूर का ग्यारहवें दिन भी नहीं मिला सुराग

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन धिरौली नानकार गांव में संचालित एक ईंट भट्ठे से गायब एक मजदूर का ग्यारहवें दिन भी सुराग नहीं मिल सका। उसके पिता ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराया है। बिहार प्रांत के गया जिले के बजीरगंज थाना अन्तर्गत कढ़ौना गांव निवासी 35 वर्षीय मजदूर छोटू मांझी उक्त ईंट भट्ठे पर पथाई का काम करता था। गत 13 फरवरी की सुबह वह बगैर किसी को बताए भट्टे से गायब हो गया। खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चलने पर उसके पिता करा मांझी ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# श्रीविष्णु महायज्ञ शाला की परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**



बाबा वेद मोहनदास ब्रह्मचारी ने अपनी कुटिया में बैठकर लोगों को आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा कि यज्ञशाला में अग्नि देव की स्थापना के पश्चात यज्ञशाला की परिक्रमा करने की पुरानी परंपरा है। भगवान शंकर व माता पार्वती की भी परिक्रमा गणेश व कार्तिक जी ने की थी, तभी उन्हें मनवांछित फल प्राप्त हुआ था। यज्ञस्थल पर आने वाले लोगों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है जो अनवरत चल रही है। साथ ही विद्वान वक्ताओं से प्रवचन कराया जा रहा है, ताकि हमारे हिंदू संस्कृति व सभ्यता को लोग अपने जीवन में उतार सके। वहीं रात में वृंदावन से आए रासलीला मंडली के कलाकारों की तरफ से भगवान श्रीकृष्ण की एक से बढ़कर एक कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। पूरे कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करने के लिए संरक्षक रमेश चंद्र कुशवाहा, अध्यक्ष सरजू प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष विजय पासवान, विनोद पासवान आदि उपस्थित रहे।

## पालिका से बिना पूछे छतों पर लगा दिए होर्डिंग्स

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** जिले में बैनर-होर्डिंग्स टांगने वालों पर कोई नियंत्रण नहीं है। विज्ञापन एजेंसियों ने फ्लाईओवर से सटे मकानों की छतों पर मनमाने तरीके से होर्डिंग्स लगा दिया है। इसकी सूचना पालिका में नहीं दी है। छतों पर होर्डिंग्स के लिए कोई नियमावली न होने का फायदा एजेंसियां उठा रही हैं। नगरीय सीमा सटे भवनों की छतों को प्रचार का केंद्र बना दिया है। छत के ऊपर लोहे के एंगल से स्टैंड बनाकर होर्डिंग टांग दिए हैं। नगर पालिका के पास इसका कोई ब्योरा नहीं है। सड़क किनारे भवन की छतों पर होर्डिंग टांगते समय सुरक्षा पहलुओं पर ध्यान देने के साथ ही संबंधित संस्थाओं को पालिका में सूचना देना भी जरूरी है। कोई शुल्क न होने के कारण भवन स्वामी ध्यान नहीं देते हैं। उन्हें सिर्फ किराये से मतलब रहता है। जिम्मेदार तो हादसे हादसे के इंतजार में बैठे हैं। नगर पालिका के एक अधिकारी ने बताया कि बढ़ौली चौक से मेन मार्केट तक तीन यूनिपोल नगर पालिका प्रशासन की अनुमति से लगाए गए हैं। यूनिपोल लगाने वाली वाराणसी की एक संस्था की तरफ से व्यावसायिक प्रचार प्रसार के लिए शुल्क लिया जाता है। संस्था नगर पालिका प्रशासन को साल में सिर्फ एक बार निर्धारित 21 हजार का शुल्क एक यूनिपोल का जमा करती है।

## ससुराल में युवक की जलने से हुई मौत पेट्रोल छिड़ककर मारने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुटवेढ़वा के पासवान बस्ती निवासी दीपक कुमार (33) की उसकी ससुराल झारखंड राज्य के गढ़वा जिला अंतर्गत भवनाथपुर ग्राम मेरौनी, हरिहरपुर में संदिग्ध हाल में जलने से मौत हो गई। घरवालों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट व पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव घरवालों को सौंप दिया हे। मृतक का अंतिम संस्कार उसके गांव में हुआ। पिता रामदास ने बताया कि दीपक कुमार बीते 15 फरवरी को अपनी ससुराल ग्राम मेरौनी (हरिहरपुर) गया था। उसी रात परिजनों को सूचना मिली कि वह गंभीर रूप से आग की चपेट में झुलस गया हैं।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या मामले में परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार

## परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अढे

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



लखीमपुर खीरी। फरधान थाना क्षेत्र के खेतौसा गांव में शनिवार रात 25 वर्षीय युवक मीर कुमार की हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस बल तैनात किया गया है।जानकारी के अनुसार, मीर कुमार (पुत्र राजाराम गौतम) का गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। शनिवार रात यह कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि कुछ लोग मीर के घर में घुस गए और उसे बाहर निकालकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल मीर को परिजन तुरंत अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

रविवार दोपहर जब शव गांव पहुंचा, तो परिजनों ने पहले दिल्ली से बहन के आने का हवाला देकर अंतिम संस्कार टाल दिया था।

सोमवार सुबह परिजनों ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। वे अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। परिजनों को समझाने का प्रयास भी जारी है। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ख्याति खरे ने जानकारी दी कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं और उनकी तलाश जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम संस्कार को लेकर कोई विवाद नहीं है, बल्कि परिजन अपने दूर के रिश्तेदारों के आने का इंतजार कर रहे हैं।

### नितिन हत्याकांड, मृतक के पिता ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। सलेमपुर क्षेत्र में हुए गोलीकांड के मृतक युवक के पिता सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए एक शिकायती पत्र दिया गौरतलब है कि चन्दीदीनपुरवा निवासी मनिशंकर अवस्थी ने बताया कि उनके पुत्र नितिन अवस्थी उर्फ आशीष की 20 फरवरी की रात सलेमपुर क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नितिन एक मौरंग व्यापारी के यहां मुनीम का काम करता था और राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के सामने किराए के कमरे में रहता था।परिजनों का आरोप है कि मृतक पर लगभग 1.20 लाख रुपये का हिसाब बकाया था। इसी बात को लेकर आरोपी उससे रंजिश रखते थे। आरोप है कि घटना से पहले आरोपियों ने नितिन को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।शिकायती पत्र के अनुसार, घटना वाले दिन शाम करीब सात बजे आरोपी अपने साथियों के साथ मृतक के कमरे पर पहुंचे। उन्होंने नितिन को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां शव छोड़कर फरार हो गए। घटना में प्रयुक्त वाहन भी अस्पताल परिसर में पाया गया था।

# ढखेरवा में अलग-अलग हुए सड़क हादसों में छात्र समेत दो की मौत, 21 घायल

## धौरहरा और घाघरा बैराज मार्ग पर हुए सड़क हादसों से दहला क्षेत्र

जन एक्सप्रेस। अख्तर अली



निघासन खीरी: पढुआ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह अलग-अलग मार्गों पर हुए सड़क हादसे में हाई स्कूल के पेपर देने जा रहे छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि 21 लोग जख्मी हुए हैं। दोनों हादसों के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी रमियाबेहड़ भेजा जहां चिकित्सकों ने एक छात्रा को मृत घोषित करते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शारदानगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सोमवार सुबह 16 छात्र-छात्राएं एक मारुति वैन पर सवार होकर रमियाबेहड़ स्थित गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हाई स्कूल के पेपर देने जा रहे थे तभी ढखेरवा धौरहरा मार्ग पर रमियाबेहड़ गांव के निकट छात्रों की मारुति वैन सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त हुई की मारुति कार के परखच्चे उड़ गए। और छात्र चंचल 17 पुत्र दीवान निवासी बेलपुरवा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि अंजली 18, शिवांश 17 पुत्र संदीप, विवेक 16 पुत्र राजेश, शिवांशी 17 पुत्री उत्तम निवासी गड़ोसा, शिवानी 18 निवासी कोठिया, तनु 18 पुत्री दिनेश, संध्या 18, रितिक 17 पुत्री राम मोहन, समीर 18 पुत्र इसरार, चेतराम 20 पुत्र छोटकन, नैंसी 16 निवासी चमेली, शोभित 19 पुत्र संतोष निवासी राजापुर, रितु 16 पुत्री रंजीत, सोमवती 16 पुत्री श्रीकृष्ण निवासी बेलपुरवा, पिंकी 17 पुत्री प्रमोद निवासी धनीराम पुरवा और वैन चालक नबी अहमद 30 पुत्र ताज खान निवासी बड़ागांव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उधर ढखेरवा घाघरा बैराज मार्ग पर पढुआ थाने के निकट तेज रफ्तार दो निजी बसों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दोनों बस चालक समेत 6 यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एक मिनी बस प्रतिदिन की भांति जनपद बहराइच के सुजौली से लखीमपुर जा रही थी जबकि दूसरी बस देहरादून से जनपद बहराइच के बिछिया जा रही थी। इस बस हादसे में संतोष मौर्य निघासन, अवधेश सिंगाही, मिथुन कफारा, राजू सेमरा बाजार, विजय गोला और बस चालक शाबान गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें सीएचसी रमियाबेहड़ से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जहां पर चिकित्सकों ने बस चालक शाबान निवासी कुचलूपुर थाना सिकंदराबाद को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने अपने सुपुर्द ले लिया है।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने हेतु ग्राम बेल में विशाल कृषक जागरूकता संगोष्ठी सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। खम्भारखेड़ा खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल, खम्भारखेड़ा के तत्वावधान में ग्राम बेल में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने एवं उन्नत कृषि तकनीकों के प्रसार हेतु एक भव्य कृषक जागरूकता संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक (प्रजनन) डॉ. अरविन्द कुमार एवं पूर्व वैज्ञानिक डॉ. वी.सी. जादौन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गन्ना विकास परिषद खम्भारखेड़ा के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी, चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना)संजीव कुमार,क्षेत्रीय प्रभारी शैलेन्द्र सिंह तथा प्रगतिशील कृषक जगदम्बा प्रसाद वर्मा,नेतराम वर्मा एवं हरवंश लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. अरविन्द कुमार एवं डॉ. वी.सी. जादौन ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई की उन्नत एवं वैज्ञानिक विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को भूमि एवं बीज शोधन, अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों तथा प्रभावी फसल संरक्षण उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सुझाव दिया कि गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की दूरी न्यूनतम 4 फीट रखी जाए, मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का उपयोग किया जाए तथा केवल स्वीकृत एवं उन्नत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई की जाए। साथ ही बीज उपचार (थायोफिनेट मिथाइल), भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा), सिंगल बड तकनीक, संतुलित उर्वरक प्रयोग एवं पेड़ी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला।जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश चौधरी ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश में स्वीकृत व उन्नत गन्ना प्रजातियों की बुआई करने पर बल दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि प्रदेश में अनुपयुक्त, प्रतिबंधित या अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों नकली 9709, एच आर 119, तथा पी बी की प्रजातियों की बुआई किसी भी स्थिति में न करें।

# पूजनीय पीपल का पेड़ अवैध रूप से काटने से ग्रामीणों में आक्रोश

## थाने में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




नीमगांव थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में एक पूजनीय पीपल के पेड़ को अवैध रूप से काट दिया गया है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। नीमगांव पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह पीपल का वृक्ष सैकड़ों वर्ष पुराना था और एक मंदिर के पास स्थित था। गांव की महिलाएं नियमित रूप से इसकी पूजा करती थीं। यह विशाल वृक्ष पक्षियों को आश्रय देने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण था।शिकायतकर्ता शिवम पाठक पुत्र श्रीकृष्ण पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम निवासी केशव भारती पुत्र जीवन लाल ने 22 फरवरी 2026 को बिना किसी वैधानिक अनुमति के इस पूजनीय वृक्ष को काट दिया।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने तत्काल नीमगांव थाना और वन विभाग में शिकायत दर्ज कराई। हिंदू संगठनों ने भी इस पर कड़ी आपत्ति जताई है।नीमगांव थाना अध्यक्ष प्रवीर कुमार गौतम ने बताया कि उन्हें इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता शिवम पाठक की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में आरोपी केशव भारती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।बजरंग दल के बेहजम ब्लॉक अध्यक्ष विमल गुप्ता ने भी प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने क्षेत्र में पीपल के पेड़ों के अवैध कटान पर चिंता व्यक्त की।

# 2941 छात्रों ने छोड़ा इंग्लिश का पेपर, पहली पाली में अनुपस्थित रहे छात्र



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 2941 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिले में कुल 49,933 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 46,994 छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे, जबकि 2,941 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई और परीक्षार्थियों को तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में सुनिश्चित की जा रही है।

# तेंदुए ने किया युवक पर हमला



## खेत काम कर रहे युवक घायल, लखनऊ रेफर, ग्रामीण आक्रोशित

जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी

मझगई वन रेंज के बेला कला गांव में तेंदुए ने खेत में काम कर रहे एक युवक पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी है।

गौरतलब है कि बेला कला निवासी अरविंद कुमार अपने खेत में गन्ने की बुवाई कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक तेंदुए ने उन पर अचानक हमला कर दिया। अरविंद के चीखने-चिल्लाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक तेंदुआ उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका था। घायल अरविंद को तुरंत पलिया स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया। वहां से उन्हें आगे के बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है। उनकी हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त की और आरोप लगाया कि पिछले एक महीने में यह तीसरी बड़ी घटना है। उनका कहना था कि बार-बार शिकायत के बावजूद वन विभाग तेंदुए को पकड़ने में विफल रहा है। इस दौरान, मौके पर मौजूद ग्रामीणों और वन कर्मियों के बीच तीखी बहस और हाथापाई भी हुई।तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए, डिप्टी रेंजर मनोज कुमार यादव ने पीड़ित परिवार को 7,000 रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। वन विभाग ने बताया कि वे तेंदुए की लोकेशन ट्रैक करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, ग्रामीण अभी भी भयभीत हैं और जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

# राज्यमंत्री असीम अरुण की पहल से आंटी गांव को मिलीं विकास की चार बड़ी सौगातें



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

## खेल मैदान, आरआरसी, गौशाला और अन्नपूर्णा भवन किया जनता को समर्पित

जनपद के आंटी गांव को सोमवार को एक साथ चार जनोपयोगी विकास कार्यों की सौगात मिली है।

वित्त वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्मित आधुनिक खेल मैदान, कचरा प्रबंधन केंद्र (आर0आर0सी), गौशाला और अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया गया। कन्नौज सदर के विधायक और समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर इनका शुभारंभ किया। इसके साथ ही इन सुविधाओं को जनता को समर्पित किया।

### ग्राम विकास को मिलेगी नई गति

कार्यक्रम में राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि आंटी गांव को विकास के मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन नई सुविधाओं से ग्रामीण विकास को नई गति प्राप्त होगी। खेल मैदान युवाओं को प्रेरित तो आर.आर.सी. स्वच्छता को मजबूत करेगा। गौशाला पशुपालकों के लिए उपयोगी होगी और अन्नपूर्णा भवन सामाजिक कार्यक्रमों में काम आएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी गांव की चुनौतियों को चिह्नित कर विकास कार्य किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर कन्नौज के जिलाध्यक्ष श्री वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख श्री रामू कठेरिया, प्रधान श्री नरेंद्र कुमार प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गांव के लोग उपस्थित रहे।

# परम्पराओं का सच नामक पुस्तक का विमोचन किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उन्नाव जनपद के विकास खण्ड सिकंदरपुर कर्ण के ग्राम जोजापुर में कवि रामनाथ भोला की स्मृति में राम नाथ भोला स्मृति संस्थान जोजापुर द्वारा आयोजित यथार्थ वादी कवि/लेखक रघुराज सिंह मगन की नवीं पुस्तक हिन्दू विवाह का इतिहास और परम्पराओं का सच नामक पुस्तक का विमोचन नवयुग जन चेतना के अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल कवि नन्हेंराम बाजपेयी सुरेंद्र कुमार जयराम जी सहित कई अन्य वक्ताओं के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नसीर अहमद ने की विमोचित पुस्तक के बारे में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए पुत्तन लाल पाल ने कहा कि रघुराज मगन की यह कृति पुस्तक नहीं एक सामाजिक क्रांति और समाज में परिवर्तन लाने वाली ज्वाला है।

इस कृति के तीन दर्जन आलेखों में हिन्दू समाज में विवाह के अवसर पर होने वाली अनेक अनावश्यक रश्मों के सच को उजागर करते हुए उन्हें समयानुकूल न होने के कारण अनुपयोगी बताया गया है तथा जो परिवर्तित समय में समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है उसे अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है।

विमोचित पुस्तक हिंदू विवाह का इतिहास और परंपराओं का सच के संपन्न होने के बाद एक कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया जिसका संचालन कृष्ण कुमार सरल ने किया, जिसमें नसीर अहमद नसीर, नन्हे राम बाजपेई, डा राम किशोर वर्मा, जयराम सिंह जय, उमा शंकर निःशंक, राम कुमार कुमुदेश, दिनेश नीरज, लाल सिंह प्रहरी, सुरेश पाखंडी, मो कलीम आरजू व रघुराज सिंह मगन आदि कवियों ने शानदार काव्य पाठ कर वाह वाही लूटी।

इस अवसर पर वरिष्ठ कवि नन्हेराम बाजपेयी को कवि दिनेश उन्नावी स्मृति साहित्य रत्न सम्मान, नसीर अहमद को कवि साहू मुनिलाल स्मृति साहित्य गौरव सम्मान, सतीश पाखंडी को लोकगीत कार मोहनलाल शास्त्री स्मृति साहित्य भूषण सम्मान, तथा मोहम्मद कलीम आरजू को राम राखन द्विवेदी स्मृति साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीराम यादव प्रधान, राधेश्याम यादव, राकेश कुमार वर्मा, राजकिशोर यादव, प्रेम शंकर, पण्डित चन्द्र शेखर शास्त्री, जय प्रकाश यादव, सुखदेव सिंह, डा बिंदेश्वरूप, संजीव श्रीवास्तव, पिंटू कुमार, राम जी, विजय शंकर, राम सजीवन, राजेन्द्र, मुनेश्वर, राम कुमार आदि के साथ क्षेत्र एवं ग्राम वासियों की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। अंत में संयोजक मगन ने सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की

# खेत में शराब पीने से मना करने पर चले लाठी डंडे चार घायल

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गड़रियन वाला पीपर खेड़ा निवासिनी राधा ने कोतवाली गंगाघाट की जाजमऊ चौकी में प्रार्थनापत्र देकर शिकायत दर्ज कराई और बताया की विगत दिवस 19 फरवरी 2026 को उनके खेत पर विक्रम, विशाल पुत्रगण विशम्भर एंव आकाश, विकास, पुत्रगण लल्लन सभी निवासी ग्राम गड़रियन वाला पीपर खेड़ा कोतवाली गंगाघाट शराब पी रहे थे जिससे उन्हें मना किया गया जिसकी रंजिश मानते हुए सभी ने लाठी डंडो से हमला कर दिया हमले में पीड़िता की सास पति मोतीलाल देवर अमित व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गये जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है और कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया चौकी जाजमऊ क्षेत्र में बीते कुछ दिनों पूर्व नशेबाजी के चलते कई बड़ी घटनाए घटित हो चुकी है दिनांक 6 फरवरी 2026 को शराब के लिये पैसे ना देने पर राजन उर्फ़ कल्लू निवासी डेरा वाला पीपर खेड़ा ने अपनी बृद्ध माँ शान्ति की लोहे की राड मार कर हत्या कर दी थी उससे पूर्व कल्लू पुरवा में ओम प्रकाश ने रास्ते से गाड़ी हटाने को कहने पर रास्ते में नशेबाजी कर रहे नशेबाजो ने गोली मार कर घायल कर दिया वही ग्राम कर्मी विझलामऊ माँ बेटे को नशेबाजो ने लाठी डंडो से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिन्हे कोतवाली गंगाघाट पुलिस द्धारा सख्त कार्यवाही करते हुए जेल भी भेजा गया अब देखना ये है की इन नशेबाजो पर पुलिस क्या कार्यवाही करती है।

# कई ग्रामो में चकबन्दी समस्याओं को लेकर होंगी ग्राम चौपालें : रेशमा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

उप जिलाधिकारी/बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रेशमा सहाय ने बताया है कि चकबंदी आयुक्त के निर्देश पर ग्राम गंगधरापुर एवं मिरगावां में ग्राम चौपाल आयोजित किये जाने संबंधी कार्यालय ज्ञापन निर्गत किया गया था। उन्होंने बताया है कि अन्य प्रशासनिक कार्यो में व्यस्तता के कारण पूर्व निर्गत आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए ग्राम गंगधरापुर, परगना/ तहसील सदर, जनपद कन्नौज में दिनांक 25 फरवरी को अपरान्ह 3:00 बजे एवं ग्राम मिरगावां, परगना/तहसील सदर, जनपद कन्नौज में दिनांक 27 फरवरी अपरान्ह 3:00 को निर्धारित ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर संबंधित चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दीकर्ता एवं चकबन्दी लेखपाल अभिलेखों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया है। साथ ही, संबंधित ग्रामों में निर्धारित तिथि से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किये जाने की बात कही है।

# सौ शैया अस्पताल छिबरामऊ में एक माह में सिजेरियन आपरेशन शुरू कराने का निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम बोले आपात स्थिति के लिए तैयार रहें सभी अस्पताल

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में जितने भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं, सभी 24 घण्टे आकस्मिक व्यवस्था के लिये क्रियाशील होने चाहिए।

इसके लिये माइक्रो प्लान तैयार कर डाक्टर्स की ड्यूटी सुनिश्चित की जाये। कहा कि स्वास्थ्य विभाग अपने दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें, अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

उन्होनें राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अन्तर्गत 1 से 19 वर्ष के बच्चों और किशोरों को एलबेन्डाजोल की गोली खिलाने में लगभग 80000 बच्चों जो छूट पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को चिहिन्हत करते हुए उनको एलबेन्डाजोल की गोली खिलायी जाए। इस कार्य में लापरवाही न की जाए।

जिलाधिकारी ने एफ0आर0यू की समीक्षा करते हुए मुख्स चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वा0 केन्द्र छिबरामऊ में सिजेरियन प्रसव किये जाने हेतु तत्काल कार्यवाही करें,

चिकित्सालय में एक माह के अन्दर सिजेरियन प्रसव किये जाने सुविधा सुनिश्चित करें।

उन्होनें आयुष्मान योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि जो आपरेटर आईडी निष्क्रिय पाई गई उन सभी निष्क्रिय आईडी को शीघ्र सक्रिय कराते हुए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में तेजी लाई जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शाक्ति बसु,

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव युनानी अधिकारी डा0 सर्वेश कुमार सहित संबंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

# दिल्ली-एनसीआर से हटेंगे कोयला आधारित उद्योग?

## 300 किमी दायरे वाले प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं और अलग-अलग मुद्दों पर जवाब तलब किया है। अदालत ने खास तौर पर कोयला आधारित उद्योगों, निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान उड़ने वाली धूल और वाहनों के प्रदूषण को लेकर उठाए गए कदमों का ब्योरा मांगा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में लगातार वायु गुणवत्ता की दिक्कत से निपटने के लिए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि वह कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। इसने भवन निर्माण और तोड़-फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी स्टेकहोल्डर्स से भी जवाब मांगा। पीठ ने इस सुझाव पर भी केंद्र से जवाब मांगा कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र स्थापित न किया जाए। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को सार्वजनिक नोटिस जारी कर एनसीआर में संचालित कोयला आधारित उद्योगों सहित सभी हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया।इन नोटिसों को कोर्ट द्वारा भेजा गया नोटिस माना जाएगा और राज्यों को मिले फीडबैक की डिटेल देते हुए एक 'एक्शन टेकन प्लान' जमा करने को कहा गया है।

### गाड़ियों से फैलने वाले प्रदूषण पर 12 मार्च को सुनवाई

इसने केंद्र सरकार के मंत्रालयों को एनसीआर के अंदर कोयला-आधारित इंडस्ट्रीज को धीरे-धीरे खत्म करने के मकसद से एक संयुक्त प्रस्ताव जमा करने को कहा गया है। बेंच ने आदेश दिया, प्रस्ताव में सबसे पहले इंडस्ट्रीज की पहचान की जाएगी और यह तय किया जाएगा कि उनके लिए कौन से वैकल्पिक ईंधन स्रोत दिए जा सकते हैं। बेंच ने दिल्ली सरकार को सीएक्यूएम द्वारा सुझाए गए इन लॉन्ग-टर्म सॉल्यूशन को लागू करने के लिए एक खास एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश दिया।बेंच ने कहा, कमीशन ने उन संबंधित एजेंसियों की पहचान की है जिनसे एक्शन लेने की उम्मीद है। इसलिए हम दिल्ली सरकार को इन उपायों को लागू करने के लिए एक प्रपोज़्ड एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश देते हैं। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर में वाहनों के चलने से प्रदूषण बढ़ने का सवाल भी उठा। बेंच ने कहा कि इसका परीक्षण किए जाने की जरूरत है। अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 12 मार्च की तारीख तय की है।

# तमिलनाडु में मतदाता सूची में बड़ी छंटनी

## एसआईआर के बाद हटे 74 लाख से ज्यादा नाम, अब राज्य में कितने मतदाता?

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई



तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस बड़े अभियान में 74 लाख से ज्यादा नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। संशोधित सूची के अनुसार अब राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 67 लाख रह गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अलग-अलग जिलों के आंकड़े जारी कर रहे हैं। यह कार्रवाई चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत की गई है। इनमें पुरुष मतदाता 2,77,38,925, महिला मतदाता 2,89,60,838 और तीसरे लिंग के 7,617 मतदाता हैं। इस पुनरीक्षण का मकसद मतदाता सूची को साफ और सही बनाना है। अधिकारियों के अनुसार हटाए गए नामों में बड़ी संख्या मृत मतदाताओं की है। करीब 66 लाख नाम अलग-अलग कारणों से हटाए गए हैं। जिन लोगों का नाम गलती से कट गया है या जो नए मतदाता हैं, वे फॉर्म-6 भरकर दोबारा आवेदन कर सकते हैं। आयोग का कहना है कि हर पात्र नागरिक को वोट देने का अधिकार मिलेगा, लेकिन सूची में गलत या दोहराव वाले नाम नहीं रखे जाएंगे। बता दें कि इससे पहले 27 अक्तूबर 2025 को सूची में 6,41,14,587 मतदाता शामिल थे। इसके बाद 19 दिसंबर को जारी हुई प्रारंभिक ड्राफ्ट सूची में: 5,43,76,756 मतदाता रह गए थे। फिर दावे और आपत्तियों के दौरान 27.53 लाख नाम जोड़े गए और 4.23 लाख नाम हटाए गए।

### नोटिस जारी, 10 दिन का मौका

पुनरीक्षण के दौरान 12 लाख 43 हजार 363 लोगों को नोटिस भेजे गए। जिनके नाम, पते या अन्य विवरण में गड़बड़ी मिली, उनसे दस्तावेज और स्व-घोषणा पत्र मांगा गया। हटाए गए नामों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, उपखंड कार्यालय और शहरी वार्ड दफ्तरों में चस्पा की गई। जिनका नाम हटाया गया, उन्हें 10 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज कराने या स्पष्टीकरण देने का मौका दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन

यह पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग के 30 जनवरी के निर्देश और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार की गई। जिन नामों में विरोधाभासी या अधूरी जानकारी मिली, उन्हें कारण सहित सार्वजनिक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है। इसलिए हर हटाए गए नाम के पीछे का कारण दर्ज किया गया है।

### क्या बोलीं राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी

राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी के बाद एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 97.37 लाख मतदाताओं के नाम विभिन्न श्रेणियों में हटाए गए हैं। पुनरीक्षण से पहले राज्य में कुल मतदाता संख्या 6.41 करोड़ थी, जो अब घटकर 5.67 करोड़ रह गई है। पटनायक ने आगे कहा कि 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 7.40 लाख नए मतदाताओं को सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अब मतदाता सूची का निरंतर अद्यतन तुरंत प्रभाव से शुरू किया जाएगा, ताकि पात्र नागरिकों को मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया जा सके।

# आर्थिक नीतियां : क्या सोना-चांदी आयात चिंताजनक

## यूएस टैरिफ में बदलाव का कितना असर? वित्त मंत्री-आरबीआई ने दिए जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली स्थित आरबीआई भवन में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 61वीं बैठक में भाग लिया। इस दौरान उनके साथ आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा भी मौजूद रहे।

### टैरिफ में हुए बदलाव पर टिप्पणी करना जल्दबाजी

सीतारमण ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में हुए बदलाव से हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्री हालात की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही बीमा उत्पादों की गलत बिक्री के बजाय बैंकों को अपने मुख्य व्यवसाय पर ध्यान देना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई, कतर, ओमान जैसे देशों के साथ-साथ यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे गुटों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। भारत वैश्विक बाजारों के साथ जुड़ाव जारी रखना चाहता है और यह सुनिश्चित करना चाहता है कि उसकी अर्थव्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय व्यापार से लाभ मिले।

### सोने-चांदी के आयात को लेकर क्या कहा?

उन्होंने कहा कि सोने-चांदी का आयात चिंताजनक स्तर पर नहीं है। रिजर्व बैंक इस पर नजर रख रहा है। सोने की कीमतों में उछाल का कारण वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की तरफ से इसकी भारी मात्रा में खरीदारी है। उन्होंने कहा कि सोना घरेलू परिवारों के लिए पारंपरिक निवेश का साधन रहा है और त्योहारों के मौसम में इसमें आमतौर पर उछाल देखा जाता है।सीतारमण ने स्पष्ट किया कि अभी तक सोने की कीमतों ने कुछ निश्चित सीमाओं को पार नहीं किया है और स्थिति नियंत्रण में है। तरलता के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के पास पर्याप्त तरलता उपलब्ध है और अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुसार ऋण उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### सोने के आयात को लेकर कोई खास चिंता नहीं

वहीं आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने आश्वासन दिया कि सोने के आयात को लेकर कोई खास चिंता नहीं है। बाहरी क्षेत्र मजबूत है और चालू खाता घाटा नियंत्रण योग्य स्तर पर है। उन्होंने यह भी दोहराया कि आरबीआई अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों के लिए पर्याप्त तरलता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पर टिप्पणी करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि एफडीआई प्रवाह मजबूत बना हुआ है, पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है और देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी उपस्थित रहे।

# नेपाल में यात्री बस के नदी में गिरने से 18 लोगों की मौत, कई घायल, विदेशी पर्यटक भी थे सवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार तड़के एक भीषण हादसा हुआ। पोखरा से काठमांडू जा रही एक यात्री बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना भारतीय समयनुसार रात करीब एक बजे चिनाधारा क्षेत्र के पास हुई। बस में करीब 40 से 45 से अधिक यात्री सवार थे। इनमें कुछ विदेशी पर्यटक भी सवार थे। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या 18 है। इनमें छह महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं। हादसे में 25 से 27 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में आठ महिलाएं, 18 पुरुष और एक नाबालिग लड़की शामिल है।

### कैसे हुआ हादसा?

बस पृथ्वी राजमार्ग पर चल रही थी। बताया जा रहा है कि बेनीघाट रोरांग ग्रामीण नगरपालिका-5 के भैसेपाटी इलाके के पास बस अचानक अनियंत्रित हो गई। वाहन सड़क से फिसलकर करीब 300 मीटर नीचे ढलान से होते हुए नदी किनारे जा गिरा। बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिली। पुलिस ने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक आशंका है कि चालक ने नियंत्रण खो दिया या सड़क की स्थिति खराब थी। बस में क्षमता से अधिक यात्री होने की भी जांच की जा रही है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है।

### राहत कार्य की चुनौती

हादसा रात के समय हुआ, जिससे बचाव अभियान में दिक्क़त आई। नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल, नेपाल पुलिस और स्थानीय लोग मिलकर राहत कार्य में जुटे। हाईवे रेस्क्यू मैनेजमेंट समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुरी ने बताया कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अंधेरा और नदी का बहाव बचाव कार्य के लिए बड़ी चुनौती बना रहा।

# पीएम ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र अवैध घुसपैठ और महिला सुरक्षा समेत उठाए कई मुद्दे

- इस पत्र में उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए राज्य की मौजूदा सरकार पर सीधा हमला बोला
- पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को प्राथमिकता दी है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को एक खुला पत्र लिखा है। इससे एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस पत्र में उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए राज्य की मौजूदा सरकार पर सीधा हमला बोला। पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर नागरिक आज दुखी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में माताएं और बहनें खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं और बदलाव अब अनिवार्य हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र की शुरुआत जय मां काली से की और लिखा कि कुछ ही महीनों में पश्चिम बंगाल का भाग्य तय होगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मतदाताओं के फैसले पर निर्भर करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

### केंद्र की योजनाओं का हवाला

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला। अटल पेंशन योजना से 56 लाख वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए। किसान सम्मान निधि के तहत 52 लाख से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता दी गई। छोटे व्यापारियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए।

### घुसपैठ और हिंसा का मुद्दा

प्रधानमंत्री ने अवैध घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा को गंभीर चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की धरती आज अराजकता में फंसी है। उन्होंने नकली वोटरों का भी जिक्र किया और कहा कि राज्य को अंधकार से बाहर निकालना जरूरी है।

### परिवर्तन का आह्वान

पत्र के अंत में प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से बदलाव के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से देश के कई राज्यों में जीवन स्तर सुधरा है और पश्चिम बंगाल भी विकास का हकदार है। उन्होंने दोहराया कि अब समय आ गया है कि राज्य विकास और सुशासन की राह चुने।

### तुष्टिकरण का आरोप

पीएम मोदी ने लिखा कि स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास में अग्रणी था, लेकिन अब स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति को राज्य की गिरती हालत के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार के अभाव में युवा पलायन कर रहे हैं और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

# घाटी में जैश का खात्मा!: सेना ने सात आतंकी किए ढेर, 10 लाख का इनामी पाकिस्तानी दहशतगर्द सैफुल्लाह बड़ी सफलता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### 326 दिन चलाए लगातार हाई-एल्टीट्यूड अभियान

व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई-एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किश्तवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया।' इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। पोस्ट में आगे कहा गया, 'ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और संचार साधनों के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। हमारी सेनाओं की लगातार कोशिश और दृढ़ संकल्प, जिसका नतीजा सैफुल्लाह और उसके साथियों का खत्म होना था, यह साबित करता है कि हमारे जवानों और इंटेलिजेंस एजेंसियों के संकल्प, साहस और वीरता के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता।'

### आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार

भारतीय सेना ने कहा कि यह आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार है। हम सेवा और सुरक्षा करते हैं। व्हाइट नाइट कोर ने मारे गए आतंकदियों की तस्वीर भी शेयर की है, जिसके ऊपर लाल रंग में क्रॉस लगे हुए हैं। इससे पहले, सेना ने एक संयुक्त अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। 'ऑपरेशन त्रासी-1' के तहत किश्तवाड़ में इन आतंकियों को मारा गया। व्हाइट नाइट कोर ने जानकारी दी कि आतंकवादी के अवशेष और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। सेना ने कहा, 'स्थिरता को कमजोर करने वालों के लिए कोई जगह, कोई पनाहगाह नहीं है।'

### जैश के साथ एक दर्जन से ज्यादा एनकाउंटर हुए

पिछले साल किश्तवाड़ के घने जंगल वाले चटरू इलाके में ज्वाइंट फोर्स और पाकिस्तानी जैश-ए-मोहम्मद (जैश) के आतंकवादियों के बीच एक दर्जन से ज्यादा एनकाउंटर हुए। भारतीय सेना आतंकवादियों को पीछा करती रही, लेकिन वह जम्मू डिवीजन के किश्तवाड़, डोडा, कठुआ और उधमपुर जिलों के बीच अपनी जगह बदलते रहे।

# 'मेरे कोर्ट में बदतमीजी नहीं चलेगी', अंबानी का जिक्र करने पर वकील पर भड़के सीजेआई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील की बात पर इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने वकील को लगभग डांटते हुए चेतावनी दे डाली कि उनकी कोर्ट में ये बदतमीजी नहीं चलेगी। दरअसल वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा ने सीजेआई की पीठ के समक्ष कहा कि एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायपालिका के कॉलेजियम सिस्टम को चुनौती दी गई और जजों की नियुक्ति के लिए नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन को लागू करने की मांग की गई। जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी कोई याचिका रजिस्टर नहीं है। इस पर वकील नेदुम्पारा ने नाराजगी जाहिर की और कहा, 'अदाणी और अंबानी के लिए सांविधानिक पीठ गठित की जाती हैं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई ही नहीं होती।'लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, वकील की इस बात से सीजेआई नाराज हो गए।

# स्कूलों में मोबाइल बैन पर चर्चा तेज, शिवकमार बोले, अभिभावक भी बना रहे दबाव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



कर्नाटक के डिप्टी चीफ मिनिस्टर डी.के. शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य के स्कूलों में मोबाइल फोन पर रोक लगाने के मुद्दे पर चर्चा चल रही है। उन्होंने बताया कि बच्चों के माता-पिता की तरफ से भी ऐसा करने का दबाव है। मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि कई देशों ने इस तरह के कदम उठाए हैं और दुनिया भर में इस पर बात हो रही है। स्कूलों में बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मोबाइल फोन का गलत इस्तेमाल कैसे हो रहा है, यह सार्वजनिक रूप से बताना ठीक नहीं है, लेकिन इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

### डिप्टी सीएम ने झीलों की रिपोर्ट पर क्या कहा?

दलित मुख्यमंत्री की मांग पर पूछे गए सवाल पर शिवकुमार ने कहा कि मंत्री महादेवप्पा हमारे राष्ट्रीय नेता हैं और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

### क्या बोले गृह मंत्री?

वहीं कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल देना उनकी पढ़ाई पर बुरा असर डाल रहा है। उन्होंने बताया कि कई देशों ने अध्ययन के बाद स्कूलों और कॉलेजों में मोबाइल पर रोक लगाई है। मुख्यमंत्री ने भी इस मुद्दे पर चर्चा की है और फायदे-नुकसान देखने के बाद फैसला लिया जाएगा।

# लोनी में बड़ी संख्या में मोर की मौत से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



गाजियाबाद के लोनी के थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के पचायरा गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने जंगल में भारी संख्या में राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव देखे गये। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को मामले की सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि खेतों में किए गए कीटनाशक के छिड़काव के कारण मोरों की मौत हुई होगी। घटना के संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार पचायरा गांव के ग्रामीण जब सोमवार सुबह खेतों की ओर गए, तो उन्होंने वहां अलग- अलग स्थानों पर मोरों को मृत अवस्था में पाया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में खेतों में फसलों को बचाने के लिए जहरीली कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया था। संभावना जताई जा रही है कि जहरीले दाने चुगने या कीटनाशक युक्त पानी पीने की वजह से इन मोरों की जान गई है। पुलिस ने मृत मोरों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डबल इंजन सरकार में सनातन और सवर्ण समाज दोनों का अपमान हो रहा : साधु तिवारी

- यूजीसी बिल वापस हो और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महराज का उत्पीड़न बंद हो

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार सवर्ण समाज के हितों पर कुठाराघात कर रही है। यूजीसी बिल इसका जीता जागता सबूत है। भारतीय सवर्ण संघ इसके खिलाफ बड़ा जनांदोलन खड़ा करेगी। सवर्ण समाज के हितों के लिए संघ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रूप रेखा तैयार कर रही है। यह बातें भारतीय सवर्ण संघ के राष्ट्रीय महासचिव साधु तिवारी ने कही है। भारतीय सवर्ण संघ के राष्ट्रीय।सचिव साधु तिवारी ने कहा है कि भाजपा फूट डालो और राज करो कि नीति पर कार्य कर रही है। सामाजिक विभेद और सनातन का अपमान करके समाज को खंड खंड करना चाहती है। जिसका विरोध संघ लगातार करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में सनातन अथवा सवर्ण समाज दोनों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार दोषी है। आज देश में प्रतिभाओं को दबाने के लिए काले कानून जबरन राजनीतिक लाभ के लिए पास कराया जा रहा है।जबकि पूर्व में ही कई ऐसे कानून हैं कि पिछड़े और दलित की रक्षा के लिए सरकारों ने लागू किए है। जबकि उसका दुरूपयोग सवर्ण समाज को परेशान किया जाता रहा है। अब उसको विश्वविद्यालयों तक ले जाकर सवर्ण समाज के छात्रों के प्रतिभा हनन का कुचक्र रचा जा रहा है। जिसका विरोध लगातार भारतीय सवर्ण संघ करेगा।

### धर्माचार्यों के खिलाफ राजनीतिक पूर्वाग्रह बर्दाश्त नहीं

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महराज के खिलाफ़ न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज करने को सनातन का अपमान करार देते हुए सवर्ण समाज संघ के राष्ट्रीय महासचिव साधु तिवारी कहा कि यह राजनीतिक प्रेरित मामला है। सत्ता की हनक में सत्ताधीश अब धर्म के पथ प्रदर्शकों को राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर अधर्म पथ पर चल रहे हैं। जिसका परिणाम कठोर होगा। भारतीय सवर्ण संघ ऐसे किसी भी राजनीतिक रसूख के लिए धर्माचार्यों अथवा धर्मगुरुओं के खिलाफ़ षड्यंत्र को बर्दाश्त नहीं करेगा। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महराज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए साधु तिवारी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सनातन के नाम पर अपराधी चोला बदल कर अब धर्माचार्यों के खिलाफ़ साज़िश करेंगे यह सोचनीय है। जो व्यक्ति दर्जनों मामलों में आरोपित हो वह राजनीतिक कठपुतली बनकर हमारे सनातन शिखर पुरुष पर अंगुली उठाए यह बर्दाश्त के काबिल नहीं है।